दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 | रायपुर, मंगलवार 23 जनवरी 2024, | वर्ष-12 अंक- 312 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

84 सेकेंड में पूरा हुआ 500 सालों का इंतजार

अवध निहाल... जगमग ननिहाल

रघुकुल नंदन भव्य मंदिर में पधारे, मंगल ध्वनि से हुआ सत्कार

अयोध्या/नवप्रदेश। करीब 500 वर्षों तक सनातन धर्मालंबियों के धैर्य,संयम और तप की परीक्षा लेने के बाद सूर्यवंशी रघुकुल नंदन भगवान श्रीराम पौष मास की द्वादशी को अभिजीत मुहूर्त में अपने नये मंदिर में पधारे जिनका सत्कार मंगल ध्वनि और भीगी पलकों से देश दुनिया में फैले करोड़ों श्रद्धालुओं ने किया।

श्रीरामजन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर की छटा देखते ही बनती थी जब दोनों हाथों में चांदी का छत्र लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया और वैदिक आचार्य सुनील शास्त्री की अगुवाई में 121 प्रकांड विद्वानों ने उनसे संजीवनी योग में मंत्रोच्चार के बीच श्याम वर्ण रामलला की किशोरावस्था प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूर्ण कराया। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 29 मिनट से शुरु होकर 84 सेकेंड तक का था जिसके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम ने संकल्प लेकर शुरू की पूजा और आरती के बाद किया साष्टांग प्रणाम

मंदिर के गर्भगृह में मोदी पहुंचे और उन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा पूजा के लिए संकल्प लेकर आचमन और पवित्रीकरण किया। इसके बाद पूजा शुरू हुई। फिर पीएम मोदी ने अपने हाथ से कुशा और शलाका खींचा।

मंत्रोच्चार से जागृत किए गए रामलला

सुबह मंत्रोच्चार के साथ रामलला को जगाया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रों के साथ मंगलाचरण हुआ। 10 बजे से शंख समेत 50 से ज्यादा वाद्य यंत्रों की मंगल ध्वनि के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हुआ। दोपहर 12.29 बजे प्राण-प्रतिष्ठा की मुख्य विधि शुरू हुई। 84 सेकेंड में ही मूर्ति में प्राण स्थापना हो गई।

मंदिर वहीं बना है, जहां का संकल्प लिया था : योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने के संकल्प लिया था. सीएम ने कहा कि रामलला 500 साल बाद अपने मंदिर विराजे हैं. ऐसा लग रहा है मानों हम त्रेता युग में आ गए हैं. उन्होंने कहा कि इसके लिए बहुसंख्यक समाज ने संघर्ष किया और लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि आज हर घर में राम का नाम लिया जा रहा है. राम का जीवन हमें संयम सिखाता है और भारतीय समाज ने भी संयम का परिचय दिया. सीएम ने कहा कि अयोध्या धाम का भी विकास हो रहा है. एक जमाने में यह सपना था कि अयोध्या में हवाईअड्डा हो जो आज साकार हो रहा है.

नया भारत बनकर रहेगा: डा मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख डा मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अब नया भारत बनकर रहेगा। इससे बनने से कोई नहीं रोक सकता है। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का विधान पूरा हो गया है।

पीएम का व्रत स्वामी गोविंददेव ने खुलवाया

प्रधानमंत्री 12 जनवरी से 11 दिन के उपवास पर थे। श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव ने उनका व्रत खुलवाया। मोदी बतौर मुख्य यजमान हल्के पीले रंग की धोती और कुर्ता पहनकर 12 बजे मंदिर परिसर में पहुंचे। उनके हाथ में एक थाल थी, जिसमें श्रीरामलला का चांदी का छत्र था। संकल्प के साथ प्राण प्रतिष्ठा की विधि 12 बजकर 5 मिनट पर शुरू हुई, जो 1 घंटे से ज्यादा समय तक चली। प्रधानमंत्री ने भगवान की आरती कर चंवर डुलाया। मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास से कलावा बंधवाया और उनके पैर छुए। इसके बाद उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम बोले, कहा- हजार साल बाद भी लोग इस पल-तारीख की चर्चा करेंगे

अयोध्या/नवप्रदेश। पीएम मोदी ने कहा- मैं सौभाग्यशाली हूं कि अनुष्ठान के दौरान सागर से सरयू तक की यात्रा का मौका मिला। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सोमवार को जन्मभूमि मंदिर प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 35 मिनट भाषण दिया। उन्होंने कहा- सबको राम-राम। आज हमारे राम आ गए हैं। सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गए हैं। सदियों के अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, तपस्या के बाद हमारे राम आ गए हैं। इस शुभ घड़ी में समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई।

देश में दीपावली मनाई जा रही: आज गांव-गांव में कीर्तन-संकीर्तन हो रहे हैं। स्वच्छता अभियान चल रहा है। देश दीपावली बना रहा है। आज शाम घर-घर राम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राम जी से क्षमा मांगी, न्यायपालिका को शुक्रिया कहा

मैं पावन अयोध्यापुरी और सरयू को भी प्रणाम करता हूं। मैं इस समय दैवीय अनुभूति कर रहा हूं। वे दैवीय अनुभूतियां भी हमारे आसपास उपस्थित हैं, उन्हें कृतज्ञतापूर्वक नमन करता हूं। प्रभु राम से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे त्याग, तपस्या, पूजा में कोई तो कमी रह गई होगी कि इतने साल ये काम नहीं कर पाए। आज ये कमी पूरी हुई। मुझे विश्वास है कि प्रभु राम हमें अवश्य क्षमा करेंगे। भारत के संविधान की पहली प्रति में भगवान राम विराजमान हैं।

मोदी ने कहा अब टेंट नहीं दिव्य मंदिर होगा रामलला का ठिकाना

मोदी ने कहा- हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। हमारे रामलला अब दिव्य मंदिर में रहेंगे। राम मंदिर के निर्माण के बाद से देशवासियों में नया उत्साह पैदा हो रहा था। आज हमें सदियों की धरोहर मिली है, श्रीराम का मंदिर मिला है। गुलामी की मानसिकता को तोड़कर उठ खड़ा होता राष्ट्र ऐसे ही नवइतिहास का सृजन करता है। आज से हजार साल बाद भी लोग आज के इस पल, तारीख की चर्चा करेंगे। राम की कितनी बड़ी कृपा है कि हम सब इस पल को घटित होते देख रहे हैं।

121 ब्राम्हणों ने कराई पूजा साढ़े पांच लाख मंत्रों से गूंजा देश

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी रामलला के लिए चांदी का छत्र और कपड़े लेकर पहुंचे। इससे पहले 7 दिनों में अयोध्या नगरी कुल साढ़े 5 लाख मंत्रों से गूंज उठी। इस महोत्सव में होने वाली वैदिक क्रियाएं और शुभ संस्कार 16 तारीख से शुरू हो गए थे। काशी के 121 वैदिक-कर्मकांडी ब्राह्मणों ने इन मंत्रों का सिलसिलेवार ढंग से धाराप्रवाह वाचन किया। जिन धर्मग्रंथों के मंत्रों का वाचन हुआ, पहले दिन प्रायश्चित्त होम यानी पवित्रीकरण की क्रिया हुई। इसके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने मंदिर बनाने वाले मजदूरों पर फूल बरसाए

पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर बनाने वाले मजदूरों पर फूलों की वर्षा की। ये मजदूर मंदिर बनाने वाली अलग-अलग कंपनियों के हैं। इन्होंने दिन रात मेहनत कर तय समय पर मंदिर का निर्माण किया। कुबेर टीला पर मोदी ने जटायू की मूर्ति का अनावरण कर फूल चढ़ाए। अयोध्या में स्थित कुबेर टीला पर एक प्राचीन शिव मंदिर है। श्री राम मंदिर के निर्माण के साथ साथ श्रीराम भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस मंदिर का भी पुनरुद्धार करवाया है। मान्यता है कि यहां धन के देवता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अनुष्ठान, कब क्या हुआ

प्रायश्चित, पूजा, सरयू स्नान

इस दिन प्राण-प्रतिष्ठा में पूजा करने वाले यजमान ने प्रायश्चित्त किया और सरयू नदी में स्नान किया। पवित्रीकरण की क्रिया के बाद विष्णु पूजा के बाद प्रायश्चित के तौर पर गोदान किया। इसके बाद जहां मूर्ति निर्माण हुआ उस जगह पर कर्मकुटी होम किया। इस दिन वाल्मीकि रामायण व भुशुण्डिरामायण पाठ की भी शुरुआत हुई।

जलयात्रा, कुमारी और सुवासिनी पूजन

इस दिन जलयात्रा के साथ ब्राह्मण-बटुक- कुमारी-सुवासिनी पूजन हुआ। बटुक यानी बच्चे, कुमारी यानी दस साल से कम उम्र की बच्चियां और सुवासिनी यानी सुहागन महिलाओं की पूजा हुई। फिर कलश पूजन हुआ और कलश यात्रा हुई। इस दिन रामलला मूर्ति की शोभायात्रा हुई और आनंद रामायण का पाठ शुरू हुआ।

स्थल, गौरी- गणेश मंडलों की पूजा

इस दिन रामलला जहां विराजमान होंगे उस जगह की पूजा भी की गई। इसके बाद तीर्थ पूजन हुआ। जिसमें गणेश-अंबिका और मंडलों की पूजा हुई। मंडप प्रवेश, यज्ञभूमि और वास्तुपूजन समेत अनुष्ठान में शामिल सभी जरूरी पूजा-पाठ हुए। इसके बाद मूर्ति का जलाधिवास, गन्धादिवास, पूजन और आरती हुई। जलाधिवास में मूर्ति को पानी और गंधादिवास में कई तरह की सुगंधित चीजों में रखा जाता है।

औषधाधिवास, केसराधिवास भी

औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और धान्याधिवास हुए। औषधाधिवास में मूर्ति को औषधियों में रखा जाता है। केसराधिवास यानी केसर में, घृताधिवास यानी मूर्ति को घी में और धान्याधिवास का मतलब मूर्ति को कई तरह के अनाजों में रखा जाता है। माना जाता है कि गढ़ाई के वक्त मूर्ति पर चोट होने पर लगने वाले दोष और अशुद्धियां इन अनुष्ठानों से दूर हो जाती हैं। इस दिन अरणि से प्रकट अग्नि की नवकुंडों में स्थापना हुई, फिर हवन, वेदपारायण, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

आईएनडीआईए के शिल्पकार नीतीश कुमार क्या एक बार फिर पलटी मारकर एनडीए का हिस्सा बनने जा रहे हैं? यदि यह सवाल उठ रहा है। तो इसमें हैरत की कोई बात नहीं है। जिस नए गठबंधन को उन्होंने कड़ी मेहनत से आकार दिया। उसमें उन्हें हासिए पर डाल दिया गया। ऐसी स्थिति में नीतीश कुमार का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। यह तो मेहनत करे मुर्गा अंडा खाए फकीर वाली बात हो गई है। अपनी उपेक्षा से नाराज नीतीश बाबू लौट के बुद्धू घर को आए की तर्ज पर आईएनडीआईए से अपना पिंड छुड़ाकर फिर से एनडीए का दामन थाम ले तो आश्चर्य नहीं होगा।

राम के द्वार... **सीएम साय ने शिवरीनारायण में की पूजा-अर्चना और किए रामलला के साक्षात दर्शन**

सीएम साय ने शिवरीनारायण में देखा प्राणप्रतिष्ठा समारोह

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय सोमवार को पवित्र शिवरीनारायण धाम पहुंचे। जहां उन्होंने श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम वर्चुअली देखा, इस मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, सांसद गुहाराम अजगले सहित रामभक्त मौजूद थे।

शिवरीनारायण की पावन भूमि के बारे में अक्सर लोग सुनते हैं और यहां पर दर्शन करने भी पहुंचते हैं। लेकिन क्या किसी को इस धाम की आस्था के पीछे की कहानी के बारे में पता है। इस जगह का नाम शिवरीनारायण क्यों रखा गया और श्री राम का इस जगह से क्या नाता है ?

यहां हुआ था प्रभु राम और शबरी का मिलनः शिवरीनारायण को गुप्त प्रयाग कहा जाता है। क्योंकि यहां तीन नदियों का संगम होता है। महानदी, शिवनाथ और जोक नदी बहती हुई जाती है। दरअसल, श्री राम ने 14 साल वनवास काल में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा : लोरमी में भव्य आयोजन, डिप्टी सीएम साव पहुंचे

लोरमी/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम अरुण साव सोमवार को लोरमी दौरे पर थे। सीएम साय भगवान श्री राम के नवनिर्मित मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 5 हजार स्क्वायर फीट में 5 हजार किलो बेर से श्रीराम की अनोखी रंगोली बनाई है।

छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम जी का ननिहाल माना जाता है। वहीं अयोध्या में पीएम मोदी के द्वारा भगवान श्री राम जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसको लेकर छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के लोरमी में भी काफी उत्साह देखा है। पूरे प्रदेश भर में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रायपुर, मंगलवार, 23 जनवरी 2024

रोम रोम में बसने वाले राम...
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

राम भक्ति से सराबोर बॉलीवुड

500 साल के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हुए. पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है. हर कोई राममय हो चुका है. प्रभु श्रीराम की भक्ति में देश-विदेश के लोग रमे हैं. राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में एंटरटेनमेंट जगत के सितारों ने भी शिरकत की.

500 साल के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हुए. पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है. हर कोई राममय हो चुका है. प्रभु श्रीराम की भक्ति में देश-विदेश के लोग रमे हैं. राम की जन्मभूमि अयोध्या नगरी को हजारों क्विंटल फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया है. चारों ओर उत्सव जैसा माहौल है. राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में एंटरटेनमेंट जगत के सितारों ने भी शिरकत की. सबके चेहरे पर रामलला के आगमन का उत्साह नजर आया.

सचिन से लेकर विराट पहुंचे राम मंदिर

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू होने में अब महज कुछ ही घंटो का समय रह गया है, ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों का अयोध्या पहुंचने का सिलसिला जारी है। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर से लेकर विराट कोहली तक अभी तक कई खिलाड़ी रामलला के दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं। वहीं कुछ खिलाड़ी ऐसे में भी हैं जिनका आना बाकी है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के लिए 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से लेकर 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड (12:29:08-12:30:32) का मुहूर्त चुना गया है।

अयोध्या पहुंचे बिग-बी

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन अयोध्या पहुंच गए हैं. उनके साथ बेटे अभिषेक को भी स्पॉट किया गया. दोनों राम भक्ति में रमे नजर आए. फैंस ने अमिताभ-अभिषेक के स्वागत में जय श्री राम के नारे लगाए. दोनों राम नाम की चूनर ओढ़कर अयोध्या पहुंचे. एक फोटो सामने आई है जिसमें अमिताभ बच्चन को अनिल अंबानी संग देखा गया.

राम आगमन पर खुशी से झूमीं हेमा

अयोध्या में भगवान राम विराजमान हो चुके हैं. इस खास पल को कंगना रनौत ने खुशी से मनाया. राम के सालों बाद अयोध्या लौटने पर कंगना ने जय श्री राम के नारे लगाए. वो हर्षोउल्लास दिखाते हुए मंदिर परिसर में झूमीं. हेमा मालिनी भी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद खुशी से झूमती हुई नजर आईं.

अयोध्या पहुंचे रजनीकांत-रामचरण

अयोध्या में बस कुछ पल का इंतजार और फिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू होगा. इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए बॉलीवुड ही नहीं साउथ के बड़े नाम भी शामिल हुए हैं. राम चरण और थलाइवा रजनीकांत की भी फोटो सामने आई है. रजनीकांत का सिंपल लुक दिखा. वो कुर्ता पायजामा के साथ शॉल ओढ़े नजर आए.

अनुराधा पौडवाल ने गाया राम भजन

अनुराधा पौडवाल ने अयोध्या के राम मंदिर परिसर में राम भजन गाया. उनकी गायकी सुनकर वहां मौजूद सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए. हर कोई राममय हुआ.

राम लला के दर्शन के लिए पहुंची कंगना

एक्ट्रेस कंगना रनौत अयोध्या में हैं. उन्होंने राम मंदिर के बाहर से अपनी तस्वीरें शेयर की हैं. साड़ी में सजी धजी कंगना का ट्रैडिशनल लुक देखने को मिला. उन्होंने राम मंदिर के बाहर की खूबसूरत झलक दिखाई. मंदिर को फूलों से सजाया गया है. ये भव्य नजारा देखना वाकई में अद्भुत है.

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इमोशनल हुए 'टीवी के राम-सीता'

नई दिल्ली। 22 जनवरी का दिन राम भक्तों के लिए खास है. अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है. देशभर के लोग राम मंदिर जा रहे हैं. टीवी शो रामायण के राम-सीता यानी अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया भी अयोध्या जाएंगे. इससे पहले दोनों एक्टर्स ने लखनऊ में साहित्य आजतक कार्यक्रम में शिरकत की. यहां अरुण और दीपिका ने अपने शो रामायण, राम-सीता का रोल करने पर मिली पॉपुलैरिटी, अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने पर रिएक्ट किया है. जानते हैं उन्होंने क्या-क्या कहा...

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्या भावनाएं हैं?

अरुण गोविल ने कहा- कभी कभी लगने लगता है ये सब क्या हो रहा है. कुछ बातें समझ नहीं आ रही हैं. सोचा नहीं था ये इस तरह से होगा. इतनी ऊर्जा होगी देश में राम के प्रति, एकजुटता होगी, ये नहीं मालूम था. हमने राम मंदिर के लिए संघर्ष किया. लाखों लोगों ने बलिदान दिए. आज वो पल आया है कैसे इस पल को जिया जाए समझ नहीं आता. सब कुछ नाकाफी लगता है. ये एहसास काफी बड़ा है. मन कहता है क्या बात है.

दीपिका बोलीं- ये पल होगा सोचा था. लेकिन ये नहीं पता था ये पल हम देख पाएंगे. हम इस ऐतिहासिक दिन के साथ खुद को कनेक्ट कर पाएंगे सोचा नहीं था. शुरू से मैं राममय रही हूं. इतनी जल्दी इसका परिणाम आएगा वो सोचा नहीं था. देश विदेश राममय हो चुका है.

रामायण करने के बाद लगता है राम के किरदार से बाहर नहीं निकल पाए?

अरुण बोले- कौन निकलना चाहता है इस किरदार से बाहर. रामजी ने इतना दिया है. मेरे शरीर की धरती, मन की धरती राममय रही होगी. कुछ तो ऐसा रहा होगा जो राम की शक्ति मेरे मन की ऊर्जा में समाई. इतना प्यार और सम्मान किसी को मिले तो उसे क्या चाहिए. जब रामायण मिली उससे पहले अच्छी कमर्शियल फिल्में कर रहा था. लेकिन मेरे मन में आता था राम का रोल करना चाहिए और मैंने किया. अगर मैं 200-400 फिल्में भी करता तो क्या वो मिलता जो आज मिल रहा है. 37 साल बाद लोग एक्टर को भूल जाते हैं. मुझे इससे बाहर निकलने की कोई गरज नहीं है. 22 जनवरी को वो पल आ रहा है, वो सबसे बड़ा पल होगा जिंदगी का. विश्व में सनातन धर्म को मानने वाले राममय हो चुके हैं. विदेश के लोगों को समझ आ रहा है राम क्या है. लगता है इसी पल को जीते रहे.

कभी नहीं करने थे ग्लैमरस रोल- दीपिका

मुझे कभी ग्लैमरस रोल नहीं करने थे. पहली फिल्म के बाद मैं इंडस्ट्री में नहीं रहना चाहता थी. मैं फ्लॉप थी. तब मैं 10वीं में थी 15 साल की थी. मैंने भगवान से कहा कि मुझे कुछ ऐसा काम दो कि लोग इज्जत दे. नहीं चाहती थी लोग मेरे पीछे चलने वाले लोग मुझे देखकर सीटी बजाएं. प्रभु की कृपा रही रामायण मिली. राम जी ने मेरी बात सुनी.

अक्षरा सिंह ने लगाए जय श्री राम के नारे, बोलीं- भगवान के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए

नई दिल्ली। साहित्य आजतक 2024, लखनऊ के दूसरे दिन भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने शिरकत की. उन्होंने अपनी गायिकी से वहां मौजूद ऑडियंस को मंत्रमुग्ध किया. अक्षरा ने प्रभु श्रीराम को समर्पित कई गाने गाए. एक्ट्रेस ने भगवान राम को बिहार वालों का जीजा बताया.

लखनऊ से अक्षरा का पुराना नाता

इवेंट में अक्षरा ने बताया कि लखनऊ से उनका पुराना नाता रहा है. अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वो एक्साटेड हैं. उन्होंने कहा कि कल का दिन ऐतिहासक होने वाला है. एक्ट्रेस ने जय श्री राम के नारे लगाए. अक्षरा ने अपना परिचय देते हुए कहा- एक छोटी सी कलाकार जो कि पटना शहर से है. कहते हैं अगर साहित्य की बात की जाए तो कईयों को पता नहीं होगा प्राचीन साहित्य की लिस्ट में सबसे पहले नाट्य शास्त्र आता है. इसको ज्यादा प्रमुखता दी गई है.

जब मिलीं उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा तो लिपटकर खूब रोईं राम मंदिर आंदोलन की दोनों नायिकाएं

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करोड़ों भक्तों के लिए उनका सदियों पुराना सपना साकार होने जैसा है। जिसने राममंदिर के लिए अपना खून और पसीना बहाया है, उसके लिए इस पल का कोई मूल्य नहीं है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान राम मंदिर आंदोलन की दो नायिकाएं जब मिलीं तो उनके आंसुओं ने संघर्ष की यह पूरी कहानी बयां कर दी। भाजपा नेता उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा राम मंदिर के सामने एक दूसरे से मिलीं तो लिपटकर खूब रोईं। उनकी तस्वीर लोगों को भाव विह्वल कर रही हैं। कहा जाता है कि एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। लेकिन यह एक तस्वीर राम मंदिर आंदोलन, भक्तों की कुर्बानी, आंक्रांताओं का अत्याचार और अपने राम को घर दिलाने के लिए तपस्या करने वाले साधु-संतों की पूरी कहानी कहने लगी।

न्यूज गैलरी

नक्सलियों ने 23 को बस्तर और सरगुजा संभाग बंद करने फेंके पर्चे

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सलियों ने 23 जनवरी को छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा संभाग में बंद का आह्वान किया है। बस्तर के बीजापुर जिले में क्रॉस फायरिंग में मासूम की मौत, हसदेव में जंगल कटाई और राम मंदिर का इस्तेमाल चुनाव में करने के विरोध में नक्सलियों ने बस्तर और सरगुजा संभाग बंद आह्वान किया है। नक्सली लीडर मंगली ने प्रेस नोट जारी कर राज्य और केंद्र सरकारों पर भी कई आरोप लगाए हैं। उत्तर सब जोनल ब्यूरो की प्रवक्ता और हार्डकोर नक्सली मंगली के प्रेस नोट में लिखा है कि, 1 जनवरी 2024 को मुदवेंडी गांव में पुलिस ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। पुलिस की गोली लगने से ही 6 माह की मासूम की मौत हुई है। लेकिन पुलिस इसे क्रॉस फायरिंग बता रही है। बच्ची को न्याय दिलाने की मांग को लेकर लगातारा गांव वाले आंदोलन कर रहे हैं।

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। कैलाश नगर बीरगांव में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी कृष्णा पांडे 19 वर्ष कैलाश नगर बीरगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी जीतू साहू अपने दोस्त के साथ प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो पक्ष आपस में भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम जरौद में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। पहले पक्ष से ग्राम जरौद निवासी संजय साहू 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी उदयराम साहू अपने दो साथियों के साथ मिलकर पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी उदयराम साहू 19 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी संजय साहू अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला पुलिस ने सिंघानिया चौक के पास अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सिंघानिया चौक के पास एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी गणेश पारधी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। उरला पुलिस ने कैलाश नगर में चाकू लहराते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली कि कैलाश नगर में एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी हरीश साहू 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई की है।

स्कूल जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के आमानाका इलाके में एक स्कूल की जमीन को लेकर उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर झड़प हो गई। वहीं एक पक्ष की महिला ने दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। रायपुर में गोविंद नगर इलाके के रहने वाले रविंदर सिंह रोटरी क्लब रायपुर कास्मो पालिटन के अध्यक्ष हैं. महोबा बाजार के श्रीराम चौक पर रोटरी क्लब ट्रस्ट की जमीन पर कृष्णा किड्स एकेडमी स्कूल संचालित हो रहा है. यह जमीन 2018 में रोटरी क्लब की ओर स्कूल संचालित करने के लिए प्रगति वाजपेयी और उनके पति मोहित वाजपेयी को दी गई थी. यह केवल 5 साल के लिए दिया गया था. किराएदारी की अवधि खत्म हो चुकी थी।

वर्षों के संघर्ष, प्रतीक्षा और तपस्या का सुखद परिणाम है प्राण प्रतिष्ठा : वित्त मंत्री चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ने रायगढ़ में प्रभु श्री राम के दर्शन कर देश एवं प्रदेश के खुशहाली की कामना कीत्र वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिले के गांधी गंज स्थित श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम के दर्शन-पूजन कर सर्वमंगल की कामना की और इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया । वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा है की वर्षों के संघर्ष, प्रतीक्षा और तपस्या के उपरांत आज हमारे प्रभु श्री राम विराजमान हुए हैं। आज का यह ऐतिहासिक दिवस छत्तीसगढ़, भारत ही नहीं अपितु सनातन परंपरा में आस्था रखने वाले पूरी दुनिया के लोगों के लिए गौरव और भावुक कर देने वाला दिन है। श्री चौधरी ने कहा कि यह केवल अयोध्या के श्री राम मंदिर का ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की प्राण प्रतिष्ठा है।

डिप्टी सीएम साव और वित्त मंत्री चौधरी ने की विभागीय बजट की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव की उपस्थिति में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व नगरीय प्रशासन विभाग के बजट सत्र को लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा एवं समीक्षा बैठक की। श्री चौधरी एवं श्री साव ने बैठक में महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में नगरीय निकायों के अधोसंरचना, स्मार्ट सिटी रायपुर- बिलासपुर, राजकीय राजमार्गों के निर्माण व रखरखाव एवं अमृत मिशन जैसी विभिन्न योजनाओं के बजट तथा अनुदान को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान जल की गुणवत्ता की ऑनलाइन मॉनिटरिंग, जल जीवन मिशन डैश बोर्ड एवं राज्य पोर्टल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त हुए। श्री चौधरी एवं श्री साव ने विभागों के बजट की समीक्षा एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

राम भक्ति में रंगा छत्तीसगढ़, दिवाली सा माहौल

रायपुर/नवप्रदेश। पांच सौ वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद सोमवार को प्रभु श्रीराम के भक्तों का सपना साकार हो रहा है। अयोध्या में सोमवार को श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, जिसके लिए जिले भर में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

हर घर-दुकान में जहां दीपमाला की जाएगी, वहीं शहर के सभी मंदिरों व बाजारों को मनमोहक अंदाज में सजाया गया है। दीवाली जैसा माहौल राज्य के पूरे शहर में होगा व जिला राम रंग में रंगा नजर आ रहा है। हर गली मोहल्ले को भगवान राम के झंडों से सजाया गया है। मंदिरों में फूलों की मनमोहक सजावट की गई है। मंदिरों में श्री रामोत्सव पर विशेष कार्यक्रम जैसे श्री रामचरित्र मानस के पाठ, सुंदरकांड के पाठ, श्री हनुमान चालीसा का पाठ, रामायण का पाठ व कीर्तन इत्यादि किए जाएंगे। रायपुर के वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर, नवा रायपुर, बिलासपुर, रतनपुर, राजिम, अम्बिकापुर, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई, बालोद,धमतरी, गरियाबंद, जगदलपुर, कांकेर कबीरधाम, चारामा, चिरमिरी जांजगीर-चापा जैसे तमाम शहरों को सजाया गया है।

रायपुर स्मार्ट सिटी का हाई टेक कमांड सेंटर दक्ष हुआ राममय

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को ऐतिहासिक पल बनाते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लि. की एकीकृत यातायात प्रबंधन की हाई टेक प्रणाली दक्ष से जुड़े टीवी स्क्रीन और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम से भगवान राम के भजन और राम धुन का प्रसारण शुरू हो गया है रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा आई टी एम एस के कमांड सेंटर से जुड़े 16 वी एमएस स्क्रीन, 20 बिलबोर्ड्स और 44 पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम पर यह प्रसारण किया जा रहा है । इसके अलावा शहर के भीतर विज्ञापन हेतु लगे बड़े एल ई डी स्क्रीन पर भी जगह जगह प्रसारण की व्यवस्था कर इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाया जा रहा है ।

बस स्टैंड पार्किंग की जिम्मेदारी महिला समूह को

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के अंतर्राज्यीय बसस्टैंड में पार्किंग शुल्क के नाम पर होने वाली अवैध वसूली एवं गुंडागर्दी से आम लोगों को राहत मिलेगी, क्योंकि पार्किंग की जिम्मेदारी एक महिला समूह को दी गई है। यह समूह दिन में दो शिफ्ट में ड्यूटी करेगी, वहीं रात में महिला समूह के परिवार के पुरुष सदस्य ड्यूटी करेंगे। महिला समूह की ड्यूटी लगाने के साथ पार्किंग शुल्क में भी आम लोगों को राहत दी गई है। सवारी छोड़ने आने जाने वाले वाहन चालकों से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। इस तरह महिला समूह को पार्किंग की जिम्मेदारी मिलने से लोगों में भी खुशी देखी जा रही है। नगर निगम प्रशासन ने पार्किंग का ठेका फिलहाल आदर्शनगर मठपारा के महिला समूह शारदेय स्वसहायता समूह को दिया है। इस समूह में अध्यक्ष सहित 15 महिला सदस्य है। महिला को ट्रॉयल के रूप में शुक्रवार को बसस्टैंड पार्किंग की जिम्मेदारी संभालने दिया गया है। इस दौरान महिलाओं को पार्किंग शुल्क लेने का प्रशिक्षण भी दिया गया। हालांकि महिला समूह को पार्किंग का ठेका दिया गया है या फिर निर्धारित वेतन आधार पर रखा गया है,

इसकी जानकारी समूह की महिलाएं भी नहीं दे पा रही है। नगर निगम के अधिकारिक सूत्र के अनुसार महिला समूह को फिलहाल ट्रॉयल के रूप में पार्किंग शुल्क वसूली का ठेका दिया गया है। समूह को 12 घंटे, 24 घंटे के हिसाब से कितना पार्किंग शुल्क लिया जाना है, पर्ची कैसे काटनी है, इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं की दो शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाएगी।

'राममय छत्तीसगढ़' का विमोचन पर्यटन मंत्री बृजमोहन ने किया

रायपुर/नवप्रदेश। 'राममय छत्तीसगढ़' नामक ग्रंथ का विमोचन रविवार को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्री बृजमोहन अग्रवाल संस्कृति मंत्री ने आम आदमी इस उत्सव में शामिल हो तभी सार्थकता होगी जिसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। अध्यक्षता कर रहे श्री पुरंदर मिश्र ने छत्तीसगढ़ के राम विरासत पर अभी बहुत काम किया जाना है कहा। श्री लक्ष्मी शंकर निगम इतिहास कार ने छत्तीसगढ़ में राम के पुरातत्विक विषय पर व्याख्यान दिया। संपादक मंडल के अरविन्द मिश्र भारतीय सांस्कृतिक निधि के राज्य संयोजक तथा वरिष्ठ साहित्यकार ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इस पुस्तक को एकेडमिक बनाने के लिए विद्वान लेखको की रचनाओ को सम्मिलित किया गया बताया।श्री आशीष सिंह ने आधार व्यक्तव्य दिया। राम पटवा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रायपुर एवं अन्य स्थानों से अनेक प्रबुद्ध नागरिक सम्मिलित हुए। रायकवार अशोक तिवारी, शर्मा रिटायर्ड जज, आनंद वर्गीस, अमलेनदु हाजरा, सुनील बघेल, शेषनारायण, रमेश, शैलेन्द्र, भारती विभा,जाधवजी आगत, उपमन्यु, अनुनय, रत्ना पांडे, संजय शर्मा डॉ आलोक शुक्ला आदि सम्मिलित हुए।

भारतीय जीवन बीमा निगम ने पेश की नयी योजना

एलआईसी की जीवन धारा ॥ (योजना 872)

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ मोहंती ने एक नयी योजना लॉन्च की, एलआईसी की जीवन धारा ॥, जो 22.01.2024 से बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। एलआईसी का जीवन धारा-1। एक व्यक्तिगत, बचत, आस्थगित वार्षिकी योजना है। विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) एलआईसी की जीवन धारा-11 के लिए यूआईएन है: 512:364V01 वार्षिकीग्राही / प्राथमिक / माध्यमिक के लिए प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 20 वर्ष (अंतिम जन्मदिन) है। वार्षिकीधारक और चुने गए वार्षिकी विकल्प के आधार पर प्रवेश पर अधिकतम आयु 80, 70, 65 वर्ष है, जिसमें से स्थगन अवधि घटा दी गई है। संभावित पॉलिसीधारक वार्षिकी की गारंटी शुरुआत से ही दी जाती है और 11 वार्षिकी विकल्प उपलब्ध हैं। अधिक उम्र में वार्षिकी दरें अधिक होती हैं।

जीवन कवर आस्थगन अवधि के दौरान उपलब्ध है। इनमें से चुनने का विकल्प है: नियमित प्रीमियम और एकल प्रीमियम । एकल जीवन वार्षिकी और संयुक्त जीवन वार्षिकी। उपलब्ध स्थगन अवधि 5 वर्ष से 15 वर्ष तक (नियमित प्रीमियम के मामले में) और 1 वर्ष से 15 वर्ष तक (एकल प्रीमियम के मामले में), अर्थात अपनी आवश्यकताओं के अनुसार वार्षिकी भुगतान शुरू करने के लिए। वार्षिकी भुगतान का तरीका (वार्षिक, अर्ध-वार्षिक, त्रैमासिक और मासिक) । एक बार चुने गए वार्षिकी विकल्प को बदला नहीं जा सकता। निगम के मौजूदा पॉलिसीधारकों / नामित / लाभार्थी के लिए वार्षिकी दर में वृद्धि के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री के लिए उच्च प्रीमियम / खरीद मूल्य / प्रोत्साहन है। पॉलिसी के अंतर्गत वार्षिकी (टॉप-अप वार्षिकी) बढ़ाने का विकल्प है एकल प्रीमियम के रूप में और अवधि के दौरान किसी भी समय अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान द्वारा, केवल स्थगन अवधि और जब पॉलिसी लागू हो।

व्यापारिक प्रतिष्ठान के आसपास गंदगी रही तो मालिक पर लगेगा जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान में जुटी नगर निगम की टीम को आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और लोक निर्माण की सड़कों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दें । उन्होंने यह भी कहा है है कि शहर को साफरखने की सामूहिक जिम्मेदारी में आम नागरिकों की सहभागिता बढ़ाई जाये॥अब किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान या परिसर में गंदगी मिली तो मालिकों को जुर्माना देना होगा। साफसफाई गतिविधियों का सुबह निरीक्षण पर निकले श्री मिश्रा ने कहा है कि सड़कें और उसपर बनी नालियां साफ रखी जाए । व्यापारिक परिसरों के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने जोन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शहर को साफ रखने की हर गतिविधि में जनभागीदारी बढ़ाएँ। उन्होंने कहा है कि जिन व्यापारिक परिसरों में गंदगी पाई जाएगी वहाँ अब उनकी भी ज़िम्मेदारी तय कर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

छत्तीसगढ़ में ठंड का कहर,11 जिलों के लिए येलो अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इन दिनों हल्की बारिश के साथ कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। शीतलहरी और कोहरे के डबल अटैक से आम जनजीवन प्रभावित है। ट्रेनों और फ्लाइट्स की रफ्तार भी धीमी हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार और सोमवार को भी शीतलहर और कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। रायपुर मौसम विभाग की माने तो अगले 48 घंटो के दौरान 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है, उसके बाद कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में सबसे अधिकतम तापमान दंतेवाड़ा 29.2ए चड्ढ्य, सबसे कम तापमान 7.1एबलरामपुर में दर्ज किया गया। वहीं, आज राजधानी रायपुर में आकाश आंशिक मेघमय रहने तथा एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 26°c और 17 के आसपास रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने जिन जिलों के लिए येलो अलर्ट किया है उनमें रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, रायपुर, गरियाबंद, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी शामिल है। इन जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही इन जिलों में कड़की की ठंड का सामना भी लोगों को करना पड़ सकता है। मौसम एजेंसी स्काई मेट वेदर के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ के कुछ हिस्सों, गंगीय पश्चिम बंगाल और केरल में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। तमिलनाडु और लक्षद्वीप में और अरुणाचल प्रदेश में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश संभव है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों, पूर्वी मध्य प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के कई हिस्सों में शीत दिवस से लेकर गंभीर शीत दिवस की स्थिति बन सकती है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में सुबह और रात के दौरान घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में शीत लहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति हो सकती है।

'द ग्रेट इंडिया स्कूल हुआ राममय'

रायपुर/नवप्रदेश। द ग्रेट इंडिया स्कूल में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस पावन दिन पर समस्त विद्यार्थियों में सुबह से बहुत उत्साह व उमंग भरा हुआ रहा, हॉस्टल के सभी विद्यार्थियों ने पूरे विद्यालय परिसर में भगवान राम के झंडे लगाए, इसके साथ ही साथ माननीय प्रधानमंत्री जी के देश के समस्त मंदिरों में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान से प्रेरणा लेते हुये, स्कूल के समस्त छात्रा-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में स्थित ? श्री सनातन अष्टदेवालय की सफाई किए। उसके पश्चात अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सभी विद्यार्थियों ने सीधा प्रसारण से जुड़े व इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। साथ ही संध्या समय विद्यालय परिसर में सुंदरकांड का आयोजन हुआ एवं समस्त विद्यार्थियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, तत्पश्चात भगवान राम की आरती हुई जिसमें 2100 नग लड्डू भगवान के प्रसाद में चढ़ाया गया। इस पावन अवसर पर संस्था प्रमुख आचार्य श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने इस ऐतिहासिक दिन के लिए सभी को शुभकामनाएं दिये एवं समस्त विद्यार्थियों से कहा की हम सभी को भगवान श्रीराम जी के गुणों से सीख लेनी चाहिए और सदैव माता-पिता व अपने से बड़ों का आदर करते हुये उनके आज्ञा का पालन करना चाहिए, तभी हम अपने जीवन में कामयाब हो पायेंगे।

संपादकीय

आर्यावर्त में सनातन का सूर्योदय

पांच सदियों की प्रतीक्षा के बाद अंततः भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। इसी के साथ आर्यावर्त में सनातन का सूर्योदय हो गया। पूरी अयोध्या राममय हो गई थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अयोध्या में फिर से त्रेता युग आ गया है। पूरा अयोजन अद्भुत, अविस्मरणीय और अलौकिक रहा। दोपहर 12 बजकर 29 मिनट और सेकंड से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट और 32 सेकंड तक के शुभ मुहूर्त में विधिविधान पूर्वक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 दिनों तक व्रत रखा और दक्षिण भारत के विभिन्न मंदिरों में जाकर अनुष्ठान किया। प्रधानमंत्री ने श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद वहां उपस्थित साधु संतों के कर कमलों द्वारा प्रसाद के रूप में खीर खाकर अपना व्रत तोड़ा। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कहा कि अब काल चक्र फिर बदलेगा और भारत में रामराज्य की स्थापना होगी। भारत अब गुलामी मानसिकता से बाहर आ गया है। भगवान राम कण कण में विद्यमान हैं। अब हम सबको यशस्वी भारत बनाने का संकल्प लेना है । उन्होंने कहा कि यह अवसर विजय का नहीं बल्कि विनय का है और हमें विनयपूर्वक अपने भारत को एक सामर्थ्यवान देश बनाने का प्रण लेना है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का पूरा देश साक्षी बना है। निश्चित रूप हम वह सौभाग्शाली पीढ़ी जिन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनने का सौभाग्य मिला है। न सिर्फ अयोध्या में बल्कि देश के कोने कोने में और यहां तक की दुनिया के अनेक देशों में आज श्रीराम के जयकारे गूंजे ऐसा प्रतित हुआ मानो पूरी दुनिया ही राम की भक्ति में लीन हो गई हो। पांच सौ साल के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में राम विराजे हैं। जो इतिहास में स्वर्णीण अक्षरों में अंकित होने वाली घटना है। यह पहला अवसर रहा जब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान देश की तमाम प्रमुख हस्तियां एकत्रित हुई और संत महात्माओं का जमावड़ा लगा। सभी संतों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का बहुप्रतीक्षित सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद प्रदान किया। अयोध्या में बहुत ही कम समय में इतना भव्य मंदिर निर्माण कराने में अग्रणीय भूमिका निभाने वाले उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी संतों ने अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अपने उद्धबोधन में योगी आदित्यनाथ ने तो यह घोषण ही कर दी कि अब रामराज्य की स्थापना हो गयी है और भारत अब विश्व गुरू की भूमिका में जल्द ही आ जाएगा। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने उन कारसेवकों का भी पुण्य स्मरण किया। जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। निश्चित रूप से आज वे स्वर्ग से पुष्प वर्षा कर रहे होगें। क्योंकि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया और अयोध्या में रामलला टेंट से बाहर निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हो गए। पूरा देश आज हर्षित है और भगवान श्रीराम से यही प्रार्थना कर रहा है कि इस देश पर उनकी कृपा दृष्टि बनी रहे और भारत प्रगति के नित नए सोपान तय करता जाए। इसी आशा और विश्वास को लिए देशवासियों ने आज अपने अपने घरों में राम ज्योति जलाकर बड़ी दीपावली मनाई लोगों की खुशी और उल्लास का कोई ठिकाना ही नहीं था। ऐसा लग रहा था मानो देश का हर शहर कस्बा और गांव अयोध्या बन गया हो। बहुत ही अद्भुत यह क्षण था जो हमेशा के लिए हम सबके मानस पटल पर अंकित होकर रह गया है। भगवान श्रीराम की कृपा बनी रही तो वह दिन अब दूर नहीं दिखता जब भारत में सही अर्थों में रामराज्य आ जाएगा और भारत आने वाले समय में विश्वगुरू की भूमिका में नजर आएगा। बहरहाल सदियों की तपस्या सफलीभूत होने पर समस्त देशवासियों को कोटि कोटि बधाई।

कुछ कुछ :- जय जय श्री राम

रामलाल के दर्शन में सब
बैठे तैयार,
पूरे देश में जश्न बनेगा
जैसे हो त्यौहार।

पतंगों की तरह प्राण दिए,
नहीं किया प्रतिकार।
श्री राम के आदर्श पर,
चलना किया स्वीकार।

सतत प्रयास करते रहे,
पाच सौ वर्षों तक किया
सभी ने इंतजार।
अपने आराध्य के लिए
प्राण दिए,
मरना था स्वीकार।

न्यायपालिका का भी,
किया समुचित सम्मान।
सब की भावना का भी,
रखा बराबर ध्यान।

ना ही किसी को सजा दी,
ना ही किसी का किया
अपमान।
जाति धर्म का भेद मिटे,
सदा रखा यह ध्यान।

सभी करें नेक हर काम,
सबके मन में बसे श्री राम

सर्वे भवंतु सुखिन;
यही है सनातन की पहचान।

सहनशीलता और संयम का,
किया सभी ने बखान।

धर्म और आस्था के कारण,
दे दी अपनी जान।

सत्यमेव जयते का नारा,
आज हुआ साकार।
चारों ओर गूंज रहा,
जय जय जय श्री राम।

–शिवशंकर गुप्ता

नये युग की शुरुआत

योगेश मिश्रा

जन्म हमार सुफल भा आजू ।

आज हर भारतीय के मन में मानस की यह चौपाई उमड़ घुमड़ रही होगी। याद आ रही होगी। हर भारतीय इसलिए क्योंकि राम किसी धर्म, किसी संप्रदाय के नहीं हैं। राम केवल संज्ञा नही हैं। राम विशेषण हैं। ऐसे विशेषण जो सरहदों की सीमाओं में नहीं बंध सकता। ऐसे विशेषण जो धर्म की सीमाओं से परे है। असीम है। क्योंकि केवल सनातनियों ने ही नहीं, ग़ैर सनातनियों ने भी राम के विशेषण को मान्यता दी है।

अल्लामा इकबाल ने कहा था कि, 'राम के वजूद पे है हिन्दोस्तां को नाज।' इस इमामे हिन्द पर शायर सागर निजामी ने लिखा, ÷दिल का त्यागी, रूह का रसिया, खुद राजा, खुद प्रजा। मुगल सरदार रहीम और युवराज दारा शिकोह तो राम के मुरीद थे ही। राममनोहर लोहिया ने कहा था कि राम का असर करोड़ों लोगों के दिमाग पर इसलिये नहीं है कि वे धर्म से जुड़े हैं, बल्कि इसलिए कि जिन्दगी के हरेक पहलू और हरेक कामकाज के सिलसिले में मिसाल की तरह राम आते हैं। गांधी के जीवन में बचपन से मृत्यु तक राम रहे। वह सत्य को राम नाम से पहचानते थे। भारतीय मन हर स्थिति में राम को साक्षी बनाने का आदी है। दुःख में-हे राम।पीड़ा में-ओह राम।लज्जा में-हाय राम।अशुभ में-अरे राम राम।अभिवादन में-राम राम। शपथ में-राम दुहाई। अज्ञानता में-राम जाने। अनिश्चितता में-राम भरोसे। अचूकता के लिए-रामबाण। सुशासन के लिए-रामराज्य।मृत्यु के समय-राम नाम सत्य। देश के कई इलाक़ों में नमक को राम रस कहने का भी चलन है। रसोई में नमक की अहमियत बताने की ज़रूरत नहीं है। यह सब अनुभूतियाँ व अभिव्यक्तियां हर भारतीय मन के साथ पग-पग पर राम को खड़ा करती हैं। वह भी इतने सरल हैं कि हर जगह खड़े हो जाते हैं। जिसका कोई नहीं। उसके राम हैं। कहा जाता है-निर्बल के बल हैं राम। हमारे हर पर्व से हर परंपराओं में राम समाये है। राम भारत की चेतना हैं।राम चिंतन हैं। मानस ने राम को जन जन तक पहुंचा दिया। वे कण कण में व्याप्त माने गए। जन्म में गाए जाने वाले सोहर राम के जन्म के गीत हैं। जीवन भर उनके नाम का अवलंब साथ है। दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों के नाम में राम है।

'र' धातु में 'घ' प्रत्यय के योग से 'राम' शब्द निष्पन्न होता है।'र' धातु का अर्थ रमण-निवास, विहार करने से है। वे प्राणीमात्र के हृदय में 'रमण' यानी निवास करते हैं। इसलिए 'राम' हैं । भक्तजन उनमें 'रमण' करते ध्याननिष्ठ होते हैं। इसलिए भी वे 'राम' हैं - रमते कणे कणे इति रामः। विष्णुसहस्रनाम पर लिखित अपने भाष्य में आद्य शंकराचार्य ने पद्मपुराण का उदाहरण देते हुए कहा है कि नित्यानन्दस्वरूप भगवान् में योगिजन रमण करते हैं, इसलिए वे राम हैं। रामलला का मंदिर निर्माण एक तपश्चर्या से कम नहीं रहा। भले ही रामजन्मभूमि को लेकर मीर बाक़ी द्वारा किये गये विध्वंस की जंग तकरीबन साढ़े पांच सौ साल चली। लेकिन इस बीच 1984 का काल आया। 30 अक्तूबर, 1990 आया। 2 नवंबर, 1990 आया। 6 दिसंबर, 1992 आया।30 सितंबर, 2010 आया। 9 नवंबर, 2019 आया। 5 अगस्त, 2020 आया। हमारे संविधान की पहली प्रति में श्रीराम का चित्र है। फिर भी साढ़े पाँच सौ साल लग गये भगवान राम को अपनी जगह पाने में। ऐसा नहीं कि इस दौरान ऐसे पड़ाव नहीं आये जब सब एक रस होकर राम को स्वीकारने, जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए तैयार न हो गये हों।बात 1855 से 1885 के बीच की है। दो नामचीन स्वतंत्रता सेनानी- आमिर अली और राम चरण दास ने अपने अपने समुदाय से बात करके तय कर लिया था कि हिंदू वहाँ मंदिर बना लें।

राम मेरे अनंत ...

डॉ शाहिद अली

समर्थ राम में विलक्षण शक्ति के प्रतीक राम के प्रति अथाह प्रेम को अपनी क़लम से उकेरने वाले कमलाकर जी ने 'सबके राम, मन में राम' को बहुत ही संजीदगी से अभिव्यक्त किया है। आज अयोध्या में राम आएंगे। राम का महाद्वीप जगमगा रहा है। आस्था के महामंदिर में राम दर्शन की भीड़ है। भारत भूमि जय श्रीराम के घोष से गूंजायमान है। मंदिर का हर कोना दीपों की रोशनी में नहाया हुआ है। घर-घर में दिवाली है। राम जीवन है। राम संस्कारों में हैं। राम सद्भावना का संदेश हैं। राम धर्म, कर्म और जीवन की सच्ची परिभाषा हैं। इसलिए राम को सच्चे अर्थों में जीने वाले कमलाकर जी की तरह हर संप्रदाय में मोती की तरह हैं। यही राम की शक्ति है। राम लीला है। राम सुख है। राम ईश्वर है। राम का नमन है। राम का हृदय है। राम का प्रण है। राम की प्रतिज्ञा है। राम का सागर है और राम का संसार है। नए भारत के अमृत काल में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का यह उत्सव हर मानव में राम के आदर्शों का संदेश, संकल्प और सद्भावना का संचार करे, ये मनोकामना करोड़ों - करोड़ों हृदय में समा जाए और हम अपने राम को अपने हृदय में बसा लें बिल्कुल राम भक्त हनुमान की तरह। जय श्रीराम।

राम मंदिर अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आगाज हो चुका है। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में आज राम की अयोध्या का वैभव और उसके भव्य समारोह की चर्चा है। राम आएंगे, राम आएंगे की भक्ति में धुन पूरा भारत आज राम उत्सव की खुशी में झूम रहा है। भगवान राम की महिमा ही ऐसी है। अयोध्या से अमेरिका और पूरी दुनिया में एक ही गूंज है जय श्री राम। भगवान राम की जन्म भूमि से लेकर देश दुनिया के सभी मंदिरों में साज-सज्जा और करोड़ों भक्तों की भीड़ दिखाई दे रही है । राम मय है पूरा भारत। दुनिया में ऐसा अनोखा भगवान राम का दरबार शायद ही कभी देखने को मिले। राम राम लाखों करोड़ों हृदय में बसे हैं यही कारण है कि भगवान श्री रामचंद्र किसी एक धर्म या मजहब के नहीं है बल्कि हर इंसानों के हृदय में धड़कने वाले काव्य है जिसे हर कोई मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से जानता है। रामनवमी के अवसर पर कला, साहित्य और दर्शन के विद्वान हिदायत अली कमलाकर ऐसे बिरले व्यक्ति रहे जिन्होंने रामलला के पूरे जीवन का और उनके आदर्शों का गहन अध्ययन किया। कवि हृदय हिदायत अली कमलाकर कि यह खासियत रही कि हर रामनवमी पर वे राम की कथा बड़े ही भक्ति भाव से कहा करते थे उनका यह मानना था कि भगवान राम में विलक्षण शक्ति है और पूरे विश्व को उनके आदर्श आज भी मानव को भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा देते हैं। प्रसंग वश अयोध्या में राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन समय में हिदायत अली कमलाकर सद्भावना का ऐसा उदाहरण बनते हैं जिनके द्वारा चार खंड काव्य संग्रह ऐसे अनुपम दस्तावेज हैं जिसे पढ़कर यह समझ सकता है की रामलला हर मानव में भक्ति के सागर है। श्री हिदायत अली कमलाकर के लिखित खंडकाव्य में समर्थ राम, कैकयी का संताप, अर्जुन का मोह मर्दन और नर नारी नारीसश्वर को पढ़ना आज के समय में बेहद प्रासंगिक है जिसे उन्होंने वर्ष 2006 में रामनवमी के अवसर पर लोकार्पित किया था। समर्थ राम लिखकर उन्होंने यह माना था कि उनके जीवन का लक्ष्य मर्यादा पुरुषोत्तम राम को लिखकर पूरा हो गया। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा था कि राम तुम्हारा नाम स्वयं काव्य है कोई कभी बन जाए सहज संभव है हिंदी साहित्य में जितना अधिक राम पर लिखा गया है उतना अन्य किसी पौराणिक पात्र पर नहीं राम का चरित्र अनुपम अद्वितीय चिरपुरातन होते हुए भी चिरनवीन है। राम का व्यक्तित्व गहन गंभीर विशाल महासागर की भांति है जिसमें जितनी गहराई तक गोता लगाएंगे उतने ही चमकदार बेशकीमती मोती पाएंगे कविवर श्री हिदायत अली कमलाकर ने भी इस परम पावन महासागर में गहरे तक डुबकी लगाई और जो बहुमूल्य मुक्ता निकाल कर लाए उसे नाम दिया 'समर्थ राम' । कवि ने वंदना के पांच प्रारंभिक छंदों के सिवाय 84 चौपदों में छंदबद्ध 'समर्थ राम' अपने आकार - प्रकार और भाव - भंगिमा से महा प्राण पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला रचित काव्य राम की शक्ति पूजा की स्मृति दिलाता है । कवि श्री



कमलाकर काव्य के प्रारंभ में ही अपनी प्रेरणा एवं आशय स्पष्ट करते हैं कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता को व्याख्यित करने हेतु राम से उत्तम अन्य कोई चरित्र नहीं है क्योंकि

राम संस्कारों के संयत- संयम सौरभ हैं,
भारतीय संस्कृति - सभ्यता के गौरव हैं ।

राम का यह समय एक अनोखी घटना है, जिसमें सारा संसार पूरे उत्साह और उमंग के साथ राम मय हो रहा है। इसलिए यह समय उन एकाग्र पथिकों की रचना यात्रा से रुबरु होने का भी है जो मजहब के भाष्य में भी राम के काफी करीब दिखाई देते हैं। समर्थ राम में कवि कमलाकर का मानना है कि राम एक चिंतक मनीषी भी हैं। इसलिए लिखते हैं -

राम मेरे अनंत, अनादि, अपरिमेय हैं
विश्वास हैं अभी राम मन की आस्था के
आर्यावर्त की शांति के ध्वज वाहक राम है
राम है सर्वत्र सर्वस्व मनुष्यता की कथा के
आओ हृदय पर चढ़े दूषित पटल को
खोलकर देखें वास्तव में राम क्या है
धर्म भाषा द्वेष को हम भूल कर
जय बोलकर देखें वास्तव में राम क्या हैं।

कमलाकर जी की समर्थ राम में वंदना से राम की गौरव गाथा की झलक मिलती है-

बिना राम के कौन विश्व की करें कल्पना
बिना राम के पूर्ण कहां आराध्य अर्चना
राम शांति के प्रबल - प्रकट प्रथम नायक हैं
इति श्री समृद्धि सिद्धि के वर दायक हैं
वंदन है अभिराम, तुम्हारा शत-शत वंदन
रघुवंश की लाज कौशल्या देवी नंदन
राम महासागर से उपजी समर्थ राम मन हृदय
कमलाकर गा रहे कृपा से मां सरस्वती सदय।

समर्थ राम में कोई 16 बरस पहले कवि कमलाकर ने लिखा -

नीरज सा खिल उठा श्रीमुख उठे राम,
मनो मलि की नहीं तनिक भी मुख पर छाया
पग- पग पर जय-विजय चली अहो राम चले
ज्योतिर्मय में हो उठा ब्रह्म नवदीप जलाया
सौभाग्यशाली हम की हो यदि राम जैसे
सद आचरण सद्भावना सद संस्कार
सत्य निष्ठा सत्य भक्ति सत्य कर्म
स्वाभिमानी सत्य दानी सत्य विचार।

समर्थ राम में विलक्षण शक्ति के प्रतीक राम के प्रति अथाह प्रेम को अपनी क़लम से उकेरने वाले कमलाकर जी ने 'सबके राम, मन में राम' को बहुत ही संजीदगी से अभिव्यक्त किया है। आज अयोध्या में राम आएंगे। राम का महाद्वीप जगमगा रहा है। आस्था के महामंदिर में राम दर्शन की भीड़ है। भारत भूमि जय श्रीराम के घोष से गूंजायमान है। मंदिर का हर कोना दीपों की रोशनी में नहाया हुआ है। घर-घर में दिवाली है। राम जीवन है। राम संस्कारों में हैं। राम सद्भावना का संदेश हैं। राम धर्म, कर्म और जीवन की सच्ची परिभाषा हैं। इसलिए राम को सच्चे अर्थों में जीने वाले कमलाकर जी की तरह हर संप्रदाय में मोती की तरह हैं। यही राम की शक्ति है। राम लीला है। राम सुख है। राम ईश्वर है। राम का नमन है। राम का हृदय है। राम का प्रण है। राम की प्रतिज्ञा है। राम का सागर है और राम का संसार है। नए भारत के अमृत काल में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का यह उत्सव हर मानव में राम के आदर्शों का संदेश, संकल्प और सद्भावना का संचार करे, ये मनोकामना करोड़ों - करोड़ों हृदय में समा जाए और हम अपने राम को अपने हृदय में बसा लें बिल्कुल राम भक्त हनुमान की तरह। जय श्रीराम।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1571 में आज ही के दिन रॉयल एक्सचेंज की शुरुआत लंदन में हुई थी। 1668 में 23 जनवरी केदिन ही हॉलैंड और इंग्लैंड ने आपसी सहयोग समझौता किया था। 1760 में आज ही के दिन हुए वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसीसियों को हराया था। 1799 में 23 जनवरी के दिन ही नेपल्स इटली पर फ्रांसीसी सैनिकों ने कब्जा किया था। 1849 में आज ही के दिन ही मेडिकल डिग्री हासिल करने वाली पहली अमेरिकी महिला एलिजाबेथ ब्लैकवेल बनीं थीं।1920 में 23 जनवरी के दिन ही भारत में एयरमेल और वायु परिवहन सेवाओं की शुरुआत हुई थी।1930 में आज ही के दिन क्लाइड टॉमबॉग ने सबसे पहली बार प्लूटो ग्रह की फोटो ली थी।1965 में 23 जनवरी के दिन ही दुर्गापुर अलॉय इस्पात संयंत्र की स्थापना हुई थी। 1966 में आज ही के दिन इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनीं थीं। 1977 में 23 जनवरी के दिन ही जनता पार्टी का गठन हुआ था।1973 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने वियतनाम शांति समझौते की घोषणा की थी।

QUIZ TIME

1) ऐशबाग स्टेडियम किस शहर में स्थित है?

2) किस राज्य सरकार द्वारा रानी दुर्गावती अन्न प्रोत्साहन योजना को शुरू करने की घोषणा की गयी है?

3) अयोध्या राम मंदिर का निर्माण फैसले में कितने सालों का समय लगा?

4) मानव मूत्र में यूरिया किसके टूटने से बनता है?

5) भारतीय नौसेना के उप-प्रमुख के रूप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भोपाल (2) मध्यप्रदेश (3) 492 साल (4) अमोनिया अम्ल (5) दिनेश कुमार त्रिपाठी

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:20, सूर्यास्त : 05:57, चन्द्रोदय : 14:30, चन्द्रास्त : 29:27, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 , शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : इन्द्र, प्रथम करण : बव (07:36 तक), द्वितीय करण : बालव (19:51 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:07 से 12:49, अमृत काल : 19:46 से 21:26, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:12 से 28:58, अमृतसिद्धि योग : 07:12 से 28:58, रवियोग : 28:58 से 31:12, विजय मुहूर्त : 14:14 से 14:56, गोधूलि मुहूर्त : 17:42 से 18:09, सायाह्न सन्ध्या : 17:45 से 19:05, निशिता मुहूर्त : 4:01 से 24:55, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड :11:09 से 12:28, होमाहुति : शनि (28:58 से चन्द्र), दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : दक्षिण (पश्चिम 16:22 से), शिववास : कैलाश पर (19:51 से नन्दी पर)

शुभ यात्रा दिशा

पश्चिम-दक्षिण (दर्पण देखकर अथवा खीर का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण,आज जन्मे शिशुओं का नाम आर्द्रा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (कू, घ, ङ, छ) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज का दिन कुछ घरेलू छोटी मोटी बातो को छोड़ उत्तम ही रहेगा। रहेगी। भाई बंधुओ से मतभेद बढ़ने की संभावना है।
वृष: आज का दिन आपके लिए कुछ ना कुछ परेशानी खड़ी करेगा। बचते बचते बेवजह कलह होने से मन अशांत रहेगा।
मिथुन: आज के दिन वैसे तो स्थिति में सुधार आएगा फिर भी मानसिक रूप से आज चंचलता अधिक रहने से बने बनाये कार्य की स्वयं की गलती से बिगाड़ लेंगे बाद में इसका पछतावा भी रहेगा।
कर्क: आज दिन के आरंभिक भाग में लाभ की संभावना बनेगी परन्तु दिन चढ़ते अधिकांश संभावनाएं निराशा में बदल जाएगी कार्य क्षेत्र पर आप अथवा किसी सहकर्मी से कोई त्रुटि होने के कारण हानि हो सकती है।
सिंह: आज के दिन आपको सामाजिक एवं सरकारी कार्यो से लाभ मिलेगा लेकिन आलस्य भी आज अधिक रहेगा।
कन्या: आज के दिन आप मांगलिक कार्यों में उपस्थिति देंगे धार्मिक पूजा पाठ के साथ ही तंत्र मंत्र में रुचि रहेगी।
तुला: आज का दिन उठापटक वाला रहेगा। सेहत में भी उतार चढ़ाव लगा रहेगा जिससे कार्य करने का उत्साह नही बनेगा।
वृश्चिक: आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा।
धनु: आज के दिन आप अपनी व्यवहार कुशलता से कार्य क्षेत्र पर लाभ की स्थिति बनाएंगे। आज आप किसी भी हालत में हाथ आये कार्य को बिना लाभ कमाए जाने नही देंगे।
मकर: आज के दिन आप सहयोगी अथवा किसी परिजन के रूखे व्यवहार से दुखी रहेंगे। जिस कार्य को करने की जल्दी होगी उसी में विलंब होगा कार्य क्षेत्र पर अव्यवस्था रहने से उचित लाभ से वंचित रह सकते है फिर भी आवश्यकता अनुसार धन लाभ हो ही जायेगा।
कुंभ: आपके लिए आज दिन का आरंभ थोड़ी प्रतिकूलता वाला रहेगा किसी प्रियजन के कारण मानसिक दुख पहुचेगा मामूली झड़प भी हो सकती है।
मीन: आज का दिन आपकी आशाओ पर खरा उतरेगा आय एक से अधिक साधनों से होगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -311

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 310 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	र्जा	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

न्यूज गैलरी

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने पर जोर

दुर्ग। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभा कक्ष में निर्वाचन से संबंधित स्वीप की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं स्कूलों/कालेजों के नोडल अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है ऐसे विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने प्रेरित करने का निर्णय लिया गया।

दिशा की 29 को बैठक

दुर्ग। ग्रामीण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक श्री विजय बघेल सांसद दुर्ग की अध्यक्षता में 29 जनवरी 2024 को कार्यालय जिला पंचायत, दुर्ग के सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित सुनिश्चित करने कहा गया है।

दिनेश बने मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री

भिलाई। इस्पात संयंत्र में कार्यरत भिलाई इस्पात मजदूर संघ के उपाध्यक्ष पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं महामंत्री के दायित्व पर रह चुके दिनेश पांडे को प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिला है। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत दिनेश पाण्डेय को भिलाई इस्पात मजदूर संघ में कार्यकारी अध्यक्ष के दायित्व से भारतीय मजदूर संघ में श्रमिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए भिलाई इस्पात मजदूर संघ में कार्यकारी अध्यक्ष, महामंत्री और जिला मंत्री का दो कार्यकाल, प्रदेश उपाध्यक्ष के दायित्व का सफल निर्वहन करने के पश्चात प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिला। भिलाई इस्पात मजदूर संघ में महामंत्री के दायित्व पर रहते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र में यूनियन के मान्यता के चुनाव में भिलाई इस्पात मजदूर संघ को तीसरे नंबर पर अपने कुशल नेतृत्व में लाए और लगातार मार्गदर्शन में पुनः मान्यता के चुनाव में संगठन मंत्री की भूमिका में रहते हुए यूनियन को प्रथम स्थान प्राप्त करने में अपना योगदान दिया।

आयुक्त ने देखी सफाई व्यवस्था

दुर्ग। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर प्रातः वार्डो में पहुँचकर सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नागरिकों से रूबरू हो सफाई के संबंध में जानकारी लिये।इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,कुणाल,राहुल के अलावा स्वच्छता अमला मौजूद रहें।उन्होंने वार्डो में सफाई व्यवस्था का जायजा लिये, निरीक्षण उपरांत वार्डो में सफाई का अभाव पाये जाने एवं नागरिकों से रूबरू होने पर उनके द्वारा भी ठीक से सफाई करने के निर्देश के साथ कीटनाषक व दुर्गन्धनाषक दवाई का छिडकाव करने को कहा।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निरीक्षण के दौरान कहा अपने अपने वार्डो के सम्पूर्ण क्षेत्र की नियमित प्रतिदिन सफाई करवाकर, कचरा उठाकर कीटनाषक, दुर्गन्धनाषक दवाईयों का छिडकाव करवाया जाना सुनिष्चित करें।उन्होंने कहा सफाई कार्य में लापरवाही बरतने व अनुपस्थित रहने पर संबंधित सफाई कर्मी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करें। निगम सफाई अमला युद्ध स्तर पर सफाई करायी जाये।

प्राण प्रतिष्ठा में दिखा जिले में अभूतपूर्व उत्साह

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रमोत्सव के अवसर पर कसारीडीह स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव का सीधा प्रसारण किया गया तथा दीप प्रज्जवलन किया गया। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश एवं प्रदेश की भांति सम्पूर्ण दुर्ग जिला रामभक्तिमय होकर भगवान श्रीराम की भक्ति से सराबोर है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने राम जानकी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि पूरा शहर श्रीराम की भक्ति में सराबोर है। मंदिर, चौक चौराहों तथा गलियों को तोरण, ध्वज व केसरिया झंडा से सजाया गया है। बच्चे, युवा, वृद्ध हर वर्ग के लोगों में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह और उमंग है। मंदिर में सुबह से भक्ति गीत भजन गाये जा रहे हैं। इस अविस्मर्णीय क्षण को कभी नही मिटाया जा सकता है और न ही दिलों से खत्म किया जा सकता है। यह पूरे भारत के लिए सौभाग्य का क्षण है। राम के प्रति श्रद्धा रखने वाले लोग कोई भी जाति, धर्म, सम्प्रदाय के हो

अपने दिलों व आत्मा में भगवान राम को रग रग में बसाए हुए हैं। ऐसा भव्यतम अवसर 500 सालों के बाद हम सब के लिए आया है। इसके लिए 500 सालों से भगवान राम के मंदिर का निर्माण करने के लिए संघर्ष किया गया। जब मुगलों का राज था न जाने कितने हिन्दू मंदिरों को तहस नहस कर दिया, न जाने कितने श्रद्धा के अस्तित्व को मिटाने का प्रयास किया गया। छत्तीसगढ़ की भावना अयोध्या से जुड़ी हुई है, क्योकि भगवान राम हमारे भांजे हैं। हमारा छत्तीसगढ़ उनका ननिहाल है। इस बार भी अयोध्या में भोग प्रसाद बटेगा भगवान को भोग लगाई जाएगी, उसमें छत्तीसगढ़ का चावल गया हुआ है उनकी मां के घर का चावल गया हुआ है। ये भाव से भगवान राम को स्थापित करने के लिए उन सभी को मै नमन करता हॅू सब को इस शुभ अवसर की बहुत बहुत बधाई देता हॅू। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों का प्रतिफल है। भारत के लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्होंने संकल्प लिया था कि राम मंदिर बनके रहेगा और बनाके रहेंगे। सारे चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आज अयोध्या में राम मंदिर बन गया। आज प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरा देश उत्साह से भरा हुआ है। आज जिले में भी बड़ा हर्ष का माहौल है। हर जगह राम-राम, कण- कण में राम की जयकारे गुंज रही है। श्री राम लंका से अयोध्या आए तो जो मनोरम दृश्य था, वही आज पूरे भारत में दीपावली जैसा माहौल है। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्वमंत्री रमशीला साहू, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, संयुक्त कलेक्टर गोकुल रावटे मौजूद थे।

जनता के साथ देखा समारोह का सीधा प्रसारण, शाम को मंदिरों व घरों में मना दीपोत्सव

शहर के बच्चे-बच्चे के मुख पर था जय श्री राम

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग/भिलाई। अयोध्या में भगवान श्रीरामचंद्र जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दुर्ग-भिलाई के लाखों लोग साक्षी बने। इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त समय पर राम मंदिरों के अलावा अन्य मंदिरों में गाजे बाजे के साथ श्री रामलला की महाआरती कर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान मंदिर परिसर व शहर के सभी सार्वजनिक स्थान जय श्रीराम के जयघोष से गूंजायमान रहे, तत्पश्चात मंदिरों के अलावा अन्य स्थानों पर धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में उमड़े। अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा

समारोह को लेकर सुबह से ही शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्री रामलला के दर्शन का यह सिलसिला दिन भर जारी रहा। शाम को मंदिरों और घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाई। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्री सीताराम पंचायती मंदिर गांधी चौक, श्री राम जानकी मंदिर रेलवे स्टेशन, किला मंदिर तमेरपारा, श्री राम जानकी मंदिर बड़ा मठ चंडी चौक, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पोलसायपारा, श्री राम जानकी मंदिर अग्रसेन चौक, श्री चंडी मंदिर चंडी चौक, श्री लंगुरवीर मंदिर शनिचरी बाजार, पंचमुखी हनुमान मंदिर ब्राह्मणपारा, दुर्गा मंदिर सत्तीचौरा, रामदेव बाबा मंदिर गंजपारा, श्री राम जानकी मंदिर कसारीडीह, श्री साईं बाबा मंदिर कसारीडीह, सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाइन के अलावा भिलाई नगर के प्रमुख मंदिरो व चौक-चौराहों के मंदिरों में विशेष विद्युत साज-सज्जा की गई है, साथ ही भगवा झंडा व तोरण पतका से मंदिर के आसपास के क्षेत्र को सजाया गया है। वहीं विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह चौक चौक-चौराहों पर भगवान श्री रामलला के कट आउट, भगवा झंडा व तोरण पताका लगाकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर व्यापक माहौल बनाया गया बनाया गया। जिससे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन सोमवार को पूरा दुर्ग शहर राममय रहा। विधायक गजेंद्र यादव भी श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने। वे शनिचरी बाजार स्थित भगवान श्री लंगुरवीर मंदिर में आयोजित वार्षिक महोत्सव में पहुंचे थे। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ टीवी में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखी और प्रभु श्रीरामचंद्र जी के दर्शन किए। इस दौरान विधायक गजेंद्र यादव पीले रंग की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। सिर पर भगवा रंग की पगड़ी पहने हुए थे। कार्यक्रम में उनका वेशभूषा अच्छा खासा चर्चा का विषय रहा। कार्यक्रम में भाजपा नेता विनायक नातू, अशोक राठी व अन्य मौजूद थे। सत्तीचौरा हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर में विराजमान श्री राम दरबार की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात श्री रामलला को छप्पन भोग लगाया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मंदिर में विशेष साज-सज्जा जो आकर्षण का केंद्र बना।

जलाए गए 5100 आस्था के दीप

दुर्ग। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा नगर भक्ति के रंग में रंग गया है। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा कसारीडीह स्थित श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण में श्रीराम चरित मानस गायन का जिला स्तरीय आयोजन किया गया। विधायक गजेन्द्र यादव, संभागायुक्त एसएन राठौर आईजी बद्रीनारायण मीणा, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और एसएसपी आरजी गर्ग सहित अन्य अधिकारी व नगरवासी मानस गायन का श्रवण किए। विधायक एवं अधिकारियों नें श्री रामजानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर आस्था के दिप प्रज्वलित किये। इस दौरान मंदिर परिसर में नगर वासियों नें 5100 दिप प्रज्वलित कर मंदिर को रोशनी से जगमग किये। उद्बोधन में अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को सभी सनातनियों के लिए गौरवान्वित होने की बात कही।

मानव परिसर में लगेगी हनुमान जी की प्रतिमा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेक्टर 9 हनुमान मंदिर बहुत ही सिद्ध मंदिर है और यहां लगातार भक्तों का आना-जाना लगा रहता है आज राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विधायक देवेंद्र ने यह पहल किया कि सेक्टर 9 हनुमान मंदिर परिसर के समय मानव परिसर में हनुमान जी की जिले की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाएगी और विधि विधान से पूजा किया जाएगा। विधायक देवेंद्र यादव के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर सेक्टर 1 शारदा मंदिर से हजारों भक्तों के साथ सेक्टर 9 हनुमान मंदिर तक पैदल ध्वज यात्रा निकाली जाती है हर वर्ष एक जनवरी को मंदिर परिसर को सजाया जाता है एवं हनुमान जन्मोत्सव पर हजारों भक्तों को के लिए भंडारे का भी आयोजन किया है। श्री यादव ने अपने कार्यकाल में खुर्सीपार में श्रीराम चौक का भी निर्माण कराया है। शाम 6 बजे भव्य आरती एवं भंडारा रखा गया था।

श्रीराम का मना उत्सव, दया ने बाटा दीया व मिठाई

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह संपन्न हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मुख्य यजमान के तौर पर की है। इसके साथ ही देशभर में उत्सव का माहौल है। सोमवार की रात महादिवाली की तैयारी के बीच भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष व बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह के साथ भाजपा पार्षदों ने खुर्सीपार के

अटल आवास व वांबे आवास के लोगों को दिया, बाती, तेल व मिठाई का वितरण किया। दया सिंह के साथ सभी पार्षदों ने यहां के निवासियों से महादिवाली मनाने का आह्वान किया।रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन किसी गरीब का घर दिए की रोशनी अछूता न रहे इसके लिए बोल बम समिति के माध्यम से निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने सराहनीय कार्य किया है। एक दिन पहले रविवार को वार्ड 44 सहित आसपास के पांच वार्डों में 4 हजार से ज्यादा घरों में पांच दिए, पांच बाती, 100 ग्राम तेल व आधा किलो मिठाई का वितरण किया। सभी से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घर पर पांच दिए जलाने व महादिवाली मनाने का आह्वान किया। इसी कड़ी में सोमवार को दया सिंह ने अपने सहयोगी पार्षदों के साथ सोमवार को अटल आवास व बाबे आवास क्षेत्र में पहुंचे और यहां लोगों को दिया, बाती, तेल व मिठाई बांटी।

500 से ज्यादा घरों में वितरण

दया सिंह व बोल बम समिति के सदस्यों ने अटल आवास व वांबे आवास क्षेत्र में पहुंचकर लगभग 500 से अधिक घरों में दिया, बाती, तेल व मिठाई का वितरण किया। इस मौके पर दया सिंह ने कहा कि सोमवार का दिन देश के लिए महादिवाली है और ऐसे दिन कोई भी घर दियो की रोशनी के बिना न रहे।

कभी भी हो सकता है राशन कार्डों का नवीनीकरण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में कुल 474440 राशनकार्ड प्रचलित है, जिसमें 1694856 सदस्य सम्मिलित है। राशनकार्ड के सभी सदस्यों के ई-केवाईसी के संबंध में शासन से निर्देश जारी हुए है, किन्तु अब तक 567136 सदस्यों द्वारा अपने आधार कार्ड में नाम, पता या अन्य जानकारियों का संशोधन कराये जाने के कारण उनका पूर्व में दिये गये आधार की जानकारी से मिलान नही हो पा रहा है। इसी प्रकार सभी राशनकार्डों के कम से कम एक सदस्य का मोबाईल नम्बर भी विभागीय डाटाबेस में दर्ज किया जाना है, किन्तु अब तक 148831 राशनकार्डों में पूर्व में दिये गये मोबाईल नम्बर में परिवर्तन या अन्य कारणों से सही मोबाईल नम्बर दर्ज नही है। खाद्य नियंत्रक से प्राप्त जनकारी अनुसार निकट भविष्य में राशनकार्डों का नवीनीकरण संभावित है, जिसके लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों की सही जानकारी की आवश्यकता होगी। ऐसे सभी राशनकार्डधारी जिन्होंने अब तक अपने सभी सदस्यों का आधार एवं परिवार का मोबाईल नम्बर उचित मूल्य दुकान के माध्यम से डाटा बेस में दर्ज नही है या अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड में संशोधन कराया है तो अपने राशनकार्ड से संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान में ईकेवाईसी हेतु जमा करें।

महिलाओं ने निकाली विशाल कलश शोभायात्रा

नव प्रदेश संवाददाता

जामुल। सुरडुंग क्षेत्र में जयश्री राम हर हर महादेव के गगनभेदी जयकारे के साथ नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कलश लिये महिलाओं ने नगर में डीजे के साथ भव्य विशाल शोभा यात्रा निकाली। आयोध्या में आज श्रीराम लला के नये मंदिर के विराजमान के अवसर पर संतोषी चौक एवं सुरडुंग में भगवान राम के सोलह फीट ऊंची प्रतिमा एवं भगवान शिव के विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा, अध्यक्षता राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा ने किया। स्वागत भाषण में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने

कहा कि आज हमारे नगर के प्रमुख स्थलों में हमारे अराध्य देव भगवान श्री राम एवं भगवान शिव के प्रतिमाओं का अनावरण हमारे अतिथियों द्वारा किया गया कार्यक्रम में आप सबकी भारी संख्या में उपस्थिति बता रही है कि श्री राम एवं भगवान शिव का हम सबके मन में कितनी श्रद्धा एवं भावना है। आप सभी उपस्थित माताओं बहनों एवं हमारे बड़े बुजुर्ग भाई मित्रों का इस धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मैं सादर नमन समर्पित करता हूं। मुख्य अतिथी के रूप में उपस्थित राकेश पाण्डेय ने कहा कि राम सबके हैं सबके शिव हैं । आज की तिथि बाईस जनवरी जो इतिहास में दर्ज हो गया है कि आयोध्या में श्री राम लला के विराजमान होने के अवसर पर आपके जामुल में भगवान राम एवं भगवान शिव के अनावरण का अवसर प्राप्त हुआ है । उसके लिए सभी नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनायें । अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने मुर्ति अनावरण के लिए नगर के समस्त जनता को बधाई दिया एवं कहा कि ऐसे ही धार्मिक आयोजन होता रहे जिसके लिए अध्यक्ष ठाकुर एवं उनके सहयोगी साथियों को हार्दिक शुभकामनाए। कार्यक्रम में पार्षदगण खम्हन ठाकुर, दीपक गुप्ता, कविता विश्वाल, चुम्मन वर्मा, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, राम दुलार साहू सहित नगर के गणमान्य नागरिक यशवंत सिंह ठाकुर, खिलावन साहू, हेमन्त देवांगन, संजय शर्मा, मनीष साहू, अश्वनी यादव आदि मौजूद थे।

अवैध कब्जा व निर्माण पर चलेगा बुलडोजर : रिकेश

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। गत रात्रि बारहवीं के छात्र शुभम साव निवासी कैम्प-2 साहू लकड़ी टाल के सामने बैकुंठ नगर की आरोपियों ने हत्या कर दी। मामले के सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। सूचना पर मृतक के परिजनों से मिलने विधायक रिकेश सेन ने मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मोहल्ले के लोगों ने विधायक से बताया कि शाम से ही देर रात तक तेज बाईक चला आसामाजिक तत्व आए दिन कटर से हमला कर रहे हैं। प्रतिबंधात्मक नशीली गोलियों का सेवन ऐसे आसामाजिक तत्वों द्वारा किया जाता है। विधायक रिकेश सेन ने तत्काल छावनी थाना प्रभारी से चर्चा कर गश्त तेज करने और क्षेत्र के ऐसे आसामाजिक तत्वों की पहचान कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने निर्देश दिए। श्री सेन ने कहा कि ऐसी अपराधिक घटनाएं कारित करने वालों में कानून का भय लाना जरूरी है। उन्होंने निगम अधिकारियों से चर्चा कर अपराधिक घटनाओं में संलिप्त लोगों का खाका तैयार कर ऐसे लोगों के अवैध निर्माण और कब्जों पर बुलडोजर चलवाने निर्देशित किया। श्री सेन ने कहा कि बड़े अपराधों में संलिप्त लोगों में प्रशासन कानून का भय नहीं होगा ये अपराध करते रहेंगे।

अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन 6 फरवरी तक

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भारतीय सैन्यबलों में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया आरंभ हो गई है। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 06 फरवरी 2024 तक भारतीय वायुसेना के वेबसाईट के माध्यम से इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है। भारतीय वायुसेना में भर्ती हेतु आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 102/ समकक्ष परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था या बोर्ड से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत

(मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ आटोमोबाइल इलस्ट्रूमेंटेशन इन्फोरमेशन टेक्नालॉजी) अथवा अव्यावसायिक कोर्सो के साथ 2 वर्ष का व्यावसायिक कोर्स भौतिकी या गणित विषयों में 50 प्रतिशत अंको के साथ तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से अथवा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 102 या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदक की आयु 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच जन्म लिया हुआ होना आवश्यक है। आवेदक की उंचाई पुरुष 152.50 से.मी एवं महिला आवेदक 147 से.मी. होना आवश्यक है। इसी प्रकार भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हेतु इच्छुक आवेदक 08 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 तक भारतीय थल सेना के वेबसाईट का आवेदन कर सकते है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदकों की अर्हता अग्निवीर सामान्य ड्यूटी में 10वीं कक्षा 45 प्रतिशत अंकों से (प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक) अग्निवीर टेक्निकल में 12वीं कक्षा (भौतिक रसायन, गणित एवं अंग्रेजी के साथ 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण प्रत्येक विषय 40 प्रतिशत अंकों के साथ, मान्यता प्राप्त संख्या से आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अग्निवीर क्लर्क में 102 इंटरमीडिएट परीक्षा किसी भी विषय में 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अग्निवीर ट्रेडमेन में 8वीं/10वीं कक्षा पास (प्रत्येक विषय 33 प्रतिशत) होना आवश्यक है। अग्निवीर सामान्य ड्यूटी महिला में 10वीं मैट्रिक (प्रत्येक विषय 33 प्रतिशत) होना आवश्यक है। आवेदक की आयु सीमा साढ़े 17 से 21 वर्ष होना आवश्यक है। उपसंचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार ऑनलाईन हेतु इच्छुक आवेदक अपने नजदीकी सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से अथवा अध्ययनरत् छात्र-छात्राएँ अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु आवेदक वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

एक बार फिर मोदी सरकार, जिले में चला वॉल राइटिंग अभियान

■ राज्य सभा सांसद ने दिवार पर कमल का फूल उकेर कर जिले में की अभियान की शुरूआत

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर वॉल राइटिंग अभियान फिर से एक बार मोदी सरकार में राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय भाग लिया । उन्होंने दुर्ग के मालवीय नगर चौक के पास दीवाल पर कमल का फूल उकेर कर दुर्ग जिले में अभियान की शुरूआत किया है । पूरे भारत देश में एक बार फिर मोदी सरकार, अभियान के लिए दिवाल लेखन का कार्य आज से प्रारंभ किया गया है ।

विकास को आगे बढ़ाना है फिर मोदी सरकार को लाना है । राज्यसभा सांसद ने प्रदेश और जिले में भाजपा के कार्यकर्ताओं से विकसित भारत संकल्प यात्रा' की तरह इस अभियान को सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आग्रह किया है । उन्होंने मालवीय नगर चौक में दीवार पर कमल का फूल बनाया और नीचे नारा लिखा एक बार फिर मोदी सरकार, इस बार 400 पार के संकल्प के लिए भाजपा के प्रचार प्रसार अभियान को उल्लेखित किया गया।

न्यूज गैलरी

इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक संगठन ने निकाली प्रभु श्री राम की शोभायात्रा

भाटापारा/नवप्रदेश। अयोध्यापुरी में प्रभु श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भाटापारा इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक संगठन की ओर से शोभायात्रा का आयोजन किया गया, संगठन के अध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया कि उक्त शोभायात्रा का नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा एवं आरती उतार कर जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर प्रकाश सोनी ,स्वरूप अग्रवाल, आलोक मोदी, विश्वनाथ गुप्ता, रामचंद्र सचदेव ,प्रकाश अग्रवाल, आशीष सोलंकी, राजेश साहू, अमर छाबड़ा ,आशीष देवांगन, सुरेश छाबड़ा ,वरुण वर्मा ,सुनील मल ,राकेश अग्रवाल ,संजय मक्कड़ ,जितेंद्र साहू ,नीरज लाहोटी ,मोनू शाह ,बंटी भाई , मनोज अग्रवाल ,नरेंद्र भोजवानी, मनीष शुक्ला, सुधीर मिश्रा ,अरुण छाबड़ा सहित काफी संख्या में नागरिक गण शामिल थे। पुरे देश में चल रहे आज के उत्साह वाले शुभ दिन पर संस्था के द्वारा नगर पालिका स्थित महाकाल मंदिर से निकली प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा नगर भ्रमण करते हुए सती मंदिर में जाकर संपन्न हुई, जहा प्रसाद वितरण कर जय घोष के नारे लगाए गए। संस्था के अध्यक्ष सुनील दुबे ने आज के इस ऐतिहासिक सफल आयोजन के लिए सभी धर्म प्रेमियों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।

भगवान श्री राम की शोभायात्रा का पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा ने किया स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। एक दिवसीयअखण्ड़ राम नाम का आयोजन के पश्चात स्थानीय रामसप्ताह मण्डप में हवन पूजन पश्चात राम जी के रथ के साथ निकाली गई शोभायात्रा का जगह जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत स्टॉल लगा कर शोभा यात्रा में शामिल लोगो के लिए जल पान की व्यवस्था की गई। हॉटेल रॉयल इन के समीप पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया गया जिसमें समाज अध्यक्ष स. त्रिलोक सिंह सलूजा के साथ साथ समाज वरिष्ठ स. भाग सिंह सलूजा , स. मनजीत सिंह सप्पल के अलावा स. नरिन्दर सिंह बाली , स.मनजीत सिंह छाबड़ा सोनू , स. हरदीप सिंह सलूजा मिनकु , स. अमरजीत सलूजा ग्रीन्स , स. मनमहेन्दर सिंह चावला , कमल सेठी , अमन छाबड़ा , अनिल छाबड़ा , कन्हैया सेठी , संतोष आनंद , रघबीर मक्कड़ , देवेन्द्र सचदेव मिक्कू , स. राजेन्द्र सलूजा स. हरमिन्दर सलूजा ,हनी गुरदत्ता , बेअंत सिंह , बलविंदर छाबड़ा , मोहन सिंह खालसा , गगन मक्कड़ , स. सनप्रीत छाबड़ा , स.गुनवीर चावला , स. इन्द्रजीत सिंह राणा , अभिषेक सलूजा ने अपनी भागीदारी दी । संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण छाबड़ा बंटी एवं संस्था सचिव स. हरमिन्दर सिंह चावला ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

अधजली महिला की लाश की शिनाख्त की अपील, ईनाम भी घोषित

बेमेतरा/नवप्रदेश। चौकी कन्डरका थाना बेरला अंतर्गत ग्राम नेवनारा के लोर नदी के पास 18 जनवरी को रायपुर-बेरला मुख्य मार्ग से 50 मीटर दूर कच्ची सड़क में एक अज्ञात महिला की अधजली शव मिली है। जिसकी उम्र 20 से 35 वर्ष की लग रही है। प्रथम दृष्टया मृतिका की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से जला देना प्रतीत हो रहा है। मामले में हत्या का अपराध कायम कर विवेचना की जा रही है। मृतिका की पहचान, उसके परिजनों की तलाश हेतु हर सम्भव प्रयास किए जाने के बावजूद शिनाख्त (पहचान) नहीं हो सकी है। अतः अदम शिनाख्त शव (अज्ञात मृतिका) की पहचान एवं उसके परिजनों की पतासाजी के लिए जिला इश्तहार जारी किया गया है। साथ ही इस मामले के अज्ञात फरार आरोपी/ आरोपीगणों की युक्तियुक्त सूचना देने (जिससे उसे विधिपूर्वक गिरफ्तारी की जा सकें) वाले को 10 हजार रुपए की ईनाम की उद्घोषणा पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा की गई है। मृतिका एवं आरोपी के बारे में जानकारी देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

राम के स्वागत में आतिशबाजी, दिवाली जैसा जश्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अयोध्यापति श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दिन दिवाली पर्व जैसा नजारा शहर में रहा। स्थानीय मंदिरों और चौक-चौराहों में भक्तों ने बालरूपी भगवान राम और उनकी पौराणिक गाथाओं से जुड़ी तस्वीरों को सजाया। समारोह की पूर्व संध्या पर रविवार को भारत का मानचित्र और भगवान राम का शस्त्र माने जाने वाले तीर-कमान को दीयों से उकेरा गया। इस तरह रविवार को पूरे दिन कई विविध आयोजन हुए। गंज चौक में छोटे बच्चों ने अपने चित्रकला के माध्यम से भगवान की तस्वीर और अन्य धार्मिक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। भारतमाता चौक में कल शाम को अलग-अलग संस्थाओं के सहयोग से हजारों की तादाद में दीये सड़क में सजाए गए। रात को दीयों को जगमगाते देखकर लोगों की धार्मिक भावनाएं चरम पर थी।

इधर, सोमवार को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के प्रारंभ होते ही शहर में भी कई तरह के आयोजनों का दौर शुरू हुआ। शहर के कमला कॉलेज, दिग्विजय कॉलेज, गांधी चौक, बसंतपुर, शीतला मंदिर, ईमाम चौक समेत अन्य चौराहों में स्थित मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना का सिलसिला चला। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को व्यापक स्तर पर मनाते हुए हिन्दुवादी संगठनों की अहम भूमिका रही। हर वर्ग ने इस खास मौके पर अपनी भागीदारी दिखाई। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। रोज की तरह आज भी प्रभातफेरी गली.मोहल्लों से गुजरी।

प्रभु श्रीराम की महिमा से जुड़ी धार्मिक गाथाओं को भक्तिगीतों में पिरोया गया। महिलाएं और पुरूष प्रभातफेरी में सामुहिक रूप से शामिल रहे। शहर के राम मंदिरों के अलावा अन्य देवालयों में भी पूजा-अर्चना के लिए लोग पहुंचे। आज के दिन को यादगार बनाने के लिए परिवार समेत लोगों ने धार्मिक अनुष्ठान किया। मंदिरों में सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा। पूजा-अर्चना करते लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना की। इधर दिवाली जैसा नजारा देखकर लोग गदगद हो गए।

धार्मिक माहौल से अभिभूत लोगों ने स्वस्फूर्त आयोजनों की झड़ी लगा दी। इससे मंदिरों में भंडारा का सिलसिला भी दोपहर के बाद शुरू हो गया। भगवान की आराधना करते हुए भक्तों ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए राम मंदिर निर्माण की कल्पना को सच होते देखा। इस तरह आज पूरे दिन धर्म-कर्म में लोग व्यस्त रहे। उधर बाजार में समारोह के चलते उछाल नजर आया। मिठाई, फूल, कपड़े, फल, प्रसाद समेत अन्य कारोबार से जुड़े व्यापारियों को फायदा मिला।

भगवान राम का बखान करने के लिए अलग-अलग स्तर पर समितियों द्वारा तैयारी की गई है। स्थानीय सिंधी समाज द्वारा लालबाग में आकर्षक झांकियों से भगवान राम की अलौकिक शक्तियों का बखान दर्शाया गया है। आते-जाते लोग भगवान राम की तस्वीरों पर नजर डाल रहे हैं। इस तरह शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भगवान राम से जुड़े गाथाओं को पोस्टरों से प्रदर्शित किया गया है। धार्मिक संस्थाओं ने आज के दिन को एक तरह से भगवान राम के प्रति समर्पित कर दिया गया है। मंदिरों में महिलाएं रंगोली बनाकर रामलला का स्वागत करने आतुर दिख रही है।

कलेक्टर ने ली राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 10 से 28 फरवरी 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में जिला अंतर-विभागीय टास्क समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने लिम्फेटिक फाइलेरिया एवं हाइड्रोसिल प्रकरण, फाईलेरिया रात्रिकालीन सर्वे की स्थिति, फाइलेरिया नियंत्रण संबंधी गतिविधि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि घर के सदस्यों एवं पड़ोसियों को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए प्रेरित करें। दवा खाने से इनकार करने वाले परिवारों को समझाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मदद करें। फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के तहत जानकारी दी गई कि 10 से 15 फरवरी 2024 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर, 16 से 24 फरवरी 2024 तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंटकर तथा 26 से 28 फरवरी 2024 तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राऊंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी 2024 तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। फाइलेरिया की दवा खाली पेट ना खिलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदाय किये गए इंइसी, वीडियो को विभाग के सभी व्हाट्सअप, टेलीग्राम रूपों में साझा किया जाये, जिससे फाईलेरिया दवा सेवन के संबंध में लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव श्रीमती सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आदि उपस्थित थे।

शिवरतन शर्मा ने मंडी रोड पर आयोजित कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया

भाटापारा/नवप्रदेश। राम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में उत्सव का वातावरण रहा, देश के हर नगर हर गाँव में लोगों ने आज के दिन को त्योहार की तरह मनाया और तरह तरह के पकवान मिठाइयाँ लोगों को वितरण कर रामलला के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा को प्रकट किया।

मंडी रोड़ स्थित अपने कार्यालय में अधिवक्ता / नोटरी पंडित ब्रजेश कुमार मिश्रा ने भी इस अवसर पर प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भी अपनी सहभागिता निभाते हुए प्रसाद वितरण कर लोगो को इस ऐतिहासिक दिन की बधाई एवम शुभकामनाएं दी।इस अवसर नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा डीपी वर्मा,महाबल दास बघेल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

गरियाबंद में जिला स्तरीय मानसगान में शामिल हुए विधायक रोहित साहू

- **देश के कई पीढ़ी के संघर्ष और इंतजार के बाद मोदी के प्रयास से भगवान श्रीराम घर लौटे - रोहित साहू**

गरियाबंद/नवप्रदेश। देश की धार्मिक नगरी अयोध्या में आज भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर पूरे देश में भक्तिमय माहौल रहा। इस तारतंभा में सोमवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में जिला स्तरीय मानसगान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने की। विषेश रुप से कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमति रीता यादव, डीएफओ मणिवासगन एस, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता के छाया चित्र में दीप प्रजवल्लन कर की गई।

इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि देश में कई पीढियां के संघर्ष और कई वर्षो के इंतजार के बाद भगवान श्रीराम लला आज अपने घर पहुंचे है। यह हम सब का सौभाग्य है कि हमारी पीढ़ी प्रभु राम को घर लौटते देख रही प्रभु श्रीराम के दर्शन करेगी। विधायक साहू ने कहा कि यह सौभाग्य हमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि देश को हनुमान जैसा प्रधानमंत्री मिला है। उनके नेतृत्व में प्रभु श्रीराम चंद्र जी के दर्शन और अयोध्या जाने का अवसर मिला है। इस पावन अवसर आज प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ और गरियाबंद जिला भी पूरा राममय नजर आ रहा है।

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लोगों ने देखा सीधा प्रसारण

बेमेतरा/नवप्रदेश। धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आज 22 जनवरी को हुई। ज़िला प्रशासन द्वारा ज़िला मुख्यालय स्थित राम मंदिर परिसर में बड़ी एलईडी स्कीन की व्यवस्था थी। राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम मंदिर के बाहर एलईडी के माध्यम से विधायक दीपेश साहू, जनप्रतिनिधि सहित श्रद्धालुओं ने राम लला प्राण प्रतिष्ठा का समारोह का लाइव प्रसारण देखा। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस कार्यक्रम को नगर वासियों ने इकट्ठा बैठ कर देखा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर ज़िला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

ज़िले के चारों विकासखंड में भी मंदिरों में मानस गायन हुआ। बेमेतरा ज़िले में भी समारोह को लेकर उत्साह में कोई कमी नहीं है। बेमेतरा में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रशासनिक स्तर पर भी खास तैयारी की गई हैं। अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही बेमेतरा में माहौल राममय हो गया था। पूरे शहर से लेकर गांव तक भगवान राम के नारे लगा रहे थे। राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह.जगह चौराहा पर लोगों पटाखे छोड़े और आतिशबाजी की। चौराहे पर जगह जगह एलईडी के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जगह जगह जय श्रीराम का झंडा लगा नारा लगाया गया। साथ ही रैली निकली गई। पूरे शहर में जगह जगह सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस फोर्स तैनात रही।

प्रथम पृष्ठ का शेष

रघुकुल नंदन भव्य मंदिर में ...

पूरा होने के साथ ही मंदिर प्रांगण जय श्रीराम के उदघोष से गूंज उठा और विभिन्न वाद्ययंत्रों से बधाई गीत के मधुर सुरों ने वातावरण को भक्तिमय मिठास घोल दी। इसके साथ ही आसमान से मंदिर प्रांगण में पुष्प वर्षा की जाने लगी।

श्रीरामलला के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान 1949 से पूजित रामलला की प्रतिमाओ का पूजन श्री मोदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। गर्भ गृह में श्री मोदी के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे वहीं इस दिव्य क्षण का साक्षी बनने मंदिर प्रांगढ़ में कई अजीम हस्तियां उपस्थति थीं।

पीएम का व्रत स्वामी ...

श्रीरामलला की परिक्रमा की और साष्टांग प्रणाम किया। उन्होंने राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के भी पैर छुए। प्रधानमंत्री इसके बाद सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव ने भगवान राम का चरणामृत पीलाकर उनका व्रत खुलवाया। प्रधानमंत्री 12 जनवरी से 11 दिन के उपवास पर थे।

पीएम बोले, कहा- हजार...

ज्योत जलेगी। कल मैं धनुषकोडि में था। जिस घड़ी राम समुद्र पार करने निकले थे, उसे कालचक्र बदला था। अब कालचक्र फिर बदलेगा।

कार सेवकों को किया नमन

राम भक्तों को नमन किया, कारसेवकों को याद किया:ऋषियों ने कहा है कि जिसमें रम जाएं, उसी में राम है। हर युग में लोगों ने राम को जिया है। हर युग में लोगों ने अपने-अपने शब्दों, अपनी-अपनी तरह राम को व्यक्त किया है। ये राम रस निरंतर बहता रहता है। आज के इस ऐतिहासिक समय में उन अनगिनत कारसेवकों, संत-महात्माओं के हम ऋणी हैं। आज उत्सव का क्षण तो है ही, साथ ही ये क्षण भारतीय समाज की परिपक्वता का भी है। ये क्षण विजय ही नहीं, विनय का भी है।

कुटिया में जीवन गुजारने वाली मां शबरी का ध्यान आता है। वो हमेशा कहती थीं- राम आएंगे। ये सच हुआ है।निषादराज की मित्रता सब बंधनों से परे हैं। सब समान हैं। मैं तो बहुत सामान्य हूं, मैं तो बहुत छोटा हूं, कोई ये सोचता है तो उसे राम की मदद करने वाली गिलहरी का ध्यान करना चाहिए। सबका अपना योगदान होता है। यही दिव्य और समर्थ भारत बनने का कारण बनेगा।

121 ब्राम्हणों ने कराई ...

बाद कलश पूजन और मूर्ति की शोभायात्रा हुई फिर मूर्ति का परिसर में प्रवेश हुआ। जलयात्रा और तीर्थ पूजा हुई और अधिवास हुए।

मूर्ति की पवित्रता और शक्ति बढ़ाने के लिए मूर्ति को जल, घी, औषधि, केसर, शहद, फल, अनाज और सुगंधित चीजों में रखा गया। इसे अधिवास कहते हैं। इसके बाद श्रीरामलला को 20 जनवरी को स्थापित किया।

मोदी ने मंदिर बनाने वाले ...

कुबेर आए थे और टीले पर भगवान शंकर की पूजा के लिए शिवलिंग की स्थापना की थी। यहां मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की भी मूर्तियां हैं।

औषधाधिवास...

रामायणपारायण हुआ।

81 कलशों की स्थापना और पूजा

इस दिन मन्दिर के प्रांगण में 81 कलशों की स्थापना और पूजा हुई। इसके बाद सुबह शर्कराधिवास और फलाधिवास की क्रिया हुई। शर्कराधिवास में शक्कर और फलाधिवास में फलों के साथ मूर्ति को रखा गया। फिर शाम को पुष्पाधिवास की क्रिया हुई। इसमें कई तरह के सुगंधित फूलों में मूर्ति को रखा जाता है। माना जाता है, इन क्रियाओं से मूर्ति की पवित्रता और बढ़ जाती है।

सीएम साय ने शिवरीनारायण...

शबरी के झूठे बेर खाए थे। शिवरीनारायण में ही प्रभु राम और शबरी का मिलन हुआ था। उसी वक्त से ये पवित्र स्थान आस्था का केंद्र बन गया और शिवरीनारायण के नाम से जाना जाने लगा।

भगवान शिवरीनारायण आते हैं:

ऐसा माना जाता है कि, शबरी और राम के अटूट प्रेम को देखकर माघी पूर्णिमा पर पुरी के भगवान जगन्नाथ शिवरीनारायण आते हैं। इस दौरान भगवान के पट बंद कर दिए जाते हैं। इसके बाद भगवान नर नारायण के चरण कुंड के जल से उनका अभिषेक किया जाता है।

श्रीराम की कर्मभूमि: छत्तीसगढ़ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का ननिहाल और उनकी कर्मभूमि है। 14 सालों के कठिन वनवास काल में श्रीराम ने अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में ही बिताया। श्रीराम को भांजे के रूप में पूजा जाता है। भगवान राम ने शबरी की तपस्या से प्रसन्न होकर न केवल उन्हें दर्शन दिए बल्कि उनकी भक्ति और भाव को देखकर जूठे बेर भी खाए। आज भी शबरी और राम के मिलन के बारे में आप कई जगाहों पर पढ़ और सुन सकते हैं।

आज हमारे लिए गौरव का दिन- माथुर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीजेपी प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि आज जय श्रीराम का जयघोष अयोध्या तक जाना चाहिए। हम सबका सौभाग्य है कि 500 वर्षों के त्याग, बलिदान का फल आज हमें मिला है। हमारा समाज समतापूर्ण समाज रहा है। प्रभु राम ने कभी किसी के बीच भेदभाव नहीं किया। इसलिए वे भगवान हैं। उन्होंने वनवासियों का आतिथ्य स्वीकार किया। यही हमारी संस्कृति है। आज हमारे लिए गौरव का दिन है।हमने शुरू की रामलला दर्शन योजना: साय- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमने हर साल छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या धाम के दर्शन कराने का फैसला लिया है।

रामलला की प्राण ...

जगह-जगह लोग इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने के लिए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रहे हैं। कई स्थानों पर कलश यात्रा सहित शोभायात्रा निकाली जा रही है। वही श्रीराम के कई मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

डिप्टी सीएम साव देंगे कलाकारों को वाद्य यंत्र: रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा आमंत्रित कलाकारों की टीम ने लोरमी हाईस्कूल मैदान में 5 हजार किलो से बेर की श्रीराम की रंगोली बनाई गई है। जो लोगों में एक अलग ही आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। श्री साव के दौरे के दौरान श्रीराम के नवीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अलावा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राम मंडलियों को जिला प्रशासन की पहल से अरुण साव के हाथों वाद्य यंत्र भी प्रदान किया जाएगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, संभाग-महासमुन्द (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक - 332/एन.आई.टी. क्र.-23/2023-24/व.ले.लि. — महासमुंद, दिनांक 19/01/2024

1 निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 01/02/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2 ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 08/02/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3 निविदा खोलने की तिथि :- 09/02/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. क्र. निविदा क्र.	कार्य का विवरण / No. of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में)
23 T0117	जमा मद अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (रा) कार्यालय महासमुन्द में आंतरिक बी.टी. मार्ग एवं इंटरलाकिंग ब्लॉक कार्य।	11.75 9000.00 177000.00
23 T0118	जमा मद अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (रा) कार्यालय महासमुन्द में भवन की पुताई एवं खिड़कियों में एल्युमिनियम कार्य बैठक कक्ष में फर्नीशिंग आदि कार्य।	16.99 12800.00 255000.00

टीप :- (1) उपरोक्त निविदा में निविदा प्रपत्र Form-A में तथा निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750/- है।
(2) उपरोक्त निविदा में निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत 'द' से 'अ' तक है।
(3) उपरोक्त निविदा में T0117 में कार्य की अवधि 02 माह एवं T0118 में कार्य की अवधि 03 माह निर्धारित है।
निविदा संबंधी शर्तें एवं विशेष शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-07276/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग - महासमंद (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक-चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

शंकर नगर में मानस गान समारोह प्रारंभ

नवागढ़। शंकर नगर नवागढ़ में 22 से 27 जनवरी तक पंच दिवसीय स-स्वर मानस गान समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजक माँ शारदा मानस मंडली नवागढ़ के सदस्यों ने बताया कि सोमवार से प्रारंभ हो रहे आयोजन में जलयात्रा 26 जनवरी को तो वहीं हवन, चढ़ोत्री व सहस्त्रधारा 27 जनवरी को होगा। आगन्तुक प्रत्येक मंडली को 601 रुपये प्रदान किया जाएगा। आचार्य पं बिसाहू प्रसाद शर्मा एवं यजमान गंगोत्री अघनु जायसवाल रहेंगे।

ग्राम बरगांव में अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू
नामी गिरामी विदेशी खिलाड़ी भी करेंगे शिरकत

डोंगरगांव। समीपस्थ ग्राम बरगांव में अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 जनवरी तक किया गया है। दिग्विजय फुटबाल क्लब के तत्वावधान् में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के नामी गिरामी खिलाडि़यों के अलावा विदेशी खिलाडि़यों के आने की संभावना है। प्रतियोगिता के विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 33333 रु. नगद एवं वीनर ट्राफी तथा उपविजेता टीम को 17001 रु. नगद एवं ट्राफी प्रदान किया जायेगा। ग्रामवासियों के सहयोग से स्व. दाऊ बिहारीदास वैष्णव की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 2001 रू. रखा गया है। लगातार कई वर्षों से आयोजित उक्त फुटबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेश की नामी गिरामी टीमों के भी हिस्सा लेने की संभावना है। खासकर विदेशी खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने हुनर का जलवा बिखेरेंगे। आयोजन समिति के मुकेश श्रीवास ने बताया कि उक्त फुटबाल प्रतियोगिता में अभी तक माहेशमती क्लब मुंबई, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड, भिलाई स्टील प्लांट, रामा एफसी रायपुर, कोरबा आदि की टीमों ने अपने आने की स्वीकृति दी है। स्पर्धा का समापन 28 जनवरी को होगा। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय पुरूस्कार के अलावा मैन ऑफद मैच, मैन ऑफद सीरिज, बेस्ट गोल कीपर, बेस्ट डिफेण्डर, बेस्ट स्कोरर, बेस्ट स्ट्राइकर तथा बेस्ट दर्शक का पुरूस्कार भी दिया जायेगा।

मंदिर का लोकापर्ण, फिर भी कार्य अधूरा

नगरी। नगरी विकास खण्ड मे नगरी से कुछ किलो मीटर पर ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में राम गमन पथ पर भाव्या 25 फीट राम मंदिर का मूर्ति का कुछ महीन लोकार्पण किया गया था मगर अभी तक वह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जिसके वही नगरी के मुकुंदपुर में 8 करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से भगवान श्रीराम जी की भाव प्रतिमा, श्री राम वाटिका, दीप स्तंभ, एलइडी ब्राडिंग, सप्तऋषि की मूर्तियां, प्रवेश द्वार, 1 कॉटेज, पार्किंग, एप्रोच रोड, पर्यटक सूचना केन्द्र, कलवर्ट निर्माण, कॉटेज निर्माण, लॉन डव्हलपमेंट, सीसीटीवी, यज्ञशाला, जनसुविधा केन्द्र, ड्रेन, विद्युतीकरण, ओव्हरहेड वॉटर टैंक, स्टेयर्स, सीढ़ी निर्माण, मॉडयूलर शॉपं, सप्तऋषि स्थल का विकास, साइनेजेस, गजीबो, बाउण्ड्रीवॉल, साइट डव्हलपमेंट, गार्ड रूम का निर्माण कार्य चालू है वहीं कुछ महीने से निर्माण कार्यधीमी गति से चल रहा है वहां प्रकार किसी प्रकार खुशी का माहौल दिखाई नहीं नहीं राम भगवान के आसपास को सजाया गया है।

भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु, 6 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार। भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन 17 जनवरी से 6 फरवरी तक आंनलाइन पंजीयन कर सकते है। ऐसे आवेदक जिनका जन्म 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के मध्य हुआ हो, वे ऑनलाईन पंजीयन हेतु पात्र होगे। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंको के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक हो अथवा किसी भी विषय में 12वी 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन पंजीयन हेतु वेबसाइट एचटीटीपीएस डबल स्लेस अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन पर लॉगिन कर सकते है।

पांच प्रबुद्धजनों ने की देहदान की घोषणा

भिलाई। ग्राम धनोरा के पांच प्रबंद्धजनों ने एक साथ देहदान करने की घोषणा की है। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इसके बाद धनोरा के ईश्वर सिंह वर्मा और उनकी पत्नी मैना बाई वर्मा, डी एल माहेश्वरी और उनकी पत्नी शशि महेश्वरी के अलावा महेश कुमार साहू ने मानवता की भलाई के लिए निकटवर्ती मेडिकल कॉलेज के नाम जारी की कुल पांच वसीयतें जो पवन केसवानी को प्रदान कीं। चिकित्सा अध्ययन एवं अध्यापन हेतु राजीव लोचन आयुर्वेद कॉलेज, चंदखुरी को अपना मृत शरीर दान देने के लिए पांचों देहदानियों के परिजनों ने उनकी वसीयतों में हस्ताक्षर करते हुए अपनी सहमति प्रदान की ।

स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत गरियाबंद के शीतला मंदिर परिसर में चला स्वच्छता का विशेष अभियान

■ नगर पालिका अध्यक्ष श्री गफ्फार मेमन एवं कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में सभी ने लिया हिस्सा

गरियाबंद। श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी पूरे देश भर में जोर-जोर से की जा रही है। इसी तारतम्य में जिले में भी कार्यक्रम की तैयारी के लिए मंदिर देवालयों एवं धार्मिक स्थलों को सजाया जा रहा है। साथ ही मंदिरों की साफ सफाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में आज स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत नगर पालिका गरियाबंद के द्वारा शीतला मंदिर परिसर गरियाबंद में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन एवं कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने मंदिर प्रांगण का साफ सफाई किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अमले ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाई और कूड़ा कड़कट एकत्रित कर डिस्पोज किया। साथ ही लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, एसडीएम श्री भूपेंद्र साहू, वरिष्ठ नागरिक श्री राजेश साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सुरेंद्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, पार्षद ऋतिक सिन्हा, प्रतिभा पटेल, ज्योति सहनी, चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा, विनय दासवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता सप्ताह मनाया जा रहा है। यह एक सराहनीय अभियान है। देश के हर नागरिक स्वस्फूर्त ही इसमें जुड़ रहा है। धार्मिक स्थलों और मंदिरों के सफाई और साज सज्जा होने के साथ ही 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन सभी मंदिर जगमग होंगे। उन्होंने नगर के लोगो से भी अपील करते कहा कि नगर के धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई रखे, गंदगी न फैलने दे। इस मौके पर कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने कहा कि देशभर में आज स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अच्छी पहल है। जब हम सब और समाज का हर वर्ग जागरूक होगा, इसके महत्व को समझेगा तब देश स्वच्छता और स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपनी घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की।स्वच्छता अभियान के तहत शीतला मंदिर में सभी लोगों ने मंदिर परिसर में मिलकर परिसर के आसपास फैले कचरों और कूड़ा करकट को इकट्ठा कर उन्हें सही जगह निष्पादित किया। साथ ही सभी लोगों ने वहां स्वच्छता का संकल्प भी लिया। लोगों ने अपने आसपास क्षेत्र को साफ सफाई रखने के लिए एक दूसरे को प्रेरित भी किया। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में श्री राम लला राम प्रतिष्ठा की तैयारी पूरे देश में की जा रही है। जिले में भी सभी लोग खुश है और खुशी के माहौल में मंदिर और देवालयों को सजाया जा रहा है।

बढ़ा अपराध, 50 वर्षीय वृद्ध की बेरहमी से हत्या

कवर्धा । कबीरधाम जिले के ग्राम लालपुर कला में रविवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली। इस व्यक्ति की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किया गया था। सिटी कोतवाली से मिली जानकारी अनुसार मृतक का नाम साधराम यादव (उम्र 50 वर्ष) जो गौशाला में चरवाहा का काम करता था। रविवार की सुबह लालपुर कला के नर्सरी के पास खून से लथपथ उसकी लाश मिली । इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपी को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी नाबालिग है। पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। कवर्धा सिटी कोतवाली थाना प्रभारी टीआई एमबी पटेल ने बताया कि आपसी विवाद के दौरान आरोपी युवकों ने हत्या की है। इन आरोपियों में सुफियान पिता ईजराईल कुरैशी उम्र 21 निवासी एकता चौक कवर्धा, ईदरिस पिता खलील खान उम्र 27 निवासी आदर्श नगर कवर्धा, अयाज पिता जहज्जुल खान उम्र 29 निवासी बीच पारा कवर्धा व महताब खान पिता अनवर खान उम्र 22निवासी एकता चौक कवर्धा को गिरफ्तार किया है। वहीं मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची थी। इस मामले में पुलिस की जांच शुरू की गई। दोपहर 12 बजे तक पुलिस ने तीन से चार संदिग्ध आरोपी से पूछताछ किया है। इसी दौरान हत्याकांड का खुलासा हुआ है।

आरोपीयो को फांसी की सजा देने उठ रही मांग

रविवार को शव का पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले परिजनों को शव के साथ एसपी कार्यालय में ज्ञापन देने के लिए पहुंचे हुए थे। परिजनों ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग कि है।

रात से घर नहीं पहुंचा था मृतक

जानकारी अनुसार मृतक रात से ही अपने घर नहीं पहुंचा था। जिस जगह पर हत्या हुई है, वह गांव से लगा हुआ है। कवर्धा शहर से इसकी दूरी करीब 5 किमी है। वहीं हत्या के बाद परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक सीधा सरल स्वभाव का था। इससे किसी भी व्यक्ति से कोई दूश्मनी भी नहीं थी। रात के समय में ही इन 5 आरोपियों ने हत्या को अंजाम दिया।

आपसी संघर्ष नहीं हुआ, सीधा हमला किया गया

पुलिस के अनुसार जिस जगह से मृतक का शव मिला है, वहां पर आपसी संघर्ष जैसे दिखाई नहीं दिया है। यानि मृतक के ऊपर सीधे हमला किया गया है। मृतक के गले पर गंभीर चोट के निशान भी मिले थे। मृतक का उम्र 50 वर्ष के करीब है। इस कारण भी वह बीच-बचाव नहीं कर सका। हत्या की वारदात होने के बाद शहर व गांव में हड़कंप मचा हुआ था। मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची हुई थी। खोजी कुत्ता घर के आसपास तक ही पहुंच सका था। मृतक का घर घटना स्थल से करीब 800 मीटर की दूरी पर है। पुलिस ने मौके से कुछ सैंपल भी लिया है, जिसे जांच के लिए भेजा है। वहीं ग्रामीणों में हत्या के बाद दहशत का माहौल है।

हितग्राहियों के राशनकार्ड का किया जाएगा नवीनीकरण

बालोद। खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने एवं हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण की तिथि 25 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कर जिले के शतप्रतिशत हितग्राहियों को इसका लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जरी किए गए निर्देश के आधार पर राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु राशनकार्ड धारी स्वयं अपने एन्ड्रायड मोबाईल से विभागीय वेबसाइट से एप्प डाउनलोड कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निकाय स्तर पर संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालक (विक्रेता) के पंजीकृत एन्ड्रायड मोबाइल या टेबलेट के माध्यम से भी हितग्राही आवेदन कर सकेंगे। राशनकार्डधारी हितग्राही ऑनलाईन आवेदन के साथ-साथ संचालक (खाद्य) द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र की लिखित प्रति में संचालक के पास जमा की जाऐगी। दुकान विक्रेता द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन नवीनीकरण की आगामी कार्यवाही हेतु संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में जमा किया जाएगा। उसके पश्चात् छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम 2016 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण तथा पीडीएफ प्रिन्ट की कार्यवाही की जाएगी। राशनकार्ड का पीडीएफ तैयार होने तथा संचालक खाद्य द्वारा मुद्रण पश्चात प्रदाय राशनकार्ड कव्हर के साथ पीडीएफसंलग्न कर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी उपरांत राशनकार्ड वितरण की कार्यवाही की जाएगी। सामान्य राशनकार्ड को छोड़कर शेष समस्त नवीनीकृत राशनकार्ड निःशुल्क प्रदाय किया जाना है। सामान्य राशनकार्ड पर 10 रुपये प्रति कार्ड की राशि प्राप्त उपरांत हितग्राही को राशनकार्ड प्रदाय की जाएगी।

जिला सहकारी बैंक में बेहिसाब भीड़ उपशाखा खोले जाने की मांग, एक और बैंक हो कृषकों ने की अपील

लखनपुर+सरगुजा। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य विभाग द्वारा ब्लाक क्षेत्र में बनाये गये लखनपुर, अमेरा, चांदो जमगला ,लहपटरा अमलभिठी ,कुन्नी निम्हा उप समिति पुहपुटरा,लोसगा सभी 9 समितियों के तकरीबन 25 हजार खातेदार पंजीकृत किसानों का खाता ज़िला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा लखनपुर में संचालित है। उपार्जन केन्द्रों में बेचें गये धान का पैसा निकालने बैंक में किसानों की लम्बी कतार लगी रहती है। सुबह से लेकर देर शाम तक किसान पैसा आहरण करने परेशान रहते हैं। इतना ही नहीं बैंक कर्मचारीयों की भी फजिहत बनी रहती है। इस बात को लेकर क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि दो अलग-अलग स्थानों में बैंक संचालित होता तो समितियों के पंजीकृत किसानों को अपने बेचें गये धान की पैसा निकालने में आसानी होती। परंतु कई मर्तबा शासन प्रशासन से मांग किये जाने के बाद भी इस मसले का हल नहीं निकल सका । और व्यवस्था नहीं बन पाने कारण स्थिति जस का तस बना हुआ है। किसान बैंक से अपना पैसा निकालने आये दिन परेशानी से जूझ रहे हैं। पूर्व के कांग्रेस सरकार कार्यकाल में इस मुद्दे को किसानों ने प्रमुखता से उठाया था। मगर कांग्रेस सरकार के ओर से मात्र कोरा आश्वासन ही मिला जो पूरा नहीं हो सका। मौजूदा वक्त में प्रदेश के भाजपा सरकार से किसानों को अपेक्षा है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लखनपुर के उपशाखा खोले जाने पर शासन सहानुभूति पूर्वक विचार करेगी। यदि एक और बैंक शाखा खोल दिया जाता है तो खाताधारक किसानों को अपना पैसा आहरण एवं जमा करने में समय बचत के साथ काफी हदतक राहत मिलेगी। बैंकिंग कार्य भी सही एवं सुचारू ढंग से संचालित हो सकता है। आज सूरतेहाल ऐसा है कि दूर दराज ग्रामीण तथा सरहदी वनांचल इलाकों से बैंक तक आने वाले किसानों को भीड़-भाड़ के कारण कभी कभार बिना पैसे लिये घर की ओर खाली हाथ बैरंग वापस लौट जाना पड़ता है। चार चार धान खरीद केन्द्र के अनुपात में दो बैंक शाखा खोला जाना वाजिब होगा कृषकों ने मंशा जाहिर किये है।

श्री राम के आदर्शों एवं आचरण को आत्मसात कर जीवन को सफल बनायें : टंकराम वर्मा

बलौदाबाजार। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 22 जनवरी 2024 को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बलौदाबाजार स्थित षष्ठी मंदिर प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय रामभक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम में छतीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। मंत्री श्री वर्मा ने षष्ठी मंदिर में माता षष्ठी एवं माता शीतला के दर्शन कर पूजा- अर्चना की । इसके पाश्चत उन्होंने राम दरबार के तैल चित्र की विधि विधान से पूजा -अर्चना व आरती की। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का जीवंत प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर देखा गया। प्रभु श्री राम की अद्भुत एवं अलौकिक रूप देख लोग भाव विभोर हो गए। उपस्थित सभी लोगो ने दोनों हाथ ऊपर उठाकर जय श्री राम के जयघोष का उच्चारण किये । मंदिर प्रांगण शुभ शंख नाद एवं घंटियों की ध्वनि से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर राम भजन रस धारा निरंतर बहती रही। श्री रामलला के स्वागत को लेकर लोगों में बेहद उत्साह था। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक व अलौकिक पल के आज हम सब साक्षी बने है। जो सपना हमारे पूर्वजो ने देखा था उसे लंबे समय बाद साकार होते देख रहे है। अयोध्या हमारे लिए आस्था का केन्द्र है।। इस दिन को देखने के लिए हजारों सनातनियों ने बलिदान दिया। प्रभु श्री राम सबके है। श्री राम कथा का श्रवण के साथ ही उनके आदर्शों पर चलने और आचरण को आत्मसात करने से ही जीवन सफल होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है। बच्चो को संस्कारवान बनाने में माताओ की सबसे अधिक भूमिका होती है। मंत्री श्री वर्मा ने 1528 में आक्रांता बाबर के द्वारा मंदिर तोड़े जाने से लेकर 2019 में उच्चतम न्यायालय द्वारा राम जन्मभूमि के पक्ष में फैसला देने तक के विभिन्न घटनाओं का सिलसिलेवार ढंग से प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने नगरी हो अयोध्या की, रघुकुल का घराना हो भजन गाकर कार्यक्रम को रामभक्तिमय बनाया। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जयसवाल ने कहा कि आज बहुत खुशी का पल है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अयोध्या में विराजमान हुए। हम श्री राम कथा बचपन से सुनते आ रहे है ।

क्षेत्र वासियों से रुबरु हुये लूंड्रा विधायक प्रबोध मिंज अपने बीच पाकर खुश हुये ग्रामीण

लखनपुर+ सरगुजा। 19 जनवरी दिन शुक्रवार को नवनिर्वाचित लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर, अमगसी, नरकालो पहुंच ग्रामीणो से रूबरू हुये। गांव के लोगों ने अपने विधायक को अपने बीच पाकर खुशी का इजहार करते हुए ढोल नगाड़ों के धुन थिरकते हुए भव्य रूप से उनका स्वागत किया। लोगों की बेशुमार जनसैलाब देखकर नवनिर्वाचित विधायक प्रबोध मिंज काफी उत्साहित हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी 54 सीट पर जीत करके अपनी सरकार बनाई है इस फेहरिस्त में लूंड्रा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रबोध मिंज जीत का परचम लहराया है। विजयी विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त कर रहे है। ,इसी कड़ी में लूंड्रा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ब्लाक लखनपुर के ग्राम पंचायत कुंवरपुर, अमगसी, नरकालो, व अन्य ग्रामों का जन सम्मान यात्रा कर क्षेत्र के जनता और कार्यकर्ताओ से मिल कर उनका आभार जताते हुए विधायक ने क्षेत्र के लोगों की समस्या के बारे में जानकारी लिया । विधायक मिज ने कहा छत्तीसगढ़ में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी के आधार पर काम होगा,और अब सब तरफ विकास की धारा बहेगी। हर महिला को सम्मान मिलेगा । कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में रूकी हुई प्रधान मंत्री आवास कार्य मुक्कमल होगें। सूबे में भाजपा सरकार की ताजपोशी होने के साथ ही 18 लाख परिवारों को पक्का मकान देने की कवायद शुरू हो गई है। इसके अलावा विवाहित महिलाओं को महतारी वदन के तहत 12 हजार रूपये सालना मिलेंगे। आवास योजना, धान खरीदी, बोनस सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विधायक ने तफसील से दी। बेहद खुशी की बात है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होगा। हमारे भाजपा सरकार की घोषणा पत्र माननीय प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है, उसपर अमल किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों ने बेझिझक शिकायती लहजे में कहा कि लुन्डरा विधानसभा क्षेत्र से जो भी विधायक बनते हैं वह कभी ग्राम कुंवरपुर नहीं आते, ग्राम वासियों को अपने विधायक के दीदार करने तक का नसीब नहीं होता, जिससे हम ग्रामवासी पिछले सभी निर्वाचित विधायकों के सम्मुख अपनी बुनियादी मूलभूत असुविधाओं को नहीं रख सके । इस बात को लेकर भी पूर्व के विधायको से ख़फ़ा रहे हैं। पंचायत वासियों के इस गिला पर विधायक मिज ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में पिछले लगातार 20 सालों से कांग्रेस के विधायकों का कब्जा रहा। खुदगर्ज कांग्रेसी विधायक फक्त वोट के लिए आपके बीच आये और चुनाव जीतने के बाद कभी आपके सुख-दुख को समझना मुनासिब नहीं समझा । मैंने जीत दर्ज करने के साथ ही ठान लिया था की विधायक बनने के बाद साल में एक दो बार आप लोगों के बीच पहुंचता रहूंगा।आप सभी स्नेहीजनों के सुख दुख में साथ दे सकूं। ये मेरी खुश किस्मती है कि आप सभी जनता जनार्दन के आशीर्वाद के कारण मैं 24 हजार अधिक वोटो से फतह हासिल किया ।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग की ली समीक्षा बैठक

■ योजनाओं के गंभीरता पूर्वक संचालन कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

गरियाबंद। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभा कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर श्री अग्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर समीक्षा की। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभागीय जानकारी कलेक्टर के समक्ष दी गई। जिसमे कलेक्टर ने गरियाबंद एवं मैनपुर ब्लॉक में विशेष रूप से सुपोषण योजना को संचालित करने के निर्देश दिए। जिससे कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं को सुपोषित किया जा सके । जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण स्तर में कमी लाना, किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया के स्तर में कमी लाना, शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए प्रयास करने के लिए उचित मॉनिटरिंग के साथ साथ समुदाय के व्यवहार परिवर्तन लाने व कार्ययोजना तैयार कर संभावित लक्ष्य प्राप्त करना है । कलेक्टर ने जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली कनेक्शन, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, नया आंगनबाड़ी भवन एवं निर्माणधीन भवन की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु परियोजना अधिकारी को कहा । स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग समन्वय स्थापित कर आ.बा. केंद्र में डेली रूटीन चेकअप सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

इसके अलावा कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अन्य सरकारी योजना जैसे नोनी सुरक्षा, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलवाने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह का टारगेट पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद मिशन वात्सल्य एवम मिशन शक्ति योजना के तहत सखी सेंटर, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति व नवा विहान के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दिया गया कि मैनपुर एवं देवभोग ब्लॉक में पोषण पुनर्वास केंद्र खोलने की स्वीकृति मिल गया है जिसे जल्द ही अमल किया जाएगा। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला में राष्ट्रीय कृमि दिवस को सफल बनाने के लिए विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए । कलेक्टर ने जिला के सभी बीएमओ को स्वास्थ्य केंद्र को साफ सफाई एवं व्यवस्थित रखने तथा टीकाकरण को बढ़ाने के निर्देश दिए । इसके बाद उप संचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दिया गया की सभी ब्लॉक में शिविर के माध्यम से दिव्यांग बच्चो का सर्टिफिक्रेट बनाया गया, ऐसे बच्चे जो पात्र हैं उन्हें योजना से जोड़ने का कार्य चल रहा है । कलेक्टर द्वारा सभी जगह भारत माता वाहिनी का गठन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारी को आगामी 15 अगस्त को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए।

लोकतंत्र की थीम पर बनी छत्तीसगढ़ की जनसंसद मुरिया दरबार की झांकी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आदिम काल से लोकतंत्र की जड़ें विद्यमान हैं। इसका जीवंत उदाहरण मुरिया दरबार में देखने को मिलता है। 'भारत लोकतंत्र की जननी' थीम पर बनी छत्तीसगढ़ की झांकी ने राष्ट्रीय मीडिया को खासा आकर्षित किया है। गणतंत्र दिवस पर कर्तव्यपथ पर निकलने वाली राज्यों की झांकियों का आज नई दिल्ली की राष्ट्रीय रंगशाला में प्रेस प्रिव्यू आयोजित किया गया।

यहां पर 'बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार' विषय पर बनी राज्य की झांकी को राष्ट्रीय मीडिया की काफी सराहना मिली। इस दौरान झांकी के समक्ष छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने परब नृत्य का प्रदर्शन किया। वहीं मांदर की थाप के साथ बांसुरी की मधुर तान ने सबका मनमोह लिया। बस्तर दशहरा का हिस्सा है मुरिया दरबारः यह झांकी छत्तीसगढ़ के बस्तर में आदिम काल से मौजूद लोकतांत्रिक व्यवस्था को दिखाती है। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के समारोह में शामिल मुरिया दरबार की परंपरा आजादी के 75 साल बाद भी जारी है। यहां पर जनप्रतिनिधि और आमजन शामिल होकर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हैं। रियासत काल में जहां इसमें राजा शामिल होता था, वहीं अब मुख्यमंत्री भी शामिल होते हैं।

600 वर्षों से भी ज्यादा पुरानी है यह परंपरा

मध्य भाग में बस्तर की आदिम जनसंसद को दर्शाया गया है, जिसे मुरिया दरबार के नाम से जाना जाता है। 600 से अधिक वर्षों से यह परंपरा विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे का हिस्सा है। लेकिन इसकी शुरुआत के प्रमाण आदिम काल के मिलते हैं।

टेराकोटा शिल्प का हाथी लोक सत्ता का प्रतीक

झांकी की सजावट जनजातीय समाज की शिल्प-परंपरा के बेलमेटल और टेराकोटा शिल्पों से की गई है। बेलमेटल शिल्प का नंदी सामाजिक आत्मविश्वास और सांस्कृतिक सौंदर्य का प्रतीक है। टेराकोटा शिल्प का हाथी लोक की सत्ता का प्रतीक है।

लोक कलाकारों ने परब नृत्य की दी प्रस्तुति

परब नृत्य बस्तर की धुरवा जनजाति का लोकप्रिय नृत्य है। इसमें युवक-युवतियां मिलकर नृत्य करते हैं। ये सभी कतारबद्ध होकर नृत्य करते हैं और नृत्य के साथ विशेष करतब भी दिखाते हैं।

लिमऊ राजा के सामने लिया जाता था फैसला

झांकी के पीछे के हिस्से में बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर में स्थित लिमऊ राजा नाम के स्थान को दर्शाया गया है। लोककथाओं के मुताबिक आदि काल में जब कोई राजा नहीं था, तब जनजातीय समाज एक नींबू को पत्थर के प्राकृतिक सिंहासन पर रखकर आपस में ही निर्णय ले लिया करते थे। इसी परंपरा को बाद में मुरिया दरबार के रूप में विस्तार दिया गया।

न्यूज गैलरी

उमेश्वरी और ऐश्वर्या खो खो नेशनल के लिए चयनित

भाटापारा/नवप्रदेश। दीप क्लब कोदवा की उमेश्वरी निषाद पिता बालू निषाद एवं स्पोर्ट क्लब लेवई के

ऐश्वर्या का चयन रविशंकर यूनिवर्सिटी की तरफ से खो खो नेशनल के लिए हुआ है। छात्रा ऐश्वर्या स्थानीय महाविधालय की छात्र है। इस सफलता पर दीप क्लब एवं स्पोर्ट क्लब के सदस्यों के अलावा जिला खेल अधिकारी प्रीति बांछोर विकासखंड खेल अधिकारी शरद पंसारी क्रीड़ा प्रभारी जितेंद्र यादव शासकीय गजानन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पूर्णिमा साहू टीम मैनेजर शुबाबू मानिकपुरी,फिरोज टंडन,सुनील वर्मा,सागर वर्मा,पुरुषोत्तम यदु,रामसत्य वर्मा,दौलत वर्मा, ऋषि यदु,रामेश्वर वर्मा , तोषण निशाद सत्यम, धनेश्वर, हरिश, चंदन,शिव, भागवत, शत्रुघ्न, पुष्कर,राजशेखर,राज, केशव, वासुदेव, अजय, पिंटू,डीके,कमलेश ध्रुव,मोतीराम ध्रुव, जीवरखना निषाद,दीनू रजक,हेमू यादव,चमन ध्रुव इत्यादि ने दोनो छात्राओ को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

जिला जेल के बंदियों ने किया पूजा-अर्चना

धमतरी/नवप्रदेश। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज जिला जेल धमतरी में परिरूद्ध बंदियों ने जेल के अंदर पूजा अर्चना किया व सुन्दर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया। सहायक जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में बंदियों को प्रसाद के रूप में मिठाई और फल वितरित किया गया। इस अवसर पर जेल के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, फर्मासिस्ट इत्यादि उपस्थित रहे।

आशीष टिकरिहा ने किया पुनरीक्षण कार्य की जांच

धमतरी/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1

जनवरी 2024 के दौरान धमतरी जिले में पुनरीक्षण कार्य की जांच के लिये उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष टीकरिहा की नियुक्ति की गई है। श्री टिकरिहा द्वारा आज ज़िले का दौरा कर रूद्री स्थित मतदान केन्द्र सहित ज़िला निर्वाचन कार्यालय तथा निर्वाचक रजीस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय धमतरी में एसएसआर सम्बन्धी कार्यवाही का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

रामलला की स्थापना को लेकर दिखा दिवाली जैसा माहौल

नवागढ़/नवप्रदेश। रामजन्म भूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा होते ही पूरा नवागढ़ शहर प्रभु

राम की भक्ति में डूबा रहा। सभी सनातनी सोमवार की सुबह स्नान ध्यान करने के बाद राम मंदिर, हनुमान मंदिर, शमी गणेश मंदिर, महामाया मंदिर सहित अन्य मंदिर में जाकर पूजा अर्चना किया और भगवान से सुख समृद्धि की कामनाएं की। दिनभर नगर में चारों ओर राम धुन की सुनाई पड़ रही थी। जिससे नवागढ़ का वातावरण पूरी तरह से भक्ति में हो उठा था। नगर के सभी मंदिर में राम कथा सुंदरकांड रामायण हवन का दौर चल रहा था। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के सभी मंदिर को आकर्षक लाइट से सजाया गया था। मंदिरों को भगवा ध्वज से व तोरण से पाठ दिया गया।

डिप्टी सीएम विजय ने लालपुर पहुंचकर मृतक सादराम यादव के परिवार से की मुलाकात

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज ग्राम लालपुर पहुँचकर मृतक सादराम यादव के शोक संतप्त परिवार से भेटकर अपनी संवेदना प्रकट की। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने मृतक के परिवार जनों को 5 लाख रुपए चेक भेंट कर तत्कालिक सहायता प्रदान की। उपमुख्यमंत्री ने मृतक सादराम के माता जी श्रीमती सुखबति बाई यादव, पिता जोधन यादव सहित मृतक की पत्नी और उनके दो बेटी, एक बेटा से भेंट कर घटना के संबंध में बातचीत की। मृतक के परिजनों ने उपमुख्यमंत्री से मृतक परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय नौकरी दिलाने का आग्रह एवं मांग की। उप मुख्यमंत्री ने यादव समाज और मृतक के परिजनों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस प्रकरण में संलिप्त सभी आरोपियो के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव विशेष रूप से उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मृतक के

परिवारजनों से भेंट करने के बाद आसपास और गांव के ग्रामीणों से घटना के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ मृतआत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस मौक़े पर श्री कैलाश चन्द्रवंशी, श्री राम प्रसाद बघेल, श्री जग्गू सह, रामबिलास चंद्रवंशी, योगेश महाजन सहित आसपास और ग्रामवासी बड़ी संख्या में शोक सभा में शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने उप मुख्यमंत्री को घटनाक्रम एवं अबतक की गई कार्यवाही से अवगत कराया। उन्होने बताया कि इस हत्या प्रकरण में पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपियों को पकड़कर चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल और नाबालिग को बाल सुधार केंद्र भेज दिया गया है। उन्होंने बताया की मौखिक, दस्तावेजी और वैज्ञानिक/तकनीकी साक्ष्य सावधानीपूर्वक एकत्र किए जा रहे है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर विवेचना की जा रही है।

सांसद संतोष कार्यक्रम में हुए शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश। अयोध्या में आयोजित किये जा रहे प्रभु 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव' के अवसर पर कवर्धा के पटेल मैदान में दो दिवसीय भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सांसद श्री पाण्डेय ने रामलला प्रतिष्ठा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि यह बहुत ही प्रसंन्नता की बात है कि जिसके लिए हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, वह दिन आ गया है। मुझे याद है कि मै कार सेवा में गया था, जहां उस मैदान में पूरे भारत के लाखों राम भक्त पहुंचे थे। वह पल बहुत ही उत्साह और उमंग का था। आज वह समय आ गया है जहां मंदिर का निर्माण हो गया है। आज भगवान राम लला का अयोध्या में भव्यता के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है और हम उसके साक्षी

होंगे। हम बहुत ही सौभाग्यशाली है कि हमे इस अवसर को देखने मिलेगा। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव' के पूर्व दिवस संध्या से पटेल मैदान में आस्था कला मंच की प्रस्तुति, स्कूली विद्यार्थियों की भक्तिमय मनमोहक कार्यक्रम और भक्ति सागर समूह की भजन संध्या से कवर्धा शहर राममय हो हुआ। प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दिवस कवर्धा में शाम 6 बजे से राम भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कैलाश चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी, श्री उमंग पाण्डेय, चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, श्री रामबिलास चंद्रवंशी, मनीराम साहू, श्री आनंद मिश्रा, कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सनातन धर्म का ये सूर्योदय है-शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ साथ भाटापारा नगर में भी जश्न का माहौल रहा। उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी नगर के विभिन्न स्थानों मंदिरों में अपने परिजनों के साथ पहुच कर राम जी की पूजा अर्चना कर सभी के सुखः समृद्धि के लिए कामना की..

उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने चर्चा में बताया कि आज सनातन के लिए अद्भुत दिन है. जीवन धन्य हो गया, अयोध्या में भगवान दिव्य भव्य मंदिर में विराजित हो गए, मोदीजी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा. आज मन पुलकित हो गया,

शिवरतन ने आगे कहा कि, प्रभु राम के बिना ना तो यह दुनिया चलती है और ना ही देश चलता है। जब रामलाल पधार रहे हैं तो देश और प्रदेश का राममय होना स्वाभाविक है। फिर हमारा छत्तीसगढ़ तो प्रभु राम का ननिहाल है, हमारे यहां तो भांजे का पैर धोया जाता है। पूरे देश और विश्व के साथ में छत्तीसगढ़ की जनता भी रामलला का उत्सव मनाने के लिए आतुर थी..यह 500 वर्षो का संघर्ष था। हर भारतीय के लिए इससे अधिक गर्व का क्षण क्या हो सकता है।''

शिवरतन शर्मा ने कहा कि शताब्दियों के संघर्ष और प्रतीक्षा के उपरांत, हम सभी के आराध्य रामलला नव्य, भव्य एवं दिव्य राम मंदिर में विराजित हुए हैं। 22 जनवरी को हम सभी इस ऐतिहासिक अनुष्ठान के साक्षी बनें। भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प पूर्ति की भी तिथि है।

वर्षों पहले, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवानी एवं पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ-साथ हजारों कारसेवकों द्वारा राम मंदिर के लिए शुरू हुई उनकी यात्रा अब सिद्धि के अंतिम पड़ाव तक पहुँची है।

राम जन्मभूमि आंदोलन के संघर्ष से लेकर उसकी सिद्धि तक भगीरथ प्रयासों में सहभागी बनने वाले हर व्यक्ति को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कोटि-कोटि नमन किया।

पीएम विश्वकर्मा योजना के 7 हितग्राही दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में होंगे शामिल

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का संचालन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित 7 हितग्राही दंपत्ति 26 जनवरी को राजधानी दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उक्त विश्वकर्मा कारीगरों ने आज प्रस्थान के पूर्व कलेक्टर सुश्री गांधी से भेंट कर उन्हें अपनी गतिविधियों के बारे में अवगत कराया । उल्लेखनीय है कि ग्राम तर्रागोंदी के गंदराम साहू, मुकेश साहू राजमिस्त्री, श्रीमती राखी बाई एवं खिलेश्वरी साहू दर्जी, ग्राम बोरझरा से कामराज साहू एवं रविन्द्र कुमार साहू कारपेंटर तथा धमतरी नगर निगम से छबि आनंद भरतद्वाज ने योजनांतर्गत प्राप्त प्रमाण पत्र परिचय पत्र आदि से कलेक्टर को अवगत कराया तथा योजना को कारीगरों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। कलेक्टर सुगांधी ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि इस प्रकार की योजना से लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को ऊपर उठायें तथा समूह एवं आसपास के व्यक्तियों में भी योजना के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार करें। योजना के नोडल अधिकारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सुरेन्द्रपुरी गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 18 प्रकार के व्यवसायों के कारीगरों को लाभान्वित किया जाता है, जिसमें उनको पहचान एवं प्रशिक्षण तथा औजार उपकरण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही इकाई स्थापना के लिए रियायती व्याज दरों पर बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजनांतर्गत आवेदन की प्रक्रिया अन्यंत सरल है तथा नजदीकी सीएसएसी में उपस्थित होकर पूर्ण किया जा सकता है।

'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा' के लाइव प्रसारण के साक्षी बने श्रद्धालु

कवर्धा/नवप्रदेश। आयोध्या में आयोजित प्रभु 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव' का सीधा प्रसारण से कवर्धा के मां महामाया मंदिर के प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। कवर्धा सहित जिले के सभी ग्राम श्री राम नाम की धुन से गुंजित हो उठा। मंदिरों में रामायण मंडली के मानस भजन कीर्तन से कबीरधाम जिला राम भक्तिमय में लीन हो गया। मंदिर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर जिले वासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

शांतिकुंज में हर्षोल्लास के साथ हुआ दीपोत्सव और संकीर्तन

हरिद्वार/नवप्रदेश। अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को अखिल विश्व गायत्री परिवार ने बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। विगत कई दिनों से गायत्री तीर्थ में उत्साह सा माहौल है। चहुंओर जय श्रीराम के नारे गुंजायमान हो रहा है। शांतिकुंज, देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, ब्रह्मवर्चस शोध संस्थान से लेकर सम्पूर्ण विश्व के गायत्री परिवार के हजारों प्रज्ञा संस्थानों को भी आकर्षक रंगोलियों एवं पुष्पों से सजाया गया। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमित्त सैकड़ों गायत्री साधकों ने 27 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विशेष

आहुतियाँ दी। स्थान-स्थान पर मंगलगान से गुंजायमान हो रहा था। शाम संपूर्ण परिसर कई हजारों जगमगाते दीये और संकीर्तन ने उत्साह को चौगुना कर दिया। अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी ने कहा कि श्रीरामलला का प्राण प्रतिष्ठा यानि युगांतरीय चेतना का प्रादूर्भाव। आज सनातनियों, रामभक्तों आदि के संकल्पों का पूरा होने का दिन है। इस समय हर मन आह्लादित है कि हमारे प्रभु श्रीरामलला नव्य, दिव्य एवं भव्य मंदिर में विराजे हैं। गौरतलब है कि करोड़ों गायत्री परिजनों के प्रतिनिधि के रूप में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से युवा प्रतिनिधि डॉ. चिन्मय पण्ड्या श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह, अयोध्याधाम में उपस्थित थे।

राजस्व के मामले में सूचना

मामले की श्रेणी - राजस्व

न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 1 मंदिर हसौद जिला रायपुर तहसील मंदिर हसौद प.ह.न. 00027 गनौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324440206100017

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार- हेमेश कुमार साहू पिता/पति-ललीत कुमार साहू पता-रायपुर

अनावेदक पक्षकार- सतरूपा पिता/पति-सुकुल राम साहू पता-सा दुर्ग

भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचारधीन है

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00027 के अंतर्गत ग्राम गनौद के भूमिस्वामी सतरुपा पिता/पति-सुकुल राम साहू पता-सा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/7 (0.0222) में नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 1 मंदिर हसौद पर की जावेगी।

आप अपना पक्ष प्रकरण को आगामी सुनवाई तिथिके पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोटिस दिनांक- 18/01/2024

सील

नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद

न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला - रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324440722500159

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी मेसर्स ए. ढेबर बिल्ड्कान द्वारा भागीदार मोहम्मद अनवर ढेबर पिता/पति-हाजी जिकर भाई ढेबर पता-बैजनाथपारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15003/1(0.0209) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती सागरिका तिवारी पिता/पति-श्री चन्द्रकांत तिवारी पता-विवेकानंद नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जी वेयर हाउस प्रो. बबिता जैन पति चंद्रेश कुमार पाटनी निवासी गली सदर बाजार दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा ग्राम भोजेपारा प.ह.नं. 13 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 308/1 रकबा 0.26 हे. भूमि को औद्योगिक राईस मिल एवं गोदाम प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 02.02.2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/01/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

आम-सूचना

दिनांक 15-01-2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविंद पिता लल्लू प्रसाद वगैरह निवासी ग्राम तेंदुआ की ग्राम तेंदुआ पहन 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 124/29, 247/15 रकबा क्रमशः 0.122, 0.127 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक /क/वाचक / तह- / 2022-23 आदेश दिनांक 25.10.2023 के परिपालन में दिनांक 30.01.2024 को समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को

कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबंर 32, गुमा के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या

आपत्ति परं विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जानें।

15-01-2024

सील

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. /ब/121/वर्ष2023-24
धरसींवा दिनांक 27/12/2024
ग्राम सिलतरा प.ह.नं. 20
रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा
तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन पिता भुकन यदू निवासी ग्राम सिलतरा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम सिलतरा प.ह.न. 20 रा.नि.म. रायपुर-15 धरसीवा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 953/180 रकबा 0.0050 हे. भूमि आवेदक अर्जुन पिता भुकन के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था। जो कि गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31/01/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 27/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार,
धरसींवा

न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. /ब/121/वर्ष2023-24
धरसींवा दिनांक 27/12/2
ग्राम सिलतरा प.ह.नं. 20
रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसीवा
तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक पुनित पिता भुकन निवासी ग्राम सिलतरा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम सिलतरा प.ह.न. 20 रा.नि.म. रायपुर-15 धरसीवा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 953/178 रकबा 0.0050 हे. भूमि आवेदक पुनित पिता भुकन के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था। जो कि गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31/01/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 27/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
धरसींवा

न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ब/121/वर्ष 2023-24
ग्राम सिलतरा प.ह.नं. 20
धरसींवा दिनांक 27/12/23
रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसीवा
तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक धनसिंग उर्फ बरातू राम यदू निवासी ग्राम सिलतरा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम सिलतरा प.ह.न. 20 रा.नि.म. रायपुर-15 धरसीवा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 953/175, 953/176 रकबा 0.0160 हे., 0.0050 हे. भूमि आवेदक धनसिंग पिता भुखन के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था। जो कि गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31/01/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 27/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

सील

तहसीलदार,
धरसींवा

न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00077 सेरीखेड़ी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324440724900018

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00077 के अंतर्गत ग्राम सेरीखेड़ी के वर्तमान भूमिस्वामी गौकरन पिता/पति- डेरहाराम पता- सेरिखेड़ी, जयकिशन पिता/पति- डेरहाराम पता- सेरिखेड़ी, जयराम पिता/पति- डेरहाराम पता- सेरिखेड़ी, अमृतदास पिता/पति- डेरहाराम पता- सेरिखेड़ी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 142 (0.0240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अमृत दास गॅण्डरे पिता/पति-स्व. डेरहा राम पता-ग्राम सेरीखेडी के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

जमीन विवाद में हत्या

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के बम्हनीडीह में चार लोगों ने एक किसान को मार डाला। बताया जा रहा है कि जमीन विवाद को लेकर चारों डंडे और टांगिया से हमला किया। परिवार के लोग आनन-फानन में किसान को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पूरा मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी अनुसार खोलबहरा सिदर उम्र 55 साल सारागांव रोड के पास खेत में फसल लगने गया हुआ था। वहीं परिवार के ही तीन पुरुष और एक महिला खोलबहरा सिदर के पास पहुंचे। खेत में फसल नहीं लगाने की बात कहने लगे। इस पर विवाद बढ़ गया और सिदर के साथ मारपीट की गई।

ट्रैक्टर से टकराई बाइक, युवक की मौत

चांपा/नवप्रदेश। नगर के गौरव पथ से आगे न्यू कॉलेज मोड़ के पास खाली पड़ी जमीन पर खड़े ट्रैक्टर की ट्रॉलीमें रात के समय तेज गति से बाइक सवार भिड़ गया। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चांपा पुलिस ने बताया कि रात में दीपक देवांगन अपने घर से कहीं जाने के लिए बाइक में निकला था। कॉलेज मोड़ के पास तिराहा मेंसड़क से करीब 10 फीट दूर नीचे खड़े ट्रैक्टर की ट्रॉली के पीछे हिस्से में उसकी बाइक जाकर घुस गई। इस दौरान हादसे में मौके पर ही दीपक की मौत हो गई। रातभर युवक वहीं पर मृत पड़ा रहा। सुबह बगल में स्थित पेट्रोल पंप के कर्मचारी पानी केलिए बाहर आया तो देखा कि वहां कोई पड़ा है। इसके बाद फिर पुलिस को सूचना दी गई। यहांपुलिस ने घटना स्थल पर जाकर मर्ग कायम किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम हास्पिटल भेजा गया।

सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए प्रदेश के 6 केंद्रों में परीक्षा 28 को

जांजगीर/नवप्रदेश। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर सेअखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 28 जनवरी को होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। छठवींऔर नवमीं में प्रवेश के लिए रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा,बस्तर, कांकेर और रायगढ़ में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे।गौरतलब है कि देश में सैनिक स्कूल की संख्या बढ़ी है।इस बार छत्तीसगढ़ में तीन समेत देशभर के 68 सैनिकस्कूलों में प्रवेश दिए जाएंगे। कक्षा छठवीं की प्रवेशपरीक्षा पेन पेपर मोड में आयोजित की जाएगी। इसमेंप्रश्न मल्टीपल च्वाइस यानी एमसीक्यू बेस्ड रहेंगे। कुल300 अंकों के लिए होगी। इसमें लैंग्वेज, मैथ्स,इंटेलिजेंस, जनरल नॉलेज से 125 प्रश्न पूछे जाएंगे।कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा 400 अंकों की होगी। इसमेंमैथ्स, इंटेलिजेंस, इंग्लिश, जनरल साइंस, सोशल साइंससे 150 प्रश्न पूछे जाएंगे।

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। नाबालिग का अपहरण करने व शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस नेगिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरगुली थाना सलिहा जिला सारगंढ़-बिलाईगढ़ निवासी आरोपी सुनील कुमार चौहान क्षेत्र की एकनाबालिग का अपहरण कर अपने साथ भगा ले गया और उसे शादी का वादा करके उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह शादी से मुकर गया। पीड़िता ने शिवरीनारायण थाना में 22 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366 क, 376भादवि एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया था। घटना के बादसे आरोपी फरार था। पुलिस ने उसे उसकेघर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

राष्ट्रीय महोत्सव में बोधराम ने लिया हिस्सा

रायगढ़/नवप्रदेश। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयके तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजनमहाराष्ट्र के नासिक में हुआ था। इस पांच दिवसीयकार्यक्रम के लिए भारत के अलग-अलग राज्यों केरासेयो स्वयंसेवक हिस्सा लिया। राष्ट्रीय युवा महोत्सवके लिए शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ.के डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय सेबोधराम चौहान को चुना गया था। बोधराम चौहानलगातार 5-6 वर्षों से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़करनिरंतर सेवा करते आ रहे हैं। बोधराम चौहान यूनिट के सभी कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। लोगों को स्वच्छता,समानता, फीट इंडिया, महिला सशक्तहकरण, रक्तदानऔर पर्यावरण के प्रति जागरूक करते रहे हैं।

सीयूईटी के लिए 24 फरवरी तक करें आवेदन

रायगढ़/नवप्रदेश। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों एवंअन्य संस्थानों में संचालित पीजीकोर्स में प्रवेश के लिए कॉमनयूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट(सीयूईटी)अगले साल 11 मार्च को आयोजितकी जाएगी। इसके लिए आवेदन कीप्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑनलाइनआवेदन करने की अंतिम तिथि 24जनवरी तक निर्धारित की गई है। वहीं, 25 जनवरी तक एग्जाम फीसजमा होंगे। सामान्य वर्ग के लिएएग्जाम फीस 1200 रुपए, ओबीसीके एक हजार रुपए, एसटी, एसटीऔर थर्ड जेंडर के लिए 900 रुपएरखी गई है।

क्रेडिट कार्ड से 2 लाख की ऑनलाइन ठगी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड के दो मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को झारखंड के गिरिडीह और देवघर इलाके से गिरफ्तार किया है। एक मामले में फर्जी लिंक भेजकर युवक के क्रेडिट कार्ड से 2 लाख 39 हजार की ठगी कर ली गई थी। दूसरे मामले में क्रेडिट कार्ड का ड्यू बताकर आरोपी ने स्वयं को बैंक का अधिकारी बनकर कॉल किया और एक लाख की ठगी कर ली थी। जानकारी के मुताबिक बतौली थानाक्षेत्र के चिरगा निवासी शिवप्रसाद (40) के फोन पर अज्ञात व्यक्ति ने 28 दिसंबर 2023 को फोन कर अनजान लिंक भेजा। लिंक पर टच करते ही शिवप्रसाद का मोबाइल हैंग हो गया और कुछ देर बाद उसके क्रेडिट कार्ड से 239000 रुपए की निकासी का मैसेज मिला। रिपोर्ट पर थाना बतौली में धारा 420,66(डी) आईटी एक्ट का अपराध दर्ज किया गया था।

कारसेवा में शमिल लोग राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से हर्षित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 34 कार सेवक 1990 में अयोध्या में मंदिर निर्माण कार सेवक के रूप में गये थे। मंदिर निर्माण पश्चात प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज वे कार सेवक अपने आप को गौरवांवित महसूस करते हुए हर्ष प्रगट कर रहे है। उन्हे कई विपत्तियों का सामना करना पड़ा और विवादित ढ़ांचा गिराने के बाद सकुशल वापस भी पहुंच गये थे। उस पल को याद करते हुए उन्होने बताया कि वह पल रोमांच और श्रद्धा से भरा हुआ था। एक जुनून सा सवार था।

कार सेवक के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला एवं द्वारिका जायसवाल ने बताया कि मुंगेली से कार सेवकों का 34 लोगों का जत्था सुबह निकलकर बिलासपुर पहुंचा। ट्रेन से सवार होकर उत्तरप्रदेश के इलाहाबाद में उन्हे उतरना पड़ा। वहां से पैदल ही अयोध्या के लिये रवाना होने वाले थे, कि उसके पूर्व ही उन्हे अस्थायी रूप से बनाये गये ओपन जेल में छोड़ दिया गया था। घेरे से निकलने के लिये वे प्रयास करने लगे। अंततः रात्रि में एक दीवार तोड़कर वे अपनी यात्रा आगे बढ़ाये। यात्रा का संस्मरण सुनाते हुए गिरीश शुक्ला ने बताया कि उस समय कार सेवकों के प्रति स्थानीय लोगों का सहयोगात्मक रवैया था कि वे कार सेवकों को जगह-जगह भोजन, फल एवं रूकने की व्यवस्था भी करते थे। कुछ प्रशासनिक कसावट के चलते, कुछ गांवों में जहां प्रमुख व्यक्तियों ने गांव में रूकने से मना किया। वही महिलाएं सामने आकर उन्हे रूकने के लिये आग्रह कर रूकवाया और उनके खाने-पीने की व्यवस्था की। द्वारिका जायसवाल के अनुसार उन्हे लगभग 20-25 किलो मीटर प्रति दिवस पैदल चलना पड़ता था। रात को सोते समय दिन भर की थकान एवं हाथ पैरों में दर्द के नाम से ऐसा लगता था कि वापस लौट जाये।

दूसरे दिन सुबह नई उत्साह एवं श्रद्धा से पुनः अभियान में जुट जाते थे। अयोध्या में कार सेवा के दौरान विवादित मस्जिद ढ़हाते समय गोली बारी एवं धुएं की गुबार के मध्य में बांस एवं लकड़ी के बल्ली के आड़ में जान बचाने के लिये कार सेवक नीचे में पड़े रहे। आज जब मंदिर निर्माण के पश्चात प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर उन्हे आत्मीक संतुष्टि के साथ ही उन्हे उस अभियान से जुड़ने के लिये अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रहे है। कार सेवकों में प्रमुख रूप से द्वारिका जायसवाल के अलावा, गिरीश शुक्ला, मोहन भोजवानी, स्व. शंकर लाल जायसवाल, केदार सिंह परिहार, रमेश साहू, खेमसिंह बारमते, विक्रम मोहले, बिसाहू राम पटेल, शंकर सिंह ठाकुर, बाल गोविंद सिंह, रघुवंश नाथ सिंह, ईश्वर सिंह आदि प्रमुख रूप से रहे।

हाथियों की समस्या से निपटने की तैयारी

फेंसिंग मधुमक्खी पालन के साथ लगेंगे बांस के जंगल

जशपुरनगर/नवप्रदेश। राज्य सरकार हाथी और मानव के बीच सामंजस्यपूर्ण अस्तित्व का एक रास्ता ढूंढ रही है। इसके लिए कई उपाय निकाले जा रहे हैं। इन पर एक साथ काम शुरू कर दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों को आजीविका की तलाश में गहरे जंगल में जाने की आवश्यकता से छुटकारा दिलाया जा रहा है। उन्हें मधुमक्खी पालन से परिचित कराने का फैसला किया है। इससे दो उद्देश्य पूरे होंगे।

यह अतिरिक्त आजीविका के अवसर तो पैदा करेगा ही मधुमक्खियों को भी आबादी से दूर रखेगा। दरअसल मधुमक्खियों को हाथी पसंद नहीं करते। उसकी आवाज हाथियों को दूर रखेगी। मुख्यमंत्री की पहल पर वन विभाग और जिला प्रशासन दुलदुला, कांसाबेल, मनोरा, तपकरा, कुनकुरी वन परिक्षेत्र के हाथी प्रभावित ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स देने के साथ मधुमक्खी पालन के लिए प्रशिक्षण दे रहा है। जशपुर वन परिक्षेत्र में हाथियों के उत्पात से हर साल दो हजार हेक्टेयर से अधिक फसलों का नुकसान हो रहा है। सबसे अधिक धान की फसल को क्षति पहुंच रही है। इसे नियंत्रित करने के लिए वन विभाग किसानों के खेतों में सौर फेंसिंग करने पर विचार कर रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सरकार ने तपकरा वन परिक्षेत्र के तीन गांव का चयन किया है। हाथियों का उत्पात रोकने के लिए जहां जशपुर वन मंडल के अधिकारी कई प्रकार की कार्ययोजना को अमलीजामा पहना चुके हैं। वहीं, हाथी प्रोजेक्ट के तहत अब जंगलों में बेम्बू योजना की तरह कंजर्वेशन प्लांट में बांस के जंगल बनाने का फैसला किया है। जशपुर के डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय कहते है कि हाथी अपने पसंदीदा भोजन खाने में ही उलझे रहे और किसानों के खेतों की ओर रुख न करे, इसके लिये विभाग जंगलों में बांस के बीज छिड़कने का काम भी शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि हाथी प्रोजेक्ट के तहत जशपुर वन मंडल के अधिकारी हाथी कॉरिडोर में आने वाले बादलखोल, तपकरा, कांसाबेल तथा कुनकुरी रेंज के जंगलों में बांस उगाने का भी फैसला किया है।

ग्रामीणों की होगी आमदनी प्रयोग के रूप में हाथी प्रभावित एक-दो गांवों में किसानों के खेतों के आसपास मधुमक्खी पालन कराया जाएगा। हाथी खेतों में प्रवेश करने के लिए पहुंचेंगे तो मधुमक्खी का झुंड हाथियों आक्रमण कर देगा और हाथी वहां से भाग जाएंगे। ग्रामीणों को शहद इकट्ठा करने के लिए गहरे जंगलों में जाने की जरूरत नहीं पकड़ेगी। इससे हाथियों के साथ द्वंद्व की स्थिति भी नहीं बनेगी। डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अगर इस प्रकार से किसानों द्वारा अपने खेतों पर मधुमक्खी का पालन कर लिया जाए, तो निश्चित ही किसान हाथियों के आंतक पर नियंत्रण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मधुमक्खियों का भ्रमण क्षेत्र आधा से डेढ़ किलोमीटर तक होता है। प्रायः देखा गया है कि मधुमक्खी पालन वाले क्षेत्रों के पास हाथी नहीं भटकते हैं।

करीब आते ही बजेगा सायरन ग्रामीणों हो जाएंगे सतर्क

सोलर फेंसिंग लगाने की भी योजना बनाई है। पायलट प्रोजेक्ट के लिए विभाग ने तपकरा के तीन गांव पेरुवाआरा, टिकलीपारा का चुनाव किया है। जिसमें सोलर फेंसिंग की जाएगी। खास बात यह है कि इससे हाथी गांव के नजदीक नहीं आ पाएंगे और सायरन सिस्टम ऑन हो जाएगा।

राममय हुआ पूरा जिला

मुंगेली/नवप्रदेश। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर में त्यौहार के रूप में मनाने के लिए लोग उत्साहित है। क्षेत्र के मंदिरों में साफ-सफाई के साथ ही आकर्षक सजावट की गई है। सदर बाजार सहित नगर के दुकानों एवं मकानों में भगवा ध्वज एवं झालर आदि लगाये जा रहे है। जिले में राममय माहौल नजर आ रहा है।

बिजली खंभे की चोरी, पिकअप मालिक समेत चार गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। वनांचल क्षेत्र लेमरू के केउबहार गांव में बिजली सप्लाई के लिए लगे 7 खंभे को गैस कटर से काटकर चोरी कर लिया। बिजली विभाग को जानकारी हुई तो दर्री क्षेत्रके लाइनमैन आनंद उज्जैनी ने लेमरूथाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। लेमरू थाना प्रभारी जितेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तलाश शुरू की। मुखबिर से खंभे चोरी करने में प्रयुक्त पिकअप सीजी-12-बीए-5644 कीजानकारी मिली।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (LINE) Block-4, Near CSPHCL Dispensary,Dagania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce.eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2524221 Fax No. 0771-2574222

No. 02-05/Line/O.S./Tender-36/2594 Raipur,Dated 19 /01/2024

E-NOTICE INVITING TENDER

Sl. No.	Particulars		Total Qty	E.M.D	Tentative Cost
	Tender-36 (Rfx-8100035742) Deployment of 36 nos security guards (civilian) through outsource for watch and ward at various EHT:Constn./Maint. Stores under SE (EHT:C&M) Circle, Raipur and Bhilai for a period of 01 years..		36 Nos	Rs. 75,381/-	Rs. 75.38 Lakh
1.	EHT-Maint Dn, Raipur				
	A. Birgaon	03 Nos			
	B. Simga	03 Nos			
	C. Mahasamund	03 Nos			
	D. Bhatapara	03 Nos			
2.	EHT-Constn Dn, Raipur				
	A. Birgaon	03 Nos			
3.	EHT- Maint, Dn, Bhilai				
	A. Bhilai HQ	03 Nos			
	B. Bemetara	03 Nos			
	C. Khedamara	03 Nos			
4.	EHT-Const. Dn, Bhilai				
	A. Khedamara	03 Nos			
5.	EHT-Maint. Dn. Jagdalpur				
	A. Barsoor	03 Nos			
	B. Jagdalpur	03 Nos			
	C. Kanker	03 Nos			
	Last Date & Time of Sale of Tender		12/02/2024		17:30 Hours
	Last Date & Time of Submission of Tender		13/02/2024		15:00 Hours
	Date & Time of Opening of Tender		13/02/2024		15:30 Hours

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl_tendernotices/CSPTCL_Tender.htm.

SAVE ELECTRICITY S.39434/3

CHIEF ENGINEER (Line)
CSPTCL, RAIPUR

प्रतिभागी छात्राएं हुईं पुरस्कृत

मुंगेली/नवप्रदेश। व्यापार मेला के तीसरे दिन देशभक्ति गीतों में बच्चों के नृत्य से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों के नृत्य गीत से मेला परिसर देशभक्ति के भाव से सरोबार हो गया। सीनियर वर्ग के बच्चों ने इतनी शानदार प्रस्तुति दी कि दर्शकों की ओर से तालियां थम नहीं रही थी। तीसरे दिन मेला परिसर पूरा भरा भरा दिखा। बच्चों के नृत्य को देखने उनके पालक, शिक्षक व सहपाठी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके पूर्व दोपहर में मेहंदी प्रतियोगिता संपन्न हुआ जिसमें 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में साक्षी चैहान प्रथम वर्षा देवांगन द्वितीय एवं खुशी वालेचा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में श्रीमती पारस जैन कुमारी निधि शर्मा एवं सनी शुक्ला निर्णायक रहे। सायं 7 बजे 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए भारतीय महिला परिधान कार्यक्रम संपन्न होना है। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित है। व्यापार मेला को सफल बनाने में संस्था के संयोजक रामपाल सिंह, सहसयोंजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, दिनेश गोयल, सतपाल मक्कड़, गोखलेश सिंह, विकास जैन, राहुल कुर्रे, दीपक जैन, श्रेणिक पारेख, गौरव जैन, आशीष सोनी, अनीश जैन, नीलेश केशरवानी, देवेंद्र परिहार, गिरीश सुथार, रणवीर सिंह, अनुराग सिंह, सूरज मंगलानी, देवशंकर श्रीवास्तव, आशीष सिंह, राहुल साहू, हरिओम सिंह, सुनील वाधवानी, मुकेश पांडेय, रघुराज सिंह, रामकिशोर सिंह, आशुतोष सिंह, नागेश साहू, कोमल चैबे, पप्पू शर्मा, राहुल मल्लाह, पवन यादव, श्रेयांश बैद, वैभव ताम्रकार, रॉकी सलूजा, चित्रकान्त सिंह, रवि साहू, संतोष जांगड़े, आर्या सिंह, अजय चंद्राकर, दिलबाग सिंह, श्रीओम सिंह, धीरज लोढ़ा, सुरेश यादव, अमित साहू, देवेंद्र सिंह, वासु पांडेय सहित सँस्था के सभी सदस्य सक्रियता के साथ लगे हुए है।

4140 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

रायगढ़/नवप्रदेश। अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा, कीइकाई अघोर आश्रम-घोघरी रोड डभरा जिला सक्ती में 13 वें निःशुल्कविशाल स्वास्थ्य शिविर काआयोजन हुआ। अघोर संत बाबाप्रियदर्शी राम के निर्देशन में अघोरगुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के तत्वावधान में ग्रामीण अंचल में मानव कल्याण गतिविधियां निरंतर जारी है। डभरामें 16 हजार वर्गफीट के विशालपंडाल में आसपास के 114 गांवोंसे आए 4140 महिला, पुरुष व बच्चों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड बीजापुर (छ.ग.) (जल जीवन मिशन)

''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना'' (निविदा आमंत्रण सूचना)

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा. यां विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तों के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा। जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -

क्र.	निविदा क्रमांक/दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्राम	कॉल	कार्य की लागत (रु.लाख)	अमानत राशि (रु.में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	805/16.01.2024	151684	Bhairamgarh	CHHOTEBODLI	6th Call	8.06	6045/-
2	806/16.01.2024	151835	Bhairamgarh	TURRENAR	5th Call	11.71	8783/-
3	807/16.01.2024	151857	Bijapur	INDENAR-03	5th Call	16.91	12683/-
4	808/16.01.2024	151859	Bijapur	KARCHOLI	5th Call	40.5	30383/-
5	809/16.01.2024	151872	Bijapur	GUNDAM	5th Call	19.72	14790/-
6	810/16.01.2024	151858	Usoor	DHARMA	5th Call	15.72	11790/-
7	811/16.01.2024	151861	Bhairamgarh	BAKELI	5th Call	15.47	11603/-
8	812/16.01.2024	151864	Bhairamgarh	GUDSAKAL	5th Call	12.50	9375/-
9	813/16.01.2024	151846	Bhairamgarh	GUDRA	5th Call	20.95	15713/-
10	814/16.01.2024	151868	Bhairamgarh	DODUM	5th Call	16.82	12615/-
11	815/16.01.2024	151869	Bhairamgarh	GURRAMANGI	5th Call	7.03	5273/-
12	816/16.01.2024	151773	Bijapur	HIROLI	5th Call	11.58	8685/-
13	817/16.01.2024	151736	Bijapur	KUTEM	5th Call	22.90	17175/-
14	818/16.01.2024	151737	Bijapur	KURUSH	5th Call	19.39	14543/-
15	819/16.01.2024	151738	Bijapur	HUNLAKONTA	3rdCall	17.97	13478/-
16	820/16.01.2024	151739	Bhairamgarh	GOMTER	6th Call	16.10	12075/-
17	821/16.01.2024	151740	Bhairamgarh	DADHMER	3rd Call	26.55	19913/-
18	822/16.01.2024	151771	Bhairamgarh	BADEPALLI (G.P.Itampar)	3rd Call	20.80	15600/-
19	823/16.01.2024	151775	Bhairamgarh	MUKRAM	3rd Call	11.42	8565/-
20	824/16.01.2024	151817	Bhairamgarh	ANDRI	5thCall	19.65	14738/-
21	825/16.01.2024	151829	Bhairamgarh	BURDUM	5th Call	6.10	5000/-
22	826/16.01.2024	151836	Bhairamgarh	BAIL	5th Call	16.21	12158/-
23	827/16.01.2024	151837	Bhairamgarh	MARDINPAL	6thCall	9.44	7080/-
24	828/16.01.2024	151838	Bhairamgarh	TADOPOT	6th Call	15.32	11490/-
25	829/16.01.2024	151839	Bhairamgarh	ADEWADA (G.P.Tushwal)	5th Call	11.33	8498/-
26	830/16.01.2024	151840	Bhairamgarh	TEKALIKLA	5th Call	31.81	10358/-
27	831/16.01.2024	151841	Usoor	BAKNAGULGUDA	5th Call	19.54	14655/-
28	832/16.01.2024	151842	Bhairamgarh	TELITEKLA	5th Call	8.33	6248/-
29	833/16.01.2024	151860	Bhairamgarh	IRPANAR	6th Call	14.94	11130/-
30	834/16.01.2024	151863	Bhairamgarh	GODAMETA	6th Call	18.60	13950/-
31	835/16.01.2024	151876	Bhairamgarh	TADMA	5th Call	4.58	5000/-
32	836/16.01.2024	151877	Bhairamgarh	CHINTATOKMETA	5th Call	4.07	5000/-
33	837/16.01.2024	151876	Bijapur	INDERNAR-02	5th Call	16.75	12563/-

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) 19.02.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) 18.01.2024 से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-07277/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

मौसम पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही सरगुजिहा ठंड फिर बढ़ी

दो-तीन दिन तक रहेगी ठंड, फिर छाएंगे बादल

अंबिकापुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही सरगुजिहा ठंड के तेवर फिर तीखे हो गए हैं। इसके प्रभाव से रात के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई और यह फिर 7 से 8 डिग्री के बीच पहुंच गया है। शहर का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान 24 डिग्री तक पहुंचा। दिन में अच्छी धूप रही लेकिन उत्तर की हवा से धूप की तपिश कम रही। इसका असर जनजीवन पर भी देखा गया। सुबह चहल कदमी कम रही और शाम को मौसम में ठंडक घुली नजर आई। मैदानी व

पहाड़ी इलाके में तो और ज्यादा ठंड पड़ रही है। तापमान अगले दो से तीन डिग्री की और कमी की संभावना है लेकिन इधर उत्तर में एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से चार पांच दिनों बाद संभाग में फिर बादल छा सकते हैं। इससे पहले ठंड के तेवर ऐसे ही बने रहेंगे।

सुबह कोहरे का हल्का असर रहा और फिर धूप ने दिलाई लोगों को राहत शहर सहित आसपास के इलाके में हुई बारिश के कारण वातावरण में नमी का असर रहा। इसका प्रभाव सुबह हल्के कोहरे के रूप में देखा गया लेकिन बादल नहीं होने से धूप निकलते ही मौसम साफ हो गया।

रायपुर/भिलाई/नवप्रदेश। द्वारे-द्वारे नगरी-नगरी जगमग राम का ननिहाल। जगह-जगह बच्चे-बूढ़े और जवानों ने लोकाभिरामं श्री रामं, भूयो-भूयो नमाम्यहम का मंत्रोचार करते हुए दीप प्रज्वलित किया।

दुनिया भर में राम नाम की रही धूम, दिखा महोत्सव सा माहौल

- नेपाल के जानकी मंदिर में 1 लाख दीये जलाए गए, श्रीलंका में जहां रावण ने सीता को रखा, वहां राम-भजन; टाइम्स स्क्वायर पर दिखी प्राण प्रतिष्ठा
- भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इसे सेलिब्रेट किया जा रहा है। नेपाल के जनकपुर में जानकी मंदिर को सजाया गया है। यहां एक लाख से ज्यादा दीपक जलाए गए। वहीं, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर भी सेलिब्रेशन शुरू हो चुका है।
- श्रीलंका के सीता एलिया मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर पूजा की गई। माना जाता है कि ये वही जगह है, जहां रावण हरण के बाद सीता को रखा था। मंदिर में राम भजन भी किए जा रहे हैं।
- वहां भगवान राम के बिलबोर्डस के साथ लोग जय श्रीराम के नारे लगा रहे हैं। भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने हिंदी में ट्वीट कर राम मंदिर की बधाई दी है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को ताइवान के इस्कॉन में भजन कीर्तन किया गया।
- न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कवायर पर लोग ढोल-नगाड़ों और राम नाम के झंडों के साथ जश्न मना रहे हैं। ताइवान के इस्कॉन से जुड़े लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पहले रविवार को कीर्तन और भजन किया था।
- ताइवान के इस्कॉन से जुड़े लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पहले रविवार को कीर्तन और भजन किया था।
- न्यूजीलैंड के मंत्री बोले- जय श्री राम न्यूजीलैंड के मंत्री डेविड सीमोर ने जय श्री राम के नारे लगाए। उन्होंने भगवा स्कार्फ गले में लपेट कर पूरे भारत को राम मंदिर के लिए बधाई दी। डेविड ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में 500 साल बाद मंदिर बना है, जो हजारों साल तक रहेगा। मुझे राम मंदिर जाकर खुशी होगी। न्यूजीलैंड के मिनिस्टर ऑफ रेग्युलेशन डेविड सेमूर राम नाम का डुपट्टा गले में पहने नजर आ रहे हैं।

मॉरिशस में प्रधानमंत्री ने शुरू किया प्राण प्रतिष्ठा का जश्न

- मॉरिशस की 48% आबादी हिंदू है। वहां की सरकार ने हिंदूओं को आज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 2 घंटे का स्पेशल ब्रेक दिया है। ताकी वो राम मंदिर के कार्यक्रम को देख सकें। आज मॉरिशस के सारे मंदिर में दीए जलाए गए। सभी में राम के नाम का जाप किया गया।
- सेलिब्रेशन की शुरूआत मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ ने की। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मंदिर में दीप जलाया है। उन्होंने कहा- आइए हम अयोध्या में राम की वापसी का जश्न मनाते हैं। जय हिंद।
- मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ प्राण प्रतिष्ठा से पहले दीप जलाया ।
- मॉरिशस में भारतीय मूल के लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रैली निकाली।
- इंडोनेशिया के बाली में गांधी पुरी सेवा ग्राम आश्रम के संस्थापक ने यज्ञ किया।
- एटलांटा के मंदिर में लोग झंडे लेकर पहुंचे। भक्त श्रीराम की प्रतिमा के सामने माथा टेकते नजर आए।
- कैलिफोर्निया के सिलिकॉन वैली में लोग राम धुन पर नाचते दिखे। इस दौरान 900 कैरों ने रैली भी निकाली।
- रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आयरलैंड में भक्त जयकारे लगाते नजर आए।
- 20 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में भी भारतीय मूल के लोगों ने भगवान राम के झंडे लेकर कार रैली का आयोजन किया।
- इंडियन एसोसिएशन ऑफ ताइवान भी इस समारोह का लाइव टेलिकास्ट कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में श्री दुर्गा मंदिर में श्रद्धालु अयोध्या राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाते नजर आए। इस दौरान मंदिर में राम भजन हुए। इसके अलावा भारतीय मूल के लोग हाथ में झंडे लिए जय श्रीराम कहते नजर आए।
- पश्चिमी सिडनी के पररामट्टा पार्क और मेलबर्न के किंग्सले पार्क में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्रिस्बेन, पर्थ, एडिलेड और न्यू साउथ वेल्स में भी विश्व हिंदू परिषद के अलावा 25-50 संगठनो ने समारोह आयोजित किए। अफ्रीका के कई देश जैसे केन्या, तंजानिया, यूगांडा और मोजाम्बिक में कार रैली समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

राम मंदिर के बारे में रोचक तथ्य, 392 खंभे 44 दरवाजे

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अनुसार, मंदिर का निर्माण पारंपरिक नागर शैली में किया गया है. इसकी लंबाई (पूर्व-पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट है. ट्रस्ट ने एक्स पर कहा कि मंदिर तीन मंजिला है, जिसकी प्रत्येक मंजिल 20 फीट ऊंची होगी. इसमें कुल 392 खंभे और 44 दरवाजे होंगे। पांच मंडप या हॉल हैं, और उनके नाम नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना और कीर्तन मंडप हैं. मंदिर में प्रवेश पूर्व से है, और भक्तों को सिंह द्वार से होकर 32 सीढ़ियां चढ़नी होंगी. ट्रस्ट ने यह भी कहा कि दिव्यांगों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए रैंप और लिफ्ट की भी व्यवस्था है. ट्रस्ट का दावा है कि दिलचस्प बात यह है कि मंदिर में कहीं भी लोहे का इस्तेमाल नहीं किया गया है.

परिसर के चारों कोनों पर, चार मंदिर- सूर्य देवता, देवी भगवती, भगवान गणेश और भगवान शिव को समर्पित हैं. मां अन्नपूर्णा का मंदिर उत्तरी ओर है, जबकि हनुमान मंदिर दक्षिण की ओर है. अयोध्या राम मंदिर की नींव का निर्माण रोलर-कॉम्पैक्ट कंक्रीट (आरसीसी) की 14 मीटर मोटी परत से किया गया है, जो इसे कृत्रिम चट्टान का रूप देता है. जमीन की नमी से सुरक्षा के लिए ग्रेनाइट का उपयोग करके 21 फुट ऊंचे चबूतरे का निर्माण किया गया है. मंदिर का निर्माण पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके किया जा रहा है, जिसमें पर्यावरण-जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा।

1800 करोड़ होंगे खर्च- अयोध्या में बने राम मंदिर के मामलों का प्रबंधन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा किया जाता है. संस्था अपने एक्स हैंडल पर मंदिर से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी देती रही है। संस्था के कोषाध्यक्ष स्वामी गुरुदेव गिरिजी महाराज ने राम मंदिर निर्माण लगभग 1100 करोड़ रुपये का खर्च अब तक हो चुका है. कुल मिलाकर हमारा अनुमान है कि 1800 करोड़ रुपये पूरे मंदिर निर्माण पर खर्च होंगे।

अमेरिका में 300 जगहों पर लाइव टेलीकास्ट

अमेरिका में भी राम के नाम की धूम रहेगी। मिनेसोटा राज्य में भारतीय समुदाय के लोगों ने सोमवार को राम भजन किए। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर अमेरिका में लगभग 300 जगहों पर अयोध्या में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण हुआ। इसके बाद सभी मंदिरों में प्रसाद बांटा गया।

ब्रिटेन की राजधानी लंदन में निकाली कार रैली

ब्रिटेन में हिंदू समुदाय के लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले कार रैली निकाली। ये रैली वेस्ट लंदन से होते हुए ईस्ट लंदन पहुंची। इसके अलावा आज 100 जगहों पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा का 100 जगहों पर लाइव टेलीकास्ट होगा। डेनमार्क में भारतीय मूल के लोगों ने आरती की। भक्त श्रीराम के भजनों पर नाचते नजर आए।

एफिल टावर पर राम भक्त

फ्रांस की राजधानी पेरिस में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राम भक्तों ने रैली निकाली। ये पेरिस के अहम इलाकों से होते हुए शाम को एफिल टावर पहुंची । रथ यात्रा निकालने से पहले विश्व कल्याण यज्ञ भी हुआ। रविवार को फ्रांस की राजधानी पेरिस में राम रथ यात्रा एफिल टावर पहुंची। यहां लोग राम नाम के झंडे लहराते नजर आए।

मेक्सिको में बना पहला राम मंदिर

अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले मेक्सिको के क्वेरेटारो शहर में भी देश को पहला राम मंदिर मिला। आज ही इस मंदिर का उद्घाटन किया गया। मंदिर में स्थापित भगवान राम, माता सीता और भगवान हनुमान की मूर्ति भारत में ही बनी हैं। इनकी प्राण प्रतिष्ठा अमेरिका के एक पुजारी ने कराई। सेशेल्स के श्री स्वामी नारायण मंदिर का है। यहां लोगों ने हाथ में कैंडल लेकर भगवान राम की आरती की।

कनाडा के शहरों में 22 जनवरी राम मंदिर डे घोषित

कनाडा के ओंटारियो राज्य के ब्रॉम्पटन और ओकविल में 22 जनवरी को राम मंदिर डे घोषित कर दिया गया है। ब्रॉम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने कहा कि राम मंदिर के जरिए हिंदुओं का सदियों पुराना सपना पूरा हो रहा है। ब्रॉम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में लोग भारत और भगवान राम के झंडों के साथ प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट देखते नजर आए।ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न का है, जहां भारतीय मूल के लोगों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया।

मुस्लिम महिला ने बेटे का नाम रखा राम रहीम

संभल/फिरोजाबाद/नवप्रदेश। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सोमवार को फिरोजाबाद में एक मुस्लिम परिवार में जन्मे बच्चे का नाम भगवान राम के नाम पर रखा गया. वहीं, संभल जिले के चंदौसी में एक अस्पताल के प्रसूति कक्ष में भगवान राम का एक लघु मंदिर बनाया गया है. फिरोजाबाद के महिला अस्पताल में मुस्लिम परिवार के यहां जन्मे एक बच्चे का नाम 'राम रहीम' रखा गया है। महिला अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नवीन जैन ने बताया, प्रसूता का नाम फरज़ाना है और आज उसने एक बच्चे को जन्म दिया. बच्चे की दादी हुस्न बानो ने उसका नाम राम रहीम रखा है. बानो ने कहा कि उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश देने के लिए बच्चे का नाम राम रहीम रखा है। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संभल जिले के चंदौसी में स्थित एक निजी नर्सिंग होम के प्रसूति कक्ष में एक लघु राम मंदिर बनाया गया है। सोमवार को गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पहले भगवान राम के दर्शन कराए गये. नर्सिंग होम की डॉक्टर वंदना सक्सेना ने बताया, आज अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर उन्होंने अपने नर्सिंग होम के प्रसूति कक्ष, नवजात शिशु कक्ष को भगवा रंग से सजाया है.

रामलला का हुआ 5 किलो सोने के आभूषण से श्रृंगार

हाथ-पैर में कड़ा, कमर में करधनी; एक हाथ में सोने का धनुष, दूसरे में बाण

लखनऊ/नवप्रदेश। 5 साल के बालक रूप में विराजमान रामलला का सोने के आभूषणों से श्रृंगार देख लोग भाव-विभोर हो गए। 200 किलो की प्रतिमा को 5 किलो सोने के जेवरात पहनाए गए हैं। नख से ललाट तक भगवान जवाहरातों से सजे हुए हैं। रामलला ने सिर पर सोने का मुकुट पहना है।

मुकुट में माणिक्य, पन्ना और हीरे लगे हैं। बीच में सूर्य अंकित हैं। दायीं ओर मोतियों की लड़ियां हैं। वहीं, कुंडल में मयूर आकृतियां बनी हैं। इसमें भी सोना, हीरा, माणिक्य और पन्ना लगा है। ललाट पर मंगल तिलक है। इसे हीरे और माणिक्य से बनाया है। कमर में रत्न जड़ित करधनी है। इसमें छोटी-छोटी पांच घंटियां भी लगाई हैं। दोनों हाथों में रत्न जड़े कंगन हैं। बाएं हाथ में सोने का धनुष और दाहिने में सोने का बाण है।

दोनों हाथ और पैर में सोने का कड़ा

भगवान के दोनों हाथ और दोनों पैर में सोने का कड़ा है। दाहिने हाथ के अंगूठे में एक अंगुठी है। रामलला के चरणों में सोने की माला से सजा कमल है। भगवान के सामने खेलने के लिए चांदी से बने खिलौने रखे हैं। इनमें झुनझुना, हाथी, घोड़ा, ऊंट, खिलौना गाड़ी है।

लखनऊ में तैयार हुए आभूषण

राम मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक, रामलला के आभूषणों को अध्यात्म रामायण, वाल्मिकी रामायण, श्रीरामचरिमानस और आलवंदार स्तोत्र का अध्ययन करके तैयार किया गया है। भगवान बनारसी कपड़े की पीतांबर धोती और लाल रंग के अंगवस्त्रम में सुशोभित हैं।

इन पर सोने की जरी और तारों का काम किया गया है। इसमें वैष्णव मंगल चिन्ह- शंख, पद्म, चक्र और मयूर अंकित हैं। रामलला के आभूषण लखनऊ में तैयार हुए हैं। जबकि वस्त्र को दिल्ली के डिजाइनर ने तैयार किया है।

गर्भगृह में तीन मूर्तियां स्थापित

गर्भगृह में तीन मूर्तियां स्थापित की गई हैं। पहली- मुख्य मूर्ति है, जिसकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। दूसरी- चांदी की मूर्ति है। जो चल है। तीसरी- मूर्ति वह है, जो अस्थाई मंदिर में रखी गई थी।

कृष्ण शैली में है रामलला की मूर्ति

रामलला की मूर्ति कृष्ण शैली में बनी हुई है। जिसे कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई है। योगीराज ने प्रतिमा को एक ही पत्थर से बनाया है। यानी, पत्थर को कहीं जोड़ा नहीं गया है। मूर्ति में श्रीराम के साथ ही विष्णु जी के दसों अवतारों के भी दर्शन होंगे। मूर्ति के ऊपरी हिस्से में ऊँ, पद्म, चक्र, सूर्य, गदा, शंख और स्वस्तिक के चिह्न भी बनाए गए हैं।

रायपुर नगर निगम की अगुवाई में तालाबों में हुआ 10 लाख दीपदान

रायपुर /नवप्रदेश। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन आज पूरे रायपुर शहर में उत्सव सा माहौल रहा ।ज़िला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम ने आम नागरिकों की सुविधा हेतु प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण की कई स्थलों पर व्यवस्था की गई थी ,वही मंदिरों में विशेष साफसफाई में की गई। रायपुर नगर निगम की अगुवाई में शहर के कई एनजीओ ने मिलकर 100 से भी अधिक जलाशयों में 10 लाख से भी अधिक दीप प्रज्वलित कर इस यादगार दिवस को भव्यता दी। मंदिरों में विशेष भंडारे की व्यवस्था की गई । नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर सभी मंदिर , तालाबों में नगर निगम का अमला तैनात रहा और स्वच्छता दीदियों ने उल्लास के दौरान शहर को स्वच्छ रखने की सभी से अपील करते दिखी ।

अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रखा राम रूप

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में हो रही श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ समेत पूरे देश में उत्सव सा माहौल रहा।इस पुण्य अवसर पर समाज के सभी वर्गो के लोग अपने-अपने ढंग से मनाया। सोमवार सवेरे राजधानी रायपुर स्थित दूधाधारी मठ पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्कूल शिक्षा, संस्कृती- धर्मस्व मंत्री राम-दरबार का दर्शन किया। इस अवसर पर अर्पण दिव्यांग स्कूल के बच्चे ने श्रीराम का रूप धारण कर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व राजेन्द्र नगर के बजाज कॉलोनी में स्थित स्कूल में श्रीराम के रूप धारण किए स्कूली बच्चे का पूजा-पाठ कर रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस मनाया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मठ में स्थापित भगवान श्री राम जानकी, श्री स्वामी बालाजी और संकट मोचन हनुमान जी सहित अन्य देवताओं की पूजा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि 500 साल पुराने राजधानी रायपुर स्थित दूधाधारी मठ में आने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। दूधाधारी मठ के प्रमुख राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने कहा कि आज दूधाधारी मठ को अयोध्या का स्वरूप दिया गया है। अयोध्या में भगवान राम लगभग 500 साल बाद गर्भगृह में स्थापित हो रहे हैं। मंदिर परिसर में स्थापित स्वामी बालाजी एवं श्री राम जानकी को आज स्वर्ण श्रृंगार से सुसज्जित किया गया है। उन्होंने बताया कि राम नवमी, कृष्ण जन्माष्टमी और विजयादशमी के विशेष अवसर पर ही साल में तीन बार दूधाधारी मठ में स्वामी बालाजी और श्रीराम जानकी को स्वर्ण श्रृंगार से सुसज्जित किया जाता है।

इस अवसर पर सांसद श्री सुनील सोनी, रायपुर (उत्तर) के विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

इंग्लैंड की टीम टेस्ट सीरीज के लिए हैदराबाद पहुंची

हैदराबाद। इंग्लैंड की टीम भारत में 5 टेस्ट की सीरीज खेलने हैदराबाद पहुंची। जहां टीम को 3 दिन बाद 25 जनवरी से पहला मुकाबला खेलना है। इंग्लिश टीम पिछले 19 महीनों में अपने अटैकिंग बैटिंग अप्रोच से 72 प्रतिशत टेस्ट जीत चुकी है।

इंग्लैंड टीम में बैजबॉल एरा की शुरुआत बेन स्टोक्स के कप्तान और ब्रेंडन मैक्कुलम के कोच बनने के बाद हुई। इन दोनों की लीडरशिप में टीम पिछले 5 टेस्ट सीरीज में अजेय रही। लेकिन इंग्लैंड के बैजबॉल मॉडल का सबसे बड़ा चैलेंज तो अब शुरू होगा। जब टीम भारत की स्पिन पिचों पर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे वर्ल्ड क्लास स्पिनर्स का सामना करेगी। क्रिकेट बुक में कोई ऑफिशियल बैजबॉल थ्योरी नहीं है, लेकिन इसे इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए अटैकिंग अप्रोच को दर्शाने के लिए नाम दे दिया गया। बैजबॉल 2 शब्दों से मिलकर बना है, इसमें बैज और बॉल शामिल हैं। बैज इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैक्कुलम का निकनेम है और बॉल क्रिकेट का एक एलिमेंट, जिसके बिना खेल पॉसिबल ही नहीं है। इन दोनों शब्दों को मिलाकर बैजबॉल% बनाया गया। मैक्कुलम न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हैं और वे अपने करियर के दौरान बहुत अटैकिंग बैटिंग करते थे। ओपनिंग करते हुए वे पहली से आखिरी बॉल तक बड़े शॉट्स लगाने पर ही फोकस करते थे। उन्हीं की स्ट्रैटजी को अब बेन स्टोक्स की कप्तानी

वाली इंग्लैंड टेस्ट टीम ने अपना लिया।टेस्ट में आमतौर पर टीमें समय लेकर बेहद धीमी गति से रन बनाती हैं, लेकिन स्टोक्स और मैक्कुलम की लीडरशिप में इंग्लैंड टीम टेस्ट में भी बहुत तेजी से रन बना रही है। जून 2022 के बाद से टीम ने करीब 76 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस दौरान बाकी टीमों का स्ट्राइक रेट 45 से 56 के बीच ही रहा।बेन स्टोक्स ने जो रूट के कप्तानी छोड़ने के बाद इंग्लिश टेस्ट टीम की कमान संभाली। रूट ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 64 मैचों में कप्तानी की और टीम को बाकी कप्तानों के मुकाबले सबसे ज्यादा 27 टेस्ट भी जिताए, लेकिन उनकी कप्तानी में टीम पिछले 17 में से एक ही मुकाबला जीत सकी थी। 5 मुकाबले ड्रॉ रहे, जबकि 11 में टीम को हार का सामना करना पड़ा था।कप्तान रूट के खराब फॉर्म की शुरुआत भी 2021 में भारत दौरे से ही हुई थी, जहां टीम को 3-1 से टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी। टीम की खराब परफॉर्मेंस के बाद रूट ने मई-2022 में कप्तानी छोड़ दी, जिसके बाद स्टोक्स को नया कप्तान बनाया गया। मई में ही ब्रेंडन मैक्कुलम को भी इंग्लिश टेस्ट टीम का हेड कोच पद मिला। स्टोक्स और मैक्कुलम की जोड़ी बनने से इंग्लैंड ने बैटिंग में अटैकिंग अप्रोच अपनाया, जिसे अब बैजबॉल कहा जा रहा है और बैजबॉल के ही दम पर इंग्लैंड ने 18 में से 13 टेस्ट जीत लिए।

अश्विन टेस्ट में 500 विकेट पूरे करने से महज 10 विकेट दूर

स्पोर्ट्स डेस्क। रविचंद्रन अश्विन टेस्ट में 500 विकेट पूरे करने से महज 10 विकेट दूर हैं। वह 95 टेस्ट खेल चुके हैं और इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से शुरू हो रही 5 मैचों की सीरीज में 100वां टेस्ट खेल सकते हैं। अश्विन सीरीज में 13 विकेट लेते ही एशिया में भी 400 विकेट पूरे कर लेंगे।मौजूदा स्पिनर्स में ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ही अश्विन से ज्यादा टेस्ट विकेट ले सके हैं लेकिन वह एक विकेट लेने के लिए 63 गेंदें फेंकते हैं। जबकि अश्विन हर 51वीं बॉल पर ही विकेट झटक लेते हैं। जो उनसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले 8 बॉलर्स से बेहतर है। रविचंद्रन अश्विन 95 टेस्ट में 490 विकेट ले चुके हैं। वे 8 बार एक मैच में 10 या उससे ज्यादा विकेट भी ले चुके हैं। अश्विन टेस्ट में करीब हर 51वीं बॉल पर एक विकेट निकालते हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा

विकेट के नाम पर वह भारत के दूसरे सबसे सफल बॉलर हैं। लेग स्पिनर अनिल कुंबले ही उनसे ज्यादा 619 विकेट ले सके हैं।

2019 में शुरू हुई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 30 मैचों में अश्विन 148 विकेट ले चुके हैं। ङ्कङ्खष्ट के टॉप विकेट टेकर्स में वह तीसरे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन और पैट कमिंस उनसे आगे हैं। एशिया में अश्विन के नाम महज 46 टेस्ट में 387 विकेट लेते हैं। स्पिन कंडीशन में वह हर 46वीं गेंद पर ही विकेट निकाल लेते हैं। सीरीज में 13 विकेट लेते ही वह एशिया में 400 विकेट लेने वाले पहले एक्टिव स्पिनर बन जाएंगे। ओवरऑल उनसे ज्यादा विकेट श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (618) और भारत के ही अनिल कुंबले (419) ने लिए हैं।

पाकिस्तान ने 42 रन से जीता मैच

क्राइस्टचर्च। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप होने से खुद को बचा लिया। टीम ने पांचवें मुकाबले को 42 रन से जीता। जीत में टीम के स्पिनर्स का अहम योगदान रहा जिन्होंने 6 विकेट झटके। क्राइस्टचर्च के हैगले ओवल मैदान पर पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 134 रन बनाए। जिसके बाद न्यूजीलैंड 17.2 ओवर में 92 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गया। 3 विकेट लेने वाले इफ्तिखार अहमद प्लेयर ऑफ द मैच रहे। क्राइस्टचर्च में पाकिस्तान ने टॉस जीता और इस बार टीम ने पहले बैटिंग चुनी। टीम से ओपनर हसीबुल्लाह खान ने डेब्यू किया

लेकिन वह अपना खाता भी नहीं खोल सके। मोहम्मद रिजवान ने फिर बाबर आजम के साथ 53 रन की पार्टनरशिप की। बाबर 24 बॉल में 13 रन की धीमी पारी खेलकर आउट हुए और पाक ने दूसरा विकेट 10वें ओवर में गंवा दिया।बाबर आजम 24 बॉल में 13 रन बनाकर ईश सोढी का शिकार हुए। उन्होंने मोहम्मद रिजवान के साथ 53 रन की पार्टनरशिप की।क्राइस्टचर्च की धीमी पिच पर बैटर्स को रन बनाने में परेशानी हो रही थी। लेकिन फखर जमान ने 16 बॉल पर 4 सिक्स लगाकर तेजी से 33 रन बना दिए। उन्हें टिम साउदी ने पवेलियन भेजा, उनके बाद रिजवान भी 38 बॉल में 38 रन बनाकर आउट हो गए।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में फ्रेजर-मैगर्क को मौका

स्पोर्ट्स डेस्क। जैक फ्रेजर मैगर्क ने मार्श कप में 29 बॉल पर सेंचुरी लगाई थी। वह बिग बैश में मेलबर्न रेनेगेड्स से खेलते हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने 2 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका दिया है। इनमें 21 साल के विस्फोटक बैटर जैक फ्रेजर मैगर्क और 25 साल के तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट शामिल हैं।

सीरीज से ग्लेन मैक्सवेल को आराम दिया गया, वहीं बार्टलेट जाय रिचर्डसन की जगह टीम में शामिल हुए। रिचर्डसन इंजरी के कारण सीरीज से बाहर हुए हैं। वनडे स्क्वॉड की अनाउंसमेंट पहले ही हो गई थी, फिलहाल 2 नए प्लेयर्स को जोड़ा गया। 3 वनडे की सीरीज 2 फरवरी से शुरू होगी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे। पैट कमिंस को वनडे सीरीज से आराम दिया गया है।

फ्रेजर मैगर्क को इस समय ऑस्ट्रेलिया का बेस्ट युवा खिलाड़ी माना जा रहा है। उन्होंने देश के घरेलू वनडे टूर्नामेंट मार्श कप में महज 29 बॉल पर सेंचुरी लगा दी थी। जो लिस्ट-ए और टी-20 क्रिकेट में रिकॉर्ड है। उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा था, जिन्होंने ङ्कक्क में बेंगलुरु से खेलते हुए 30 बॉल पर सेंचुरी लगाई थी।फ्रेजर मैगर्क ने साउथ ऑस्ट्रेलिया से खेलते हुए शतक लगाया था। वह पहले विक्टोरिया से खेलते थे, लेकिन

करियर आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने टीम बदली। उन्होंने फर्स्ट क्लास करियर का पहला शतक भी विक्टोरिया के खिलाफ ही लगाया।

फ्रेजर मैगर्क को वनडे स्क्वॉड में ग्लेन मैक्सवेल की जगह मौका दिया गया। जिन्हें सीरीज से रेस्ट दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि टी-20 वर्ल्ड कप और टी-20 सीरीज से पहले वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए मैक्सवेल को आराम दिया गया है। कंगारू टीम फरवरी में वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज भी खेलेगी। ग्लेन मैक्सवेल को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से आराम दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के फ्रेंचाइजी टी-20 टूर्नामेंट बिग बैश लीग में फ्रेजर मैगर्क और जेवियर बार्टलेट दोनों ने ही शानदार प्रदर्शन किया। मैगर्क मेलबर्न रेनेगेड्स से खेलते हुए इस सीजन 158.64 के स्ट्राइक रेट से 257 रन बना चुक हैं। शनिवार को ही उन्होंने ,श्च में दुबई कैपिटल्स से खेलते हुए महज 25 बॉल पर 54 रन बना दिए थे। दूसरी ओर, बार्टलेट ब्रिसबेन हीट से खेलते हैं और बिग बैश लीग में सीजन के टॉप विकेट टेकर हैं।

बिजनेस

कंपनियों की कमाई में नरमी, वृद्धि की रफ्तार कम

नईदिल्ली। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के अभी तक आए कारोबारी नतीजों से लगता है कि कंपनियों के मुनाफे में इजाफे की रफ्तार मंद पड़ रही है। उनकी आय में इजाफा तो और भी सुस्त रफ्तार से हो रहा है। अभी तक जिन कंपनियों के नतीजे आए हैं, उनमें से 215 का कुल मुनाफा 2022-23 की तीसरी तिमाही के मुकाबले 12.5 फीसदी बढ़ा है, जो 14 तिमाहियों में सबसे धीमी रफ्तार रही।

इन कंपनियों की शुद्ध बिक्री (बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से सकल ब्याज आय) साल भर पहले के मुकाबले केवल 9.4 फीसदी अधिक रही, जो दिसंबर, 2020 तिमाही के बाद सबसे खराब प्रदर्शन रहा। उस तिमाही में शुद्ध बिक्री 3.5 फीसदी घटी थी। पिछले साल जुलाई में एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी का विलय हुआ था और आंकड़े उसी के हिसाब से दुरुस्त किए गए हैं। शुरुआत में ही नतीजों की घोषणा करने वाली इन कंपनियों में से अगर बैंक, वित्त, बीमा और शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को निकाल दिया जाए तो बची हुई (गैर बीएफएसआई) कंपनियों ने और भी बदतर प्रदर्शन किया और अक्टूबर-दिसंबर 2023 में उनका कुल शुद्ध लाभ साल भर पहले की अपेक्षा 7.8 फीसदी ही बढ़ा। इस तिमाही में उनकी आय में भी केवल 4.5 फीसदी इजाफा हुआ। 2020-21 की तीसरी तिमाही के बाद से गैर बीएफएसआई कंपनियों के राजस्व में यह सबसे धीमी बढ़ोतरी है। जिन कंपनियों को

अपने नमूने में लिया, उनका कुल शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 1.02 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि साल भर पहले शुद्ध लाभ 91,000 करोड़ रुपये ही था। चालू वित्त वर्ष की ही दूसरी तिमाही में उनका कुल शुद्ध लाभ 99,484 करोड़ रुपये था। बीएफएसआई को निकालने के बाद बचीं 157 कंपनियों की कुल आय अक्टूबर-दिसंबर, 2022 के 53,175 करोड़ रुपये से बढ़कर 57,342 करोड़ रुपये हो गई। इसी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में इनका आंकड़ा 55,175 करोड़ रुपये था।समूचे नमूने में शामिल कंपनियों की शुद्ध बिक्री 7.55 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो साल भर पहले 6.9 लाख करोड़ रुपये थी और जुलाई-सितंबर, 2023 में 7.46 लाख करोड़ रुपये थी। मगर बीएफएसआई कंपनियों को निकालने पर शुद्ध बिक्री 5.19 लाख करोड़ रुपये ही रह जाती है, जो साल भर पहले 4.96 लाख करोड़ रुपये और एक तिमाही पहले 5.2 लाख करोड़ रुपये थी।

नमूने में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एवेन्यू सुपरमार्ट्स, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान जिंक जैसी शीर्ष कंपनियां शामिल हैं। तीसरी तिमाही में इनमें से ज्यादातर कंपनियों की शुद्ध बिक्री और शुद्ध मुनाफे में उम्मीद से कम बढ़ोतरी दिखी। शुरुआती नतीजों वाली कंपनियों के नमूने में आईटी सेवा क्षेत्र के नाम सबसे ज्यादा हैं।

टाटा मोटर्स 1 फरवरी से करेगी यात्री वाहनों के दामों में वृद्धि

नईदिल्ली। दिग्गज वाहन निर्माता टाटा मोटर्स भी दाम बढ़ाने वाली कंपनियों में शामिल हो गई है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक सहित अपने यात्री वाहनों के दामों में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि का ऐलान किया है जो 1 फरवरी से लागू होगी। इसका लक्ष्य कच्चे माल की लगातार बढ़ती लागत की आंशिक रूप से भरपाई करना है। इससे पहले टाटा मोटर्स ने अप्रैल 2023 में कहा था कि वह 1 मई से अपने यात्री वाहनों की कीमत लगभग 0.6 प्रतिशत बढ़ा देगी। वाहन उद्योग में यह रुझान देखा गया है जब उद्योग की मारुति सुजूकी जैसी दिग्गज कंपनियों ने वित्त वर्ष 24 के शुरुआती महीनों में दाम वृद्धि का सहारा लिया है।

टाटा मोटर्स के एमडी ने कहा- हाइब्रिड की तुलना इलेक्ट्रिक वाहनों से नहीं की जा सकती

नईदिल्ली। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा का मानना है कि केवल शून्य उत्सर्जन वाली कारें ही वायु प्रदूषण में कमी लाने, ईंधन आयात घटाने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती हैं।

उद्योग के एक वर्ग द्वारा हाइब्रिड कारों पर लगाए गए करों में कटौती की मांग के बीच चंद्रा ने कहा कि ऐसे वाहन शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने, वायु गुणवत्ता के स्तर में सुधार और जीवाश्म ईंधन आयात को कम करने के प्रमुख राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ मेल नहीं खाते हैं।

उन्होंने कहा कि कारों में हाइब्रिड और सीएनजी प्रौद्योगिकियां ईंधन दक्षता में सुधार करने और उत्सर्जन-संबंधी नियामकीय अनुपालन को पूरा करने में मदद करती हैं, लेकिन इसकी तुलना शुद्ध बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों से नहीं की जा सकती। चंद्रा ने कहा 'सरकार पहले से ही कम कराधान के जरिये हाइब्रिड वाहनों को समर्थन दे रही है और इन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों के समान लाने की कोई जरूरत नहीं है।'उन्होंने कहा कि हाइब्रिड कारों की तुलना इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से नहीं की जा सकती क्योंकि वे अनिवार्य रूप से प्रदूषण फैलाने वाले 'जीवाश्म ईंधन' पर चलती हैं।चंद्रा ने कहा कि ईवी की तुलना में हाइब्रिड को 'अनावश्यक दर्जा' देने पर जोर दिया जा रहा है।

बजट 2024: अंतरिम बजट में होगा 5.3 प्रतिशत घाटे का लक्ष्य

नईदिल्ली। अर्थशास्त्रियों और अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के कई अनुमानों के विश्लेषण से पता चलता है कि आगामी अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2025 के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 5.3 प्रतिशत के बराबर रखा जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ अर्थशास्त्रियों का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में कमी आने का अनुमान है, जो कोविड के बाद के दो वित्तीय वर्षों में बहुत ज्यादा रहा है।अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के 10 शोध रिपोर्टों का बिजनेस स्टैंडर्ड ने विश्लेषण किया है। इनमें से 8 ने अनुमान लगाया है कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 5.3 प्रतिशत रहेगा, जबकि दो एजेंसियों ने 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।आम चुनावों को देखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लेखानुदान या अंतरिम बजट पेश करेंगी, जिससे अगली सरकार द्वारा पूर्ण बजट पेश किए जाने के पहले शुरुआती व्यय किया जा सके।गोल्डमैन सैक्स ने एक बयान में कहा, 'हम उम्मीद करते

हैं कि केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2025 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.2 से 5.4 प्रतिशत के बीच (हमारा आधार जीडीपी का 5.3 प्रतिशत है) रखेगी। वित्त वर्ष 26 तक मध्यावधि के हिसाब से राजकोषीय समेकन का लक्ष्य 4.5 प्रतिशत करने के सरकार के लक्ष्य को देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है।'वित्त वर्ष 24 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.9 प्रतिशत रखा गया है। बजट में अनुमानित नॉमिनल जीडीपी वृद्धि की तुलना में इसके कम रहने, विनिवेश से कम आमदनी और सब्सिडी के ज्यादा बोझ के कारण ज्यादातर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यह लक्ष्य अधिक गैर कर राजस्व व प्रमुख मंत्रालयों के बचत से पूरा किया जाएगा।

फिल्म हनुमान ने मारी 100 करोड़ के क्लब में शानदान एंट्री

तेजा सज्जा की फिल्म म बॉक्स ऑफिस पर ऊंची उड़ान भर रही है. साउथ की ये सुपरहीरो फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. कम बजट में बनी ये फिल्म रोज कमाई कर रही है. 12 जनवरी को सिनमेघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने 9वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा बरकरार रखा है. वहीं तेजा सज्जा की फिल्म ने 100 करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली है.ओपनिंग डे पर 8.05 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है. जी हां, फिल्म ने अपने शानदार कलेक्शन के साथ पहला हफ्ता पूरा किया और अब इसके दूसरे हफ्ते की शुरुआत भी दमदार हुई है. तो आइए जानते हैं फिल्म ने दूसरे शनिवार घरेलू बॉक्स ऑफिस पर किरते करोड़ रुपये का बिजनेस किया...रिपोर्ट के मुताबिक 'हनु मान' ने रिलीज के 9वें दिन 14.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'हनु मान' का 9 दिनों का कुल कलेक्शन अब 114.10 करोड़ रुपये हो गया है. फिल्म के आंकड़ें देखकर तो यही लग रहा है कि हनुमान बहुत जल्द कई सारे रिकॉर्ड्स तोड़ने और बनाने वाली है. बता दें कि हनुमान की रिलीज के साथ बॉक्स ऑफिस पर साउथ की कई फिल्मों का क्लैस हुआ था. इस लिस्ट में मैरी क्रिसमस, अयलान, फिल्म गुंटूर कारम, कैप्टन मिलर जैसी फिल्में शामिल हैं. वहीं कमाई के मामले में तेजा सज्जा ने महेश बाबू, धनुष और शिवा कार्तिकेयन जैसे बड़े स्टार्स को कड़ी टक्कर दी है. इन सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए तेजा सज्जा की हनुमान बॉक्स ऑफिस पर काफी आगे निकल चुकी है.

प्रशांत वर्मा के डायरेक्शन में बनी फिल्म हनुमान एक माइथोलॉजिकल फिल्म है. फिल्म को दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटि रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कहानी एक यंग लड़के की होती है, जिसे भगवान हनुमान की तरफ से सुपरपावर मिल जाती है. वहीं सुपरपावर मिलने के बाद यह लड़का अपने लोगों के लिए लड़ता है. वहीं तेजा ने इस यंग लड़के का किरदार निभाया है. वहीं सुपरहीरो के रूप में तेजा सज्जा को खूब पसंद किया है।

अदिति राव हैदरी ने अपनी पसंदीदा छोटी काली बोट्टू की स्टोरी की शेयर

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने छोटी काली बिंदी यानी बोट्टू के बारे में एक दिल छू लेने वाला किस्सा साझा किया है, जिसे पहनने के प्रति शुरुआती अनिच्छा से लेकर एक विशेष लगाव बनने तक, वह अब इसे अपनी पसंदीदा के रूप में संदर्भित करती हैं।दिल्ली 6, मर्डर 3, पद्मावत जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाने वाली अदिति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शनिवार को लहंगे में अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा की।ब्लैक कलर के लहंगे पर एंब्रॉयडरी का काम है और उन्होंने इसे एक स्वीटहार्ट नेकलाइन वाले मैचिंग ब्लाउज और ट्रांसपेरेंट दुपट्टे के साथ जोड़ा है।अदिति ने न्यूट्रल मेकअप लुक, हैवी ब्रो और न्यूड पिंक लिप्स को चुना। उन्होंने बालों को सिग्नेचर तरीके से स्टाइल किया। एसेसरीज के तौर पर उन्होंने एक हाथ में मल्टीकलर की चूड़ियां और मैचिंग झुमका चुना।ओवरऑल लुक को काली बिंदी के साथ पूरा किया गया।छोटी काली बिंदी के बारे में विस्तार से बताते हुए, अदिति ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए एक हार्दिक नोट लिखा। एक्ट्रेस ने लिखा, छोटी काली बिंदी! जब मैं छोटी थी तब मुझे कभी बोट्टू (हैदराबाद में बिंदी को यही कहा जाता है) नहीं पसंद थी। यह भारतीय परंपरा का हिस्सा है। मेरी मां सिन्दूर में हल्दी से बना कुमकुम बोट्टू लगाती थी, मैं उन्हें कुमकुम बोट्टू बनाते हुए देखती थी, बस इतना ही और वह बिना किसी मेकअप के चमकने लगती थी।

रामभक्ति के रंग में रंगा बालोद जिला

बालोद/नवप्रदेश। भगवान रामचंद्र जी की जन्मस्थली अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश एवं प्रदेश की भांति बालोद जिला भी भगवान रामचंद्र की भक्ति से सराबोर होकर राम भक्ति के रंग में रंग गया था। जिले के जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, श्रद्धालुओं, साधु-संतों एवं राम भक्तों के अलावा किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों ने रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ शामिल हुए। जिसके फलस्वरूप पूरे जिले का वातावरण राममय हो गया था। बालोद जिला प्रशासन द्वारा बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुगेंरा के माँ बंजारी माता मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, केसी पवार, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कृतिका साहू सहित कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक, एसडीएम श्रीमती शीतल बंसल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

छात्रावास एवं आश्रमों में विभिन्न कार्यक्रम

बालोद/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को आज 22 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक टेलीविजन एल.ई.डी स्क्रीन के माध्यम से जिले समस्त छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्राओं को लाईव प्रसारण दिखाया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग श्रीमती मेनका चन्द्राकर ने बताया कि जिले के सभी छात्रावास एवं आश्रम परिसरों में रंगोली बनाने के साथ-साथ हनुमान चालीसा, सुंदर कांड का पाठ भी कराया गया। इसके अलावा छात्रावास एवं आश्रमों में पोस्टर, चित्रकला, भगवान राम आधारित कहानी वाचन, निबंध, क्विज, भाषण एवं भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राममय हुआ छत्तीसगढ़

श्रीराम का ननिहाल हुआ राममय

अयोध्या में सोमवार को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो गई। भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी जश्न और उत्सव का माहौल है। 22 जनवरी को पूरे प्रदेश में आधे दिन की छुट्टी दी गई है। इसके अलावा कई मंदिरों में प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। पूरा देश राममय हो गया है। ऐसे में श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी जश्न और उत्साह का माहौल है। रायपुर के दूधाधारी मंदिर में भगवान राम का स्वर्ण श्रृंगार किया गया। कई मंदिरों में प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट दिखाया जा रहा है। प्रदेश के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई है। सीएम साय ने शिवरीनारायण स्थित नर नारायण मंदिर में पूजा की। गुढ़ियारी में 31 फीट ऊंची की प्रतिमा स्थापित होगी। वहीं राजनांदगांव में 5 लाख तो अंबिकापुर में 1 लाख दीप जलेंगे। इससे पहले देर शाम जगदलपुर का दलपत सागर 3 लाख दीपों से रोशन किया गया। सभी आश्रम-छात्रावासों, विश्वविद्यालय, कार्यालयों और भवनों में शंखध्वनि, घंटानाद के साथ पूजा-अर्चना की गई।

गांधी स्टेडियम में एक लाख दीप प्रज्वलित

अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में एक लाख दीप जलाए जाएंगे। गांधी स्टेडियम में लेजर लाइट शो होगा। इंदौर के गायक किशन भगत भी प्रस्तुति देंगे। मंदिरों में यज्ञ, हवन, सुंदरकांड पाठ और आरती का आयोजन किया गया। अंबिकापुर के श्रीराम मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रामगढ़ में दीपदान, मानस मंडलियों की ओर से गायन और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गांधी स्टेडियम में दीपोत्सव का बड़ा आयोजन, गणपति धाम, नवापारा चर्च मैदान, राम मंदिर से शोभा यात्रा, रेलवे स्टेशन के नजदीक समितियों की तरफ से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

महानदी के तट पर 1 लाख दीप रौशन

नागरिकों के सहयोग से महानदी के तट पर एक लाख दीप जलाए गए। जिला मुख्यालय और विकासखंड मुख्यालयों में मानस गान कार्यक्रम और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भजन कीर्तन के साथ प्रभात फेरी

मोहला, अंबागढ़ चौकी और मानपुर समेत सभी कस्बों में राम मंदिर निर्माण को लेकर पिछ्ले एक सप्ताह से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। भजन कीर्तन के साथ मोहला में राम मय माहौल हो गया है।

दलपत सागर 3 लाख दीपों से जगमगाया

जगदलपुर के दलपत सागर 3 लाख दीयों की रोशनी से जगमगाया। इस आयोजन में शामिल होने के लिए केसरिया और पीले रंग का ड्रेस कोड भी तय किया गया था।

हनुमान मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम

महासमुंद में जिला स्तरीय कार्यक्रम हनुमान मंदिर जनपद कार्यालय के सामने आयोजित किया गया। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बनाए गए थे। कार्यक्रम स्थल पर मंच-पंडाल निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा, साउंड सिस्टम, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, सजावट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। गांव-गांव में प्रभात फेरी, राम रामधुनी, कीर्तन के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा स्वागत की तैयारी की गई थी। शोभा यात्रा भी निकाली जा रही थी। कलेक्टर प्रभात मलिक ने कहा कि जिला और विकासखंड स्तरीय संस्थानों, धार्मिक ट्रस्टों, मंदिर समितियों के साथ समन्वय कर उनके सहयोग के साथ कार्यक्रम का आयोजन गया। नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों की भागीदारी थी। हर विकासखण्ड स्तर से कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में दीप प्रज्वलन, दीपदान और सजावट की गई थी।

हनुमान मंदिर में सुबह से कार्यक्रम

बलरामपुर के हनुमान मंदिर में सुबह 9 बजे से कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर पूर्व कलेक्ट्रेट चौक गौरव पथ होते हुए बाजार चौक तक गई। फिर वापस हनुमान मंदिर लौटी। भजन कीर्तन और मानस मंडली रामचरितमानस का गायन किया।

रंगोली में उकेरे श्रीरामलला

रायपुर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति को रायपुर की कलाकार स्मिता साहू ने हूबहू रंगोली में उकेरा है। स्मिता साहू ने बताया कि ऐतिहासिक दिन को खास बनाने के लिए लोग अलग-अलग कार्य किया। वो रंगोली आर्टिस्ट हैं और वो भी इस दिन को खास बनाने के लिए अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली मूर्ति की रंगोली तैयार की है। इसे तैयार करने में 8 घंटे का वक्त लगा।

तीरथगढ़ जल प्रपात में राम-सीता की प्रेम गाथा

पेंटिंग आर्टिस्ट राजेंद्र सिंह ठाकुर को पेंटिंग बनाने में एक महीने का वक्त लगा है। उसने बताया कि भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण ने दंडकारण्य में प्रवेश किया था। आज वही दंडकारण्य बस्तर क्षेत्र है। वो बस्तर के रहने वाले हैं। वहां का सबसे खूबसूरत तीरथगढ़ जलप्रपात है। भगवान राम और सीता जलप्रपात को पार कर रहे हैं। वहीं, लक्ष्मण झरने के ऊपर रक्षा में खड़े हैं।

पिता की बताई कहानियों से हुए इंस्पायर

राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मेरे पिता राम सिंह ठाकुर ने रामचरितमानस का हल्बी भाषा में अनुवाद किया है। बचपन में वह उन्हें रामायण और रामचरितमानस सुनाते थे। उन्हीं की बताई गाथाओं से इंस्पायर होकर उन्होंने यह रंगोली बनाई है। इस खास मौके पर उन्होंने यह पहली पेंटिंग बनाई है। आने वाले दिनों में राम वन गमन पथ से राम जी गुजरे है। उन सभी स्थानों की अलग-अलग पेंटिंग भी तैयार करेंगे।

मंगल भवन, अमंगल हारी से गूंजा बैकुण्ठपुर

कोरिया/नवप्रदेश/ बैकुंठपुर के प्राचीन मंदिर देवराहा बाबा में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ पड़े थे। मन्दिर की साफ सफाई लगातार की जा रही थी। मानो 22 जनवरी दीपावली हो! घर, परिसर को साफ-सफाई के साथ चारो ओर मंगल भवन, अमंगल हारी, द्रबहु सुदसरथ, अजिर बिहारी राम सिया राम, जय जय राम की धुन सुनाई पड़ रही थी।

पीले चावल से आमंत्रण

राम भक्तों द्वारा इस उत्सव में शामिल होने के लिए घर-घर जाकर शगुन के तौर पर पीले चावल देकर आमन्त्रण किए थे। बैकुंठपुर वासियों ने सुबह से प्रभात फेरी निकालकर पूरे शहर को आस्था, विश्वास व राममय से सराबोर किए थे।

बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिली। जगह-जगह भंडारा का आयोजन भी किया गया था। बैकुंठपुर के प्रेमाबाग, खरवत, सोनहत में आयोजित रामोत्सव के अवसर पर जिलेवासी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिए। प्रेमाबाग के खुले मैदान और चारो तरफ आम के वृक्षों के बीच बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का सीधे प्रसारण का आयोजन किया गया था, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे!

राम का सकल पसारा

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे एक बुजुर्ग ने कबीर के राम के बारे में बताते हुए जानकारी दी कि एक राम दशरथ का बेटा,.एक राम घट-घट में लेटा; एक राम का सकल पसारा, एक राम सभी से न्यारा इनमें कौन-सा राम तुम्हारा! कबीर साहब के गुरु ने उन्हें बताया कि जिसकी आँख पर जैसा चश्मा चढ़ा होता है, उसको भगवान का वैसा ही रूप दिखाई देता है।

प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

कोई परमात्मा को 'ब्रह्म' कहता है; कोई 'परमात्मा' कहता है; कोई 'ईश्वर' कहता है; कोई 'भगवान' कहता है। लेकिन अलग-अलग नाम लेने से परमात्मा अलग-अलग नहीं हो जाते।

अंतरा भी संवार रही है अयोध्या नगरी को

■ **अंतरा शर्मा को मिली है 37 मठ-मंदिरों की जिम्मेदारी**

रायपुर/नवप्रदेश। भगवान राम के ननिहाल माता कौशल्याधाम चंदखुरी के निकट टेकारी-करही के भूतपूर्व मालगुजार स्व. श्री चंडीप्रसाद उपाध्याय की प्रपौत्री, स्व. श्री दुर्गाप्रसाद उपाध्याय एवं श्रीमती चंद्रमुखी उपाध्याय की पौत्री तथा श्री अरुण शर्मा एवं श्रीमती प्रज्ञा शर्मा की पुत्री युवा आर्किटेक्ट अंतरा शर्मा इन दिनों अयोध्या को संवार रही है। आर्किटेक्ट अंतरा शर्मा अयोध्या के पुराने मठ-मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ-साथ वहां जन सुविधाएं बढ़ाने में जुटी हुई है। अब तक अंतरा शर्मा अयोध्या में दशरथ महल, रंग महल और राम कचहरी आदि को संवार चुकी हैं। युवा आर्किटेक्ट अंतरा शर्मा ने बातचीत करते हुए बताया कि उनकी फर्म कबीरा और मेरीगोल्ड को अभी अयोध्या में 37 मठ-मंदिरों का काम मिला हुआ है, जिसे वह तत्परता से संवारने में जुटी हुई है। अंतरा शर्मा ने बताया कि अयोध्या में उनके कामों को इतना अधिक पसंद किया जा रहा है, कि उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से उन्हें 106 मठ-मंदिरों का नया प्रोजेक्ट भी मिलने की संभावना है, जिसे जल्द ही वे संवारने पर जुट जाएंगी। आर्किटेक्ट में बैचलर डिग्री और कंजर्वेशन में मास्टर डिग्री हासिल करने वाली अंतरा शर्मा ने बताया कि मठ-मंदिरों के जीर्णोद्धार के काम में सबसे बड़ी चुनौती संत-महंतों को अपनी बात समझाने की होती है और उन्हें यह भी विश्वास दिलाना होता है कि पुराने मठ मंदिरों को नए सिरे से संवारने पर उनका मूल स्वरूप पर कोई भी असर नहीं पड़ेगा। अंतरा शर्मा ने बताया कि वर्तमान में वे हनुमान गढ़ी मंदिर के वीआईपी प्रवेश द्वार को चौड़ा करने का काम कर रही हैं। पहले इसकी चौड़ाई महज 10 फीट थी, जिससे भीड़ बढने पर श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती थी। अब इसे 21 फीट का किया जा रहा है। इसका प्रस्ताव मेरीगोल्ड की ओर से महंत संजय दास महाराज के पास दिया गया था। यह काम आधुनिक और प्राचीन पद्धति को मिलाकर किया जा रहा है। इसके पूर्व अंतरा शर्मा श्रीनगर, दिल्ली, मैसूर, असम समेत कई शहरों में धार्मिक और पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण के लिए काम कर चुकी है।

श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हजारों भक्त

■ **श्री राम भजन में झूमते रहे भक्त**

बलरामपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में हुए श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अलौकिक पल के जिलेवासी साक्षी बने। हनुमान मंदिर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर जिले वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। चांदो चौक के हनुमान मंदिर में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं शहर के श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर रामायण मंडलियों द्वारा भक्तिमय राम भजन की प्रस्तुति की गई। जिसमें श्रोतागण राम भक्ति में झूमते नजर आए। जिला प्रशासन द्वारा अयोध्या में हुए श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को देखने के लिए लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी, जिसको देखने सभी अतिथिगण एवं नागरिकगण शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री राम मंदिर के गर्भ गृह में किए गए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का अलौकिक लाइव प्रसारण देखा और प्रभु श्री राम के बाल्यरूप के अलौकिक छवि का दर्शन किया। जिले वासी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह से ही उत्साहित रहे। कलश यात्रा में प्रभु श्रीराम के जय कारे के बीच प्रभु राम, मां सीता, अनुज लक्ष्मण एवं महाबली हनुमान की वेशभुषा धारण किये हुए छात्र-छात्राएं विशेष आकर्षण का केन्द्र बने। प्रभु राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पूरा जिला मुख्यालय राम मय हो गया। इस पावन दिवस पर नगर के सभी चौक चौराहों को भगवा ध्वज से सुसज्जित किया गया था। वहीं विगत रात्रि से ही मुख्यालय के सभी मुख्य मंदिर भजन कीर्तन से गुंज रहे थे।

जगह-जगह महाभंडारा और अनुष्ठान

■ **देवभूमि राजापारा में ज़िला प्रशासन का ऐतिहासिक रामजन्मोंतस्व मनाया गया**

कांकेर/नवप्रदेश। 500 वर्ष बाद आज 22 जनवरी को अयोध्याधाम में भव्य मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामजी कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया इस खुशी के पल मे एक ओर जहां पूरे देश में भक्तिमय वातावरण बना हुआ था हर व्यक्ति इसमें सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते नज़र आए।सोमवार को पुराना बस स्टैंड में सुबह से ही रामभक्तो ने सुबह से ही राममय माहौल बनाकर भक्ति भाव में विभोर दिखे। इस भक्ति मय वातावरण में कांकेर शहर ही नही पूरे ज़िले भर के सभी शिवालय में विशेष पूजा अर्चना किया गया है। पूजा अर्चना पश्चात भंडारा आयोजित किया गया जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुगण शामिल हुए। इस बीच कांकेर सांसद मोहन मंडावी कांकेर विधानसभा के विधायक आशा नेताम जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल सहित दिग्गजो के साथ नन्हें मुन्ने बच्चो द्वारा आकर्षक वेश भूषा धारण किए भगवान श्रीराम माता सीता और लक्ष्मण के रूप शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा ऊपर नीचे रोड तक निकली गई इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग में दोनो ओर से सड़क को बंद कर भव्य आतिशबाजी दोपहर बाद किया गया जो मस्जिद चौक से पुराने बस स्टैंड आतिशबाजी का अद्भुत नजारा पेश किया गया। तीन बजे से सर्व हिंदू समाज की ओर से प्रसाद वितरण पुराने बस स्टैंड में किया गया ।शाम 05 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है ।कांकेर शहर व जिले के समस्त रामभक्त , भक्ति के इस उल्लासपूर्ण वातावरण का हिस्सा लेकर रामामय माहौल का हिस्सा बने।

मुख्यालय से लगे ग्राम ठेलकबोड बड़े पारा में भी भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुंदर कांड का पाठ,अक्षत कलश यात्रा और प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्थानीय महिला मण्डल के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में योगिता ठाकुर अनिता सिन्हा रामेश्वरी जैन रूखमणी भगवती तामेश्वरी शिखा ललिता माहेश्वरी कुमारी यादव रागनी मनोज साहू अशोक मटियार संजय मटियारा सहित समस्त ग्राम वासी शामिल हुए। इसी तरह चारामा तहसील साहू समाज द्वारा अयोध्या में श्री राम चंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर थाना के सामने महाप्रसादी वितरण कार्यक्रम में विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी के साथ साथ जिलाऔर तहसील साहू समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों और गायत्री परिवार ने निकाली शोभायात्रा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। प्रभु राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर आज पूरा जिला मुख्यालय राम मय हो गया। इस पावन दिवस पर नगर के सभी चौक चौराहों को भगवा ध्वज एवं तोरण से सुसज्जित किया गया था। वहीं विगत रात्रि से ही मुख्यालय के सभी मुख्य मंदिर भजन कीर्तन से गुंज रहे थे। इसके अलावा आज जगह-जगह मानस मन्डलियों द्वारा राम चरित मानस का पाठ किया जा रहा था। आज प्रातः 11 बजे आराध्या मां दन्तेश्वरी मंदिर के प्रांगण से अथाह आस्था और उल्लास के साथ स्कूली बच्चें, गायत्री परिवार एवं आम जन मानसों के द्वारा मां दंतेश्वरी प्रागंण से लेकर बस स्टैण्ड चौक तक कलश एवं शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम के जय कारे के बीच प्रभु राम, मां सीता, अनुज लक्ष्मण एवं महाबली हनुमान की वेशभुषा धारण किये हुए छात्र-छात्राएं विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे।

साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं ने भी परंपरागत पीले वस्त्र धारण करके कलश यात्रा की शोभा बढ़ा दी। ज्ञात हो कि शहर में जगह-जगह प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अयोध्या से सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गयी थी, जहां इस धार्मिक एतिहासिक क्षंण का साक्षी बनने के लिए राम भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। मां दंतेश्वरी प्रागंण को भी रंगोली से सजाया गया था। साथ ही परिसर स्थल में सुरसंगम मानस मंडली चितालंका, ज्ञान गंगा मानस मंडली बचेली, माड़िया मानस मंडली गुमड़ा, श्रद्धा मानस मंडली धरमपुरा कैम्प किरंदुल तथा सत्संग रामायण मंडली बालपेट के द्वारा क्रम से रामचरित मानस का पाठ किया गया। कल रात्रि से ही मुख्यालय के नागरिकों ने रामलला प्राणं प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में घर-घर दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया।

भारी छूट भारी छूट भारी छूट

राजपाल फर्नीचर मॉल

फायनेंस सुविधा उपलब्ध

एक बार पधारकर क्वालिटी रेट अवश्य देखें

मार्केट से 20% कम रेट पर

पलंग, अलमारी ड्रेसिंग, आफिस टेबल, डाइनिंग टेबल, कम्प्यूटर टेबल, चेयर सभी का स्पेशल लाजवाब विशाल रेंज उपलब्ध एवं क्रॉम्पटन पंखा, एसी (AC) फ्रीज, वाशिंग मशीन आदि उपलब्ध

पताः- दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के सामने मेन रोड यदुनंदननगर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)

मो. 9300612345, 9300671120

अनमोल हेल्थ केयर

(इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केन्द्र)

जटिल एवं असाध्य रोगों (पुरानी बिमारियों) का वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार

कैंसर, थाइराइड, मनोरोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मिर्गी, अस्थमा, रक्त की कमी, रक्त विकार, गुर्दे रोग, त्वचा रोग, बांझपन, नशामुक्ति, टी.बी. कुष्ठरोग,हार्मोन्स समस्या जिगर/लिवर रोग, हृदय रोग, किडनी रोग, लकवा रोग, स्त्री रोग (PCOD/PCOS), पैरों/नसों/ कमर/जोड़ो में दर्द की समस्या, सफेद दाग, वजन कम करना / बढ़ाना, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू आदि।

मिलने के लिए अग्रिम पंजीयन करा कर आयें - 9098472777

पता : संतोषी नगर, माटागांव, रिंग रोड नं.1 रायपुर (छ.ग.) मो. 9098472777